दैनिक
केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
RNI No. RAJHIN/2010/31619
Post.Reg No. sikar/041/2016-2018
# नवयत्न
खबरें सड़क से संसद तक
वर्ष: 16 | अंक 355 | सीकर, शनिवार 21 फरवरी 2026 | Email : navyatndainik@gmail.com | मूल्य 1 रुपया | पृष्ठ 8

खबर का असर

## शासन सचिव डॉ समित शर्मा ने लिया संज्ञान, गौशाला प्रकरण की जांच में नया मोड

## निदेशक पंकज ओझा व वरिष्ठ लेखाधिकारी शालिनी शर्मा को सौंपी जिम्मेदारी




जांच से बचने का खेल, आरटीआई को बना दिया फुटबॉल
श्री गोपाल गौशाला में अनियमितता व गोवंश कुप्रबंधन, निष्पक्ष जांच की मांग

कासं

**झुंझुनू (नवयत्न)।** श्री गोपाल गौशाला प्रकरण में आरटीआई को फुटबॉल बनाने और जांच से बचने के खेल को लेकर प्रकाशित खबर का असर सामने आया है। पशुपालन विभाग के शासन सचिव समित शर्मा ने मामले को गंभीरता से लेते हुए त्वरित संज्ञान लिया है और निष्पक्ष जांच के लिए कहा। गौरतलब है कि जांच से बचने का खेल, आरटीआई को बना दिया फुटबॉल शीर्षक से दैनिक नवयत्न में प्रकाशित खबर में पशुपालन विभाग झुंझुनू के उपनिदेशक द्वारा आरटीआई एक्टिविस्ट अशोक कुमार मोदी से आरटीआई का जवाब देने के बजाय ईमेल के जरिए सबूत सहित उपस्थित होने को कहा गया था, जिससे विभाग की कार्यशैली पर सवाल खड़े हुए थे। खबर प्रकाशित होने के बाद पशुपालन विभाग शासन सचिव डॉ समित शर्मा ने त्वरित कार्रवाई करते हुए विभाग के निदेशक आईएएस पंकज ओझा तथा वरिष्ठ लेखाधिकारी आरएएस शालिनी शर्मा को पूरे मामले की जानकारी लेकर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। आरटीआई एक्टिविस्ट मोदी के अनुसार वरिष्ठ लेखाधिकारी शालिनी शर्मा ने शुक्रवार को मोबाइल पर उनसे संपर्क कर पूरे मामले की विस्तृत जानकारी मांगी और संबंधित दस्तावेज उपलब्ध कराने को कहा है। इस घटनाक्रम से संकेत मिल रहे हैं कि अब गौशाला प्रकरण की निष्पक्ष जांच का रास्ता साफहो सकता है। निष्पक्ष जांच होने पर गौशाला में लंबे समय से चल रही अनियमितताओं और संभावित घोटालों का खुलासा हो सकता है, साथ ही गोवंश को सुरक्षित आश्रय और पौष्टिक आहार की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित होने की उम्मीद भी जगी है। उल्लेखनीय है कि सैकड़ों वर्ष पुरानी श्री गोपाल गौशाला में अनियमितताओं को लेकर शिकायतें लंबे समय से सामने आती रही हैं, लेकिन अब तक जिला प्रशासन स्तर पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई थी। दैनिक नवयत्न में समाचार प्रकाशन के बाद विभागीय स्तर पर शुरू हुई हलचल को मामले में महत्वपूर्ण मोड़ माना जा रहा है और अब सभी की नजर आगामी जांच और कार्रवाई पर टिकी हुई है।

# 'प्रेसिडेंट को यह अधिकार नहीं'

## अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने ट्रंप के टैरिफ को बताया अवैध...

नई दिल्ली।

अमेरिका के सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप द्वारा लगाए गए व्यापक वैश्विक टैरिफ को रद कर दिया। कोर्ट ने 6-3 के बहुमत से फैसला सुनाते हुए कहा कि ट्रंप ने आपातकालीन कानून का गलत इस्तेमाल किया और अपने अधिकारों से आगे बढ़कर टैरिफ लगाए। यह मामला उन कंपनियों और 12 अमेरिकी राज्यों द्वारा दायर किया गया था, जो इन टैरिफ से प्रभावित हुए थे। निचली अदालतों ने पहले ही ट्रंप के फैसले को गैरकानूनी बताया था, जिसे सुप्रीम कोर्ट ने भी बरकरार रखा। अमेरिकी संविधान के अनुसार टैक्स और टैरिफ लगाने का अधिकार कांग्रेस के पास है, न कि राष्ट्रपति के पास। लेकिन ट्रंप ने कांग्रेस की मंजूरी के बिना एक विशेष कानून का सहारा लेकर ये टैरिफ लागू किए थे।

### किस कानून के तहत लगाए गए थे टैरिफ?

ट्रंप ने 1977 में बने एक कानून इंटरनेशनल इमरजेंसी इकोनॉमिक पावर्स एक्ट का इस्तेमाल किया था। यह कानून



राष्ट्रीय आपातकाल की स्थिति में व्यापार को नियंत्रित करने की अनुमति देता है। हालांकि, इस कानून में टैरिफ शब्द का सीधे उल्लेख नहीं है।

ट्रंप पहले ऐसे राष्ट्रपति बने जिन्होंने आईईईपीए के तहत टैरिफ लगाए। इससे पहले इस कानून का इस्तेमाल दुश्मन देशों पर आर्थिक प्रतिबंध लगाने या उनकी संपत्ति फ्रीज करने के लिए किया जाता था। ट्रंप प्रशासन का तर्क था कि आईईईपीए राष्ट्रपति को आयात को नियंत्रित करने की अनुमति देता है और उसी आधार पर टैरिफ लगाए गए। लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने इस दलील को खारिज कर दिया। ट्रंप का तर्क-ट्रंप ने इन टैरिफ को अमेरिका की आर्थिक सुरक्षा के लिए जरूरी बताया था। उनका कहना था कि बिना टैरिफ के अमेरिका कमजोर हो जाएगा और दूसरे देश उसका फायदा उठाते रहेंगे। उन्होंने खासतौर पर चीन का नाम लिया था। 2 अप्रैल को लिबरेशन डे कहकर ट्रंप ने ज्यादातर व्यापारिक साझेदार देशों पर रिसिप्रोकल यानी जवाबी टैरिफ लगाने की घोषणा की थी। इससे पहले फरवरी और मार्च 2025 में उन्होंने चीन, कनाडा और मैक्सिको पर भी टैरिफ लगाए थे। उन्होंने इसे फेंटानिल और अन्य नशीले पदार्थों की तस्करी से जुड़ा राष्ट्रीय आपातकाल बताया था। ट्रंप ने टैरिफ का इस्तेमाल दूसरे देशों पर दबाव बनाने के लिए भी किया। इसमें ब्राजील द्वारा पूर्व राष्ट्रपति जायर बोल्सोनारो पर मुकदमा चलाना, भारत द्वारा रूसी तेल की खरीद और कनाडा के ओंटारियो प्रांत का एंटी-टैरिफ विज्ञापन जैसे मुद्दे शामिल थे।

## लोहिया स्कूल के विद्यार्थियों ने जीते गोल्ड मेडल

निसं

**चिड़ावा (नवयत्न)।** आईआईटी बॉम्बे के सौजन्य से आयोजित इंटरनेशनल जनरल नॉलेज ओलंपियाड परीक्षा में लोहिया पब्लिक स्कूल चिड़ावा के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय को गौरवान्वित किया। कक्षा 1 से 5 तक के कुल 65 विद्यार्थियों ने इस प्रतिष्ठित परीक्षा में भाग लिया, जिनमें से 49 विद्यार्थियों ने गोल्ड मेडल तथा 15 विद्यार्थियों ने गोल्ड मेडल ऑफ एक्सीलेंस प्राप्त कर उत्कृष्ट सफलता अर्जित की। तनुश, अमायरा, अजय, जयंत, मुस्तफा, यमन, दिव्यांशी, अवनी, अयान्शी, मिस्टी, भावी, तन्मय, प्रांजल, अंशु, जीविका, अनुष्का, पार्थ, अयान, हरीश, मयंक, हिमांशी, दिव्या, आराध्या, मिटोन्श, सुशील, नक्श, मोहित इन परीक्षार्थियों ने 19 हजार रुपए के गिफ्ट चेक प्राप्त करके अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। निदेशक रामसिंह नेहरा, जगपाल यादव, अभय सिंह बडेसरा, सचिव प्रदीप नेहरा, चेयरपर्सन ममता नेहरा, प्रधानाचार्य प्रमिला झाझड़िया, पूर्णमल गजराज ने मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया। प्रधानाचार्या प्रमोदिनी दुबे ने कहा कि विद्यार्थियों की यह उपलब्धि उनकी मेहनत, अभिभावकों के सहयोग एवं शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है।




## राज्यपाल ओम माथुर का किया अभिनंदन

निसं



**जयपुर (नवयत्न)।** सिक्किम के राज्यपाल ओम प्रकाश माथुर के जयपुर आगमन पर महावीर स्कूल एलुमिनी एसोसिएशन के अध्यक्ष वरिष्ठ समाजसेवी राजू मंगौड़ीवाला ने उनका आत्मीय स्वागत कर अभिनंदन किया। इस अवसर पर एसोसिएशन के सचिव डॉ. साकेत माथुर भी उपस्थित रहे। शिष्टाचार भेंट के दौरान राज्यपाल महोदय को देश विदेश जे जुड़े छात्रों की सबसे वृहद एलुमिनी भगवान महावीर स्कूल एसोसिएशन की पूर्व व वर्तमान गतिविधियों, सामाजिक सरोकारों तथा प्रस्तावित कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। पूर्व विद्यार्थियों के नेटवर्क को सशक्त बनाने एवं शैक्षणिक सहयोग की दिशा में भी सकारात्मक चर्चा हुई। जयपुर ज्वैलर एसोसिएशन के उपाध्यक्ष राजू मंगौड़ीवाला ने व्यापारियों द्वारा स्वागत हेतु राज्यपाल महोदय को अपने निवास पर पधारने का निमंत्रण दिया।


## नि:शुल्क चिकित्सा शिविर में 267 मरीज लाभान्वित



सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर (नवयत्न)।** जयपुर रोड, सीकर स्थित प्रिंस हॉस्पिटल द्वारा गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने एवं स्वास्थ्य के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से कुंडलपुर ग्राम में नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुंडलपुर सहित आंतरी, बिडोली, चोखा का बास, मंडावरा आदि समीपवर्ती क्षेत्रों के लोगों ने बड़ी संख्या में शामिल होकर नि:शुल्क चिकित्सा सुविधाओं का लाभ उठाया। कैम्प में स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ, फिजिशियन, ऑर्थोपेडिशियन, जनरल सर्जन, ईएनटी सर्जन, पीडियाट्रिशियन, साइकेट्रिस्ट, डर्मेटोलॉजिस्ट तथा डेंटल सर्जन की बड़ी विशेषज्ञ टीम द्वारा 267 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक उपचार एवं नि:शुल्क दवाईयां प्रदान की गई। शिविर में भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष हरिराम रणवां, प्रिंस एजुहब निदेशक जोगेंद्र सुण्डा, सरपंच सुरेश मीणा, उपसरपंच राजेश ढाला, बाबूलाल यादव, रामस्वरूप यादव, राजकुमार यादव, सुरेश कुमार, अंकित, अमीन यादव, प्रहलाद ताखर, ओमप्रकाश, प्रहलाद यादव, यश यादव सहित अनेक गणमान्यजन शरीक हुए।

कोबरी-सार




## शहर के मुख्य मार्गों से निकली मातृ शक्ति शौर्य वाहन रैली



निसं

**नवलगढ़ (नवयत्न)।** नवलगढ़ में पहली बार हुई मातृशक्ति शौर्य वाहन रैली का शुभारंभ शुक्रवार को घेर का मंदिर से हुआ। रैली मुख्य मार्गों से होती हुई सूर्यमंडल रामलीला मैदान में पहुंची जहां पर हिंदू सम्मेलन कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर चर्चा हुई। रैली में सैकड़ों की संख्या में मातृशक्ति ने दुपहिया वाहनों पर सवार होकर भाग लिया। रैली की व्यवस्थाओं में सहयोग करने वाले कार्यकर्ताओं में समिति के अध्यक्ष शिवरतन मुरारका, संयोजक रामकुमार सिंह राठौड़, सह संयोजक राममोहन सेकसरिया, नगर कार्यवाह कमल किशोर पंवार, श्रीकांत मुरारका, विश्वनाथ जोशी, दीनानाथ रूंथला, रामस्वरूप घुघरवाल, मोहनलाल चूड़ीवाल, हरिराम सैनी, पवन शर्मा, श्याम सुंदर सेकसरीया, अजय चिरानिया, सूर्यप्रकाश पीपलवा, अशोक शर्मा, शंकर गुर्जर, पंकज सैनी, खंड प्रचारक अभिषेक कुमार, यश मिश्रा सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे। सर्व हिंदू समाज की ओर से आज दोपहर सवा दो बजे से सूर्यमण्डल में विराट हिन्दू सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में धर्म सभाए संत प्रवचन एवं प्रसिद्ध भजन सम्राट प्रकाश माली द्वारा देशभक्ति गीत होंगे। आयोजन समिति के अध्यक्ष शिवरतन मुरारका ने बताया कि कार्यक्रम में महंत दिनेश गिरी महाराज, महंत योगी चेतननाथ महाराज, महंत योगी जीतनाथ महाराजए महंत ओमनाथ महाराजए अवधेशाचार्य महाराजए योगी मोहननाथ महाराज, महंत महावीर जती महाराज, साध्वी डॉ योगश्रीनाथ महाराज सहित शेखावाटी के अनेक साधु संत पधारेंगे। इस अवसर पर समाज में विशिष्ट कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित किया जाएगा।

कार्यक्रम का संचालन प्रसिद्ध हास्य कवि हरीश हिंदुस्तानी करेंगे। आज होने वाली भव्य कलश यात्रा ठीक सवा 1 बजे गणेश मंदिर, गायत्री मंदिर व महर्षि मंगलदत्त स्मारक भवन से कलश यात्रा व शोभायात्रा शुरू होगी। जिनका त्रिवेणी संगम होकर सूर्य मण्डल पहुंचेगी। कलश यात्रा सम्पन्न होने के पश्चात लक्की ड्रा निकाला जाएगा। आयोजन समिति के संयोजक रामकुमार राठौड़ ने बताया कि कार्यक्रम की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं और सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। बस्ती बस्ती में युवा कार्यकर्ताओं की टोली लगी हुई है। हिन्दू सम्मेलन को लेकर पूरे नगर में उत्साह का वातावरण बना हुआ है।

## जिले में 219254 व्यक्तियों ने स्वेच्छा से खाद्य सुरक्षा योजना का लाभ छोड़ा

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर (नवयत्न)।** मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के मार्गदर्शन में राज्य सरकार निरन्तर वंचित वर्गों के उत्थान के लिये कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री के स्पष्ट निर्देश है कि अंतिम पंक्ति में खड़े लोगों को सरकारी योजनाओं से जोड़कर लाभान्वित किया जाये ताकि वे समाज की मुख्यधारा से जुड़ सके। खाद्य सुरक्षा प्रदान करने के संबंध में निर्धारित मापदण्ड : परिवार जिसमें कोई आयकर दाता हो, परिवार जिसका कोई सदस्य सरकारी, अर्द्धसरकारी, स्वायत्तशासी संस्थाओं में कर्मचारी हो, एक लाख रूपये से अधिक वार्षिक पारिवारिक आय हो एवं परिवार में किसी सदस्य के पास चार पहिया वाहन हो ट्रेक्टर आदि जीवीकोपार्जन में प्रयुक्त वाहन को छोड़कर निष्कासन सूची में शामिल है। जिला रसद अधिकारी सीकर विजेंद्र पाल ने बताया कि 1 नवम्बर 2024 से प्रारम्भ गिव अप अभियान में आज तक राजस्थान में 48 लाख 87 हजार व्यक्तियों ने स्वेच्छा से खाद्य सुरक्षा योजना का लाभ छोड़ा तथा सीकर जिले में 219254 व्यक्तियों ने स्वेच्छा से खाद्य सुरक्षा योजना का लाभ छोड़ा है। गिव अप अभियान में सीकर जिले में 1186 अपात्र लोगों को नोटिस जारी किये गये, जिनसे वसूली की कार्यवाही की जायेगी। गिव अप अभियान में अब प्रत्येक उचित मूल्य दुकान पर खाद्य विभाग के प्रवर्तन अधिकारी एवं प्रवर्तन निरीक्षक औचक निरीक्षण करने के साथ ही खाद्य सुरक्षा में चयनित अपात्र लोगों को नोटिस जारी करेंगे। प्रत्येक प्रवर्तन अधिकारीए निरीक्षक अब रोजना उचित मूल्य दुकानों पर पहुंचकर अपात्र व्यक्तियों की उचित मूल्य दुकानदारो के सहयोग से सूची तैयार करेंगे.

## अंतर्राष्ट्रीय न्याय दिवस पर विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

निसं

**चिड़ावा (नवयत्न)।** पुलिस थाना परिसर में शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय न्याय दिवस के अवसर पर तालुका विधिक सेवा समिति द्वारा एक विशेष विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से आमजन को न्याय के मूल तत्वों और उनके संवैधानिक अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मोहनलाल बेदी रहे। अध्यक्षता चिड़ावा अभिभाषक संघ के अध्यक्ष विजय गुरावा ने की। इस दौरान थाना अधिकारी आशाराम गुर्जर ने भी उपस्थित रहकर विधिक सेवाओं की महत्ता पर प्रकाश डाला और पुलिस प्रशासन की ओर से सहयोग का आश्वासन दिया। कार्यक्रम का संचालन अधिवक्ता लोकेश शर्मा ने किया। शिविर में वक्ताओं ने



कहा कि न्याय व्यवस्था का मूल आधार समानता है। वक्ताओं ने जोर देकर कहा कि किसी भी व्यक्ति के साथ भाषा, जाति, धर्म, लिंग या आर्थिक आधार पर भेदभाव नहीं होना चाहिए। सभी नागरिकों को समान रूप से न्याय मिलना ही एक स्वस्थ लोकतांत्रिक व्यवस्था की आधारशिला है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर न्याय की पहुंच हर व्यक्ति तक सुनिश्चित करना इस दिवस का मुख्य ध्येय है।

शोक संदेश



हमारी पूजनिया
श्रीमती गिन्नी देवी चेतीवाल
(धर्मपत्नी श्री ओमप्रकाश चेतीवाल)
का स्वर्गवास दिनांक 19-2-2026 को हो गया है।
जिनकी नियमित बैठक 19-02-2026 से
01-03-2026 तक जारी रहेगी।

शोकाकुल
श्रीमती गीता देवी-स्व. राजू चेतीवाल, श्रीमती धोली देवी-स्व. रमेश चेतीवाल (देवरानी-देवर)। श्रीमती पूनम-रामसिंह चेतीवाल (अध्यक्ष शहर कांग्रेस कमेटी, सूरजगढ़) श्रीमती बबीता-भागीरथ चेतीवाल NRI, श्रीमती ममता- रंगलाल चेतीवाल (ASI ITBPolice) (बहू-बेटा)। अनिल चेतीवाल Er., अमित चेतीवाल NRI, विकाश चेतीवाल NRI, राहुल चेतीवाल NRI, मोनिका चेतीवाल, पिंकी चेतीवाल (बेटा-बेटी)। रोहित चेतीवाल, भावना चेतीवाल, कार्तिक चेतीवाल, आदित्य चेतीवाल (पौत्र-पौत्री)।
पता-खटीकान मोहल्ला, वार्ड नं 8, सूरजगढ़

# कान्हा ग्रुप पर आयकर छापेमारी मामला

## टीम को खुफिया स्ट्रॉन्ग रूम से मिली करोड़ों की ज्वेलरी

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजस्थान की प्रसिद्ध फुड चेन कान्हा रेस्टोरेंट समूह पर इनकम टैक्स डिपार्टमेंट आयकर विभाग की कार्रवाई शुक्रवार तीसरे दिन भी जारी रही। बुधवार सुबह शुरू हुई इस समन्वित छापेमारी में जयपुर सहित छह शहरों और मुंबई तक फैले 33 ठिकानों पर सर्च किया जा रहा है। जयपुर में सर्वाधिक 26 परिसरों–कार्यालय, गोदाम और अन्य प्रतिष्ठानों–की जांच चल रही है। आयकर विभाग के अधिकारियों को कार्रवाई के दौरान एक ठिकाने पर दीवार के पीछे बना खुफिया कक्ष मिला। संदेह होने पर दीवार तोड़ी गई तो भीतर मजबूत स्ट्रॉन्ग रूम मिला। जहां से करीब पांच करोड़ रुपये मूल्य की ज्वेलरी बरामद हुई। सरकारी मूल्यांकनकर्ता आभूषणों का आकलन कर रहे हैं। अब तक करीब एक करोड़ रुपये नकद भी जब्त किए जा चुके हैं। उससे यह साफ है कि यह टैक्स चोरी का आंकड़ा सौ करोड़ रुपये को पार कर जाएगा। इसके अलावा टीम को दस बैंक लॉकरों की और जानकारी मिली है। उन्हें खुलवाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। सूत्रों के अनुसार लॉकरों में बेनामी संपत्तियों से जुड़े दस्तावेज और सोना मिलने की आशंका है। जांच का दायरा रेस्टोरेंट कारोबार से आगे बढ़कर रियल एस्टेट निवेश तक पहुंच गया है। आमेर स्थित ताज होटल और कूकस के कुंदन वन होटल में निवेश की कड़ियां खंगाली जा रही हैं। विभाग को संदेह है कि लाभ कम दिखाकर धन को आलीशान संपत्तियों में लगाया गया। आयकर टीमें बैंक खातों, डिजिटल रिकॉर्ड, नकद लेन–देन, प्रॉपर्टी दस्तावेज और इलेक्ट्रॉनिक डेटा की गहन जांच कर रही हैं। बड़ी मात्रा में फाइलें व डिजिटल साक्ष्य जब्त किए गए हैं। कार्रवाई की गंभीरता को देखते हुए छापेमारी आगे भी जारी रहने की संभावना है।

# रेलिंग तोड़ स्कॉर्पियो में घुसी लोहे की रॉड

## सीने में धंसी एंगल से चालक की मौत

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** मुरलीपुरा थाना क्षेत्र में शुक्रवार अलसुबह हुए भीषण सड़क हादसे में 28 वर्षीय युवक की मौत हो गई। तेज रफ्तार स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर सड़क के बीच बनी लोहे की रेलिंग और जाली तोड़ते हुए उसमें जा घुसी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि लोहे का एंगल वाहन का शीशा चीरता हुआ चालक के सीने में जा धंसा। हेड कांस्टेबल रविंद्र कुमार ने बताया कि हादसे में आनंद सिंह शेखावत 28 निवासी सुंदर विहार करधनी की मौत हुई है। वह स्कॉर्पियो चला रहा था। उसके साथ उसका दोस्त शक्ति प्रताप 22 निवासी मुरलीपुरा बैठा था। जो इस हादसे में बाल–बाल बच गया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार दोनों दोस्त गुरुवार रात किसी कार्य से निकले थे। रात करीब 2:40 बजे दादी का फाटक से मुरलीपुरा की ओर जाते समय केडिया चौराहे के पास वाहन का संतुलन बिगड़ गया और वह रेलिंग से जा टकराया। सूचना पर मुरलीपुरा थाना पुलिस और दुर्घटना थाना पश्चिम की टीम मौके पर पहुंची। फायर ब्रिगेड की मदद से कटर से लोहे की रॉड काटकर युवक को बाहर निकाला गया और एम्बुलेंस से कांवटिया अस्पताल भिजवाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहन को क्रेन से हटवा कर जांच शुरू कर दी है।

# जयपुर पुलिस ने गिग वर्कर्स की कुंडली खंगाली

## सौलह हजार डिलीवरी बॉय का किया पुलिस वेरिफिकेशन

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजधानी में लोगों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जयपुर पुलिस ने ऑनलाइन डिलीवरी प्लेटफॉर्म से जुड़े डिलीवरी बॉयज और गिग वर्कर्स का बड़े स्तर पर पुलिस वेरिफिकेशन अभियान शुरू कर दिया गया है। पिछले दो महीनों में पुलिस ने सौलह हजार से अधिक गिग वर्कर्स का चरित्र सत्यापन किया है। जिनमें से कई लोगों का आपराधिक रिकॉर्ड सामने आया है। डीसीपी दक्षिण राजर्षि राज ने बताया कि ये सभी लोग विभिन्न ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से घर–घर जाकर सामान की डिलीवरी करते हैं। ऐसे में यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि किसी भी आपराधिक पृष्ठभूमि का व्यक्ति इस काम के जरिए लोगों के घरों तक न पहुंचे। डीसीपी दक्षिण ने बताया कि अब तक करीब 16 हजार 500 गिग वर्कर्स का डेटा जुटाकर उनकी पृष्ठभूमि की जांच की गई है। जांच के दौरान कई लोगों के खिलाफ पहले से आपराधिक मामले दर्ज पाए गए हैं। पुलिस ने संबंधित कंपनियों को इन लोगों के बारे में सूचित कर दिया है और ऐसे गिग वर्कर्स पर निगरानी रखी जा रही है। साथ ही उन्हें पाबंद करने की कार्रवाई भी की जा रही है। पुलिस का कहना है कि डिलीवरी बॉयज अक्सर घरों तक पहुंचते हैं, जहां उनका सामना महिलाओं, बच्चों और अकेले रहने वाले बुजुर्गों से होता है। इसलिए उनका बैकग्राउंड जानना बेहद जरूरी है। कई कंपनियों ने अपने कर्मचारियों का रिकॉर्ड पुलिस को उपलब्ध करा दिया है, जबकि कुछ कंपनियों से अभी भी जानकारी मंगाई जा रही है। पुलिस का कहना है कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा और शेष गिग वर्कर्स का सत्यापन भी जल्द पूरा किया जाएगा।

# ब्राह्मण समाज ने किया कथा वाचक लाल गोविंद दास महाराज का अभिनंदन



निलेश मुद्गल

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** कारुंडिया रोड स्थित स्काउट गाइड मैदान में हो रही श्रीमद्भागवत महापुराण कथा सप्ताह के समापन अवसर पर व्यास पीठ पर वाचन कर रहे कथावाचक इस्कॉन मंदिर अमेरिका के लाल गोविंद दास महाराज का ब्राह्मण समाज के पदाधिकारियों ने समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष उमाशंकर महमिया की संयोजन में माला, दुपट्टा, साफा पहनाकर व गौमाता का प्रतीक चिह्न भेंट कर स्वागत कर अभिनंदन किया। इस अवसर पर पीठ व्यास पर विराजमान लाल गोविंद दास महाराज ने कहा कि ब्राह्मण व गौ माता की सेवा कलियुग में भवसागर से तारने वाली है। भू देवता के रूप में वेद पाठी ब्राह्मण भटके हुए मनुष्यों को सही मार्ग दिखाकर मोक्ष की ओर प्रेरित करने वाले है और गौ माता की पूजा व सच्ची सेवा समस्त देवी देवताओं की पूजा सेवा है। इस अवसर पर विप्र फाउंडेशन जिलाध्यक्ष कमलकांत शर्मा, गौड़ ब्राह्मण महासभा के कार्यकारी अध्यक्ष प्रदीप शर्मा अलसिसर, जिला महामंत्री शिवचरण पुरोहित, एडवोकेट सुशील जोशी एवि फा कोषाध्यक्ष राकेश सहल, वशिष्ठ कुमार शर्मा, विकास पुरोहित, पवन पुजारी, पंडित हरि किशन शुक्ला, सुरेंद्र जोशी, विनोद पुरोहित, विप्र फाउंडेशन तहसील अध्यक्ष अनिल जोशी, पुरुषोत्तम चौरासिया, सुरेंद्र शर्मा, सुरेंद्र भीमसरिया, अमित पांडे, सुधीर चौमाल मलसीसर, दीपक शर्मा टोड़का सहित बड़ी संख्या में विप्रजन उपस्थित रहे।

# आमेर मावठा सरोवर फिर होगा गुलजार : कल से पर्यटकों के लिए शुरू होगी नाव सेवा

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** विश्व प्रसिद्ध आमेर महल की तलहटी स्थित मावठा सरोवर में करीब दो दशक बाद फिर से बोटिंग सेवा शुरू की जा रही है। लगभग 20 वर्षों के लंबे इंतजार के बाद यहां ट्रायल संचालन प्रारंभ कर दिया गया है। जिससे आमेर क्षेत्र में उत्साह का माहौल है। परियोजना प्रभारी सुमित सिंह ने बताया कि 22 फरवरी को दोपहर 2 बजे से ट्रायल शुरू होगा। ट्रायल सफल रहने पर इसी दिन से आम पर्यटकों के लिए आधिकारिक संचालन आरंभ कर दिया जाएगा। बोटिंग संचालन का अनुबंध पर्यटन विभाग ने जसराज



इंफ्रा को दिया है। कंपनी ने सरोवर पर दो जेटी स्थापित की हैं। उन्होंने बताया कि पहले चरण में 25 पैडल बोट, 5 कश्मीरी शैली की शिकारा, 20 सीटर और 30 सीटर लग्जरी बोट संचालित की जाएंगी। 30 सीटर लग्जरी बोट विशेष आकर्षण रहेगी, जबकि हेरिटेज लुक वाली नावें भी जल्द शामिल की जाएंगी। किराया दरें शीघ्र घोषित की जाएंगी। वहीं अधिकारियों की निगरानी में सुरक्षा मानकों, जेटी प्रबंधन और रेस्क्यू सिस्टम का परीक्षण किया जा रहा है। सभी पर्यटकों को लाइफ जैकेट दी जाएगी तथा प्रशिक्षित नाविक, गोताखोर और रेस्क्यू बोट तैनात रहेंगी। हरी–भरी अरावली पहाड़ियों के बीच शांत जल में आमेर महल का प्रतिबिंब और तैरती नावें पर्यटकों को विशेष अनुभव देंगी। पर्यटन विभाग ने कालबेलिया नृत्य जैसे सांस्कृतिक कार्यक्रम और भविष्य में लाइट एंड साउंड शो की भी योजना बनाई है। सरोवर की स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण को प्राथमिकता दी जाएगी। पर्यटन विभाग के अधिकारियों के अनुसार पर्यटकों के लिए बोटिंग करने का किराया भी जल्द तय किया जाएगा। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए लाइफ जैकेट, प्रशिक्षित नाविक और आपातकालीन व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। इसके साथ ही मावठा सरोवर की स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का भी विशेष ध्यान रखा जाएगा। वरिष्ठ टूरिस्ट गाइड महेश कुमार शर्मा ने बताया कि आमेर महल विश्व प्रसिद्ध है। आमेर महल में बोटिंग की नई शुरुआत हो रही है। अब आमेर आने वाले देसी विदेशी पर्यटक बोटिंग का भी आनंद ले सकेंगे। इससे पर्यटक काफी आकर्षित होंगे। बोटिंग की शुरुआत होने से पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा और इससे रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे।

# जयपुर पुलिस कमिश्नर आज करेंगे जनसुनवाई

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल शनिवार को दोपहर 12 से 2 बजे तक सामुदायिक केंद्र श्रीराम नगर कॉलोनी सांगानेर नगर निगम कार्यालय सांगानेर के पीछे पर उपस्थित रह कर जनसुनवाई करेंगे। इस दौरान सांगानेर सर्किल के सांगानेर, प्रताप नगर, रामनगरिया एवं मालपुरा गेट पुलिस थाने क्षेत्र के परिवादियों की जनसुनवाई की जाएगी। जनसुनवाई का उद्देश्य संबंधित क्षेत्र के परिवादियों की समस्याओं का तुरंत निस्तारण करते हुए आमजन को राहत पहुंचाना है। इससे पूर्व जयपुर पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल एसीपी कार्यालय झोटवाड़ा में जनसुनवाई कर परिवादियों की समस्या का निस्तारण कर चुके है।

# राजस्थान हाईकोर्ट को फिर मिली बम से उड़ाने की धमकी

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** हाईकोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी का यह सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। जिसके चलते राजस्थान हाईकोर्ट की जयपुर पीठ को शुक्रवार को एक बार फिर बम से उड़ाने की धमकी दी गई। इस बार धमकी भरे मेल में सीधे तौर पर सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश सीजेआई जस्टिस सूर्यकांत के दौरे को रद्द करने की चेतावनी दी गई थी। मेल में लिखा था कि सीजेआई का दौरा कैंसिल कराओ, दोपहर 12 बजे तक हाईकोर्ट खाली कर दो यहां आरडीएक्स प्लांट किया गया है।

इस सूचना के बाद पूरे परिसर में हड़कंप मच गया और आनन–फानन में सघन तलाशी अभियान शुरू किया गया। पिछले चार महीनों में 10वां अवसर है जब कोर्ट को डराने की कोशिश की गई है। पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण राजर्षि राज के अनुसार धमकी मिलते ही बम निरोधक दस्ता बीडीडीएस और डॉग स्क्वायड मौके पर पहुंचे। कोर्ट रूम से लेकर पार्किंग तक चप्पा–चप्पा छाना गया। करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद जब कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। तब प्रशासन ने राहत की सांस ली। तलाशी के कारण न्यायिक कार्य प्रभावित हुआ और सुबह 10:30 के बजाय करीब 11 बजे सुनवाई शुरू हो सकी। इधर पुलिस की साइबर टीम धमकी भरे मेल करने की जांच कर रही है। जिससे पता लगाया जा सके कि यह ई–मेल किस आईपी एड्रेस से भेजा गया है। गौरतलब है कि शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस सूर्यकांत जयपुर के दौरे पर हैं। इसी दौरे को निशाना बनाने के उद्देश्य से यह धमकी दी गई थी। इससे पहले गुरुवार को भी इसी तरह का मेल मिला था, जिससे सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट मोड पर हैं। ज्ञात रहे कि 31 अक्टूबर 2025 को पहली बार मेल आया था। इसके बाद 5, 8, 9, 10 और 11 दिसंबर को लगातार धमकियां मिलीं। साल 2026 में भी 6, 17 और 19 फरवरी के बाद अब शुक्रवार को फिर यह हरकत दोहराई गई। साइबर लॉ एक्सपर्ट वकील आदर्श सिंघल के अनुसार आरोपी अपनी पहचान छुपाने के लिए वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क वीपीएन का इस्तेमाल कर रहे हैं। इसमें आईपी एड्रेस बार–बार बदलता है, जिससे लोकेशन ट्रेस करना मुश्किल होता है। हालांकि वीपीएन प्रोवाइडर कंपनियों से डेटा हासिल कर आरोपी तक पहुंचा जा सकता है, लेकिन यह एक जटिल और लंबी प्रक्रिया है।

# नि:शुल्क चिकित्सा शिविर 24 व 25 को

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** पारू आयुष हॉस्पिटल में 24 व 25 फरवरी को नि:शुल्क आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी शिविर डॉ. एम के योगी ने दी। डॉ. योगी ने बताया कि शिविर में आयुर्वेद, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति के माध्यम से रोगियों को नि:शुल्क परामर्श एवं उपचार उपलब्ध कराया जाएगा। शिविर में मधुमेह, मोटापा, जोड़ों व कमर दर्द, साइटिका, पाइल्स, त्वचा रोग, माइग्रेन सहित विभिन्न रोगों के उपचार की सुविधा रहेगी। शिविर का समय प्रात: 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक रहेगा। शिविर दाराजी की ढाणी, विधि कॉलेज से रामपुरा पूर्वी रोड, झुंझुनूं–जयपुर बाइपास रोड पर आयोजित होगा।

# मोबाइल की लत बनती मानसिक महामारी : सैनी

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** मोबाइल आज लोगों की दिनचर्या का अहम हिस्सा बन चुका है, लेकिन इसका अत्यधिक उपयोग मानसिक और सामाजिक जीवन पर गंभीर असर डाल रहा है। मनोचिकित्सक डॉ. लवेश सैनी ने सलाह दी है कि अनियंत्रित मोबाइल उपयोग धीरे–धीरे मानसिक स्वास्थ्य के लिए खतरा बनता जा रहा है। डॉ. सैनी के अनुसार युवाओं में देर रात तक मोबाइल चलाने की आदत तेजी से बढ़ रही है। मोबाइल से निकलने



वाली ब्लू लाइट नींद के हार्मोन मेलाटोनिन को प्रभावित करती है, जिससे नींद की कमी, चिड़चिड़ापन, एंग्जायटी और डिप्रेशन जैसी समस्याएं बढ़ रही हैं। सोशल मीडिया पर दूसरों की जीवनशैली से लगातार तुलना करने से आत्मविश्वास पर भी असर पड़ रहा है। बच्चों और छात्रों में मोबाइल का अत्यधिक उपयोग पढ़ाई और एकाग्रता को प्रभावित कर रहा है। लगातार स्क्रीन देखने से ध्यान भटकता है और पढ़ाई में रुचि कम होती जा रही है। कई मामलों में फोन छीनने पर बच्चों में गुस्सा और आक्रामक व्यवहार भी देखने को मिलता है। आउटडोर गतिविधियां घटने से मोटापा और आंखों से जुड़ी समस्याएं भी बढ़ रही हैं। उन्होंने बताया कि युवाओं और वयस्कों में फोमो यानी कुछ छूट जाने का डर लोगों को बार–बार मोबाइल चेक करने के लिए मजबूर करता है। इसका असर पारिवारिक रिश्तों पर भी पड़ रहा है और संवाद कम होता जा रहा है। डॉ. सैनी का कहना है कि मोबाइल का उपयोग सीमित करना, घर में कुछ स्थानों को गैजेट–फ्री रखना, सप्ताह में एक दिन डिजिटल डिटॉक्स अपनाना और परिवार के साथ समय बिताना जरूरी है। यदि मोबाइल के कारण नींद, व्यवहार या कामकाज प्रभावित होने लगे तो इसे नजरअंदाज न करें और विशेषज्ञ से सलाह लें।

# 33 हजार केवी लाइन की चपेट में आने से मजदूर की मौत

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** हरमाड़ा थाना क्षेत्र में निर्माण कार्य के दौरान करंट लगने से एक मजदूर की मौत हो गई। गंभीर रूप से झुलसे मजदूर को एसएमएस अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार दूदू के मोजमाबाद निवासी हेमराज बैरवा 35 विजय नगर विस्तार में एक निर्माणाधीन मकान पर ठेकेदार बनवारी लाल के यहां मजदूरी कर रहा था। गत दिनों पहले वह मकान की छत पर लोहे का जाल काटने का कार्य कर रहा था। इसी दौरान मकान के पास से गुजर रही 33 हजार केवी बिजली लाइन की चपेट में आ गया। करंट लगने से वह गंभीर रूप से झुलसकर छत पर ही गिर पड़ा। साथी मजदूरों ने उसे तत्काल अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उपचार शुरू किया, लेकिन हालत गंभीर होने के कारण उसकी मौत हो गई। मेडिकल सूचना पर पुलिस अस्पताल पहुंची और कानूनी प्रक्रिया पूरी की। मृतक के पिता मदनलाल ने ठेकेदार पर सुरक्षा उपायों में लापरवाही का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# राजस्थान विधानसभा : बजट सत्र में गूंजा पत्रकार हितों का मुद्दा

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजस्थान विधानसभा के बजट सत्र में पत्रकारों के हितों से जुड़ा महत्वपूर्ण विषय सदन में प्रभावी ढंग से उठाया गया। भीलवाड़ा के निर्दलीय विधायक अशोक कुमार कोठारी ने पर्ची के माध्यम से पत्रकारों की सुरक्षा, सम्मान और सामाजिक सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर सरकार का ध्यान आकर्षित किया। सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा ने भी इसका पुरजोर समर्थन किया। कोठारी ने कहा कि पत्रकार समाज में महत्वपूर्ण दायित्व निभाते हैं। वे लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में जनहित के मुद्दों को सामने लाते हैं। इसलिए उनके लिए प्रोटेक्शन एक्ट, सम्मान निधि में वृद्धि, आरजीएचएस में ओपीडी सुविधा तथा आवासीय भूखंड/कॉलोनी योजना लागू की जानी चाहिए। सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा ने अशोक कोठारी के प्रस्ताव का समर्थन करते हुए कहा कि यह अत्यंत महत्वपूर्ण और जनहित से जुड़ा विषय है। उन्होंने पत्रकारों के लिए एक उच्च स्तरीय समिति गठित करने और आवासीय व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की। शर्मा ने कहा कि अधिस्वीकृत और गैर–अधिस्वीकृत पत्रकारों के बीच बनी खाई को समाप्त किया जाना चाहिए। साथ ही, फर्जी अधिस्वीकृति की प्रवृत्ति पर भी रोक लगनी चाहिए। गोपाल शर्मा ने कहा कि पत्रकार और सैनिक दोनों ही राष्ट्र सेवा में समर्पित हैं। सैनिक जहां सीमा पर देश की रक्षा करता है, वहीं पत्रकार समाज के बीच रहकर सत्य और जनहित की रक्षा करता है। इसलिए चिकित्सा सुविधाओं या अन्य कल्याणकारी योजनाओं में दोनों के बीच भेदभाव नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि पत्रकार मजबूत होंगे, मीडिया संस्थान मजबूत होंगे और मीडिया संस्थान मजबूत होंगे तो भारत भी मजबूत होगा। विधायक शर्मा ने समर्पित पत्रकार मुक्ति नाथ का उदाहरण देते हुए कहा कि कई योग्य पत्रकार वर्षों से सक्रिय होने के बावजूद अधिस्वीकृति से वंचित हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व में ऐसी गौरवशाली परंपरा रही है जब लगभग 18 पत्रकारों ने भूमि के लिए आवेदन नहीं किया था, फिर भी तत्कालीन सरकार ने उनकी पात्रता को मानते हुए उन्हें लाभ प्रदान किया था। ऐसी संवेदनशीलता फिर से दिखाई जानी चाहिए। शर्मा ने कहा कि संविधान ने 1950 में ही मीडिया संस्थानों और पत्रकारों के हितों की रक्षा की भावना व्यक्त की है। जब संविधान संस्थानों को पत्रकारों के हितों का ध्यान रखने का निर्देश देता है तो यह सरकार की जिम्मेदारी बनती है कि वह स्पष्ट नीति और ठोस व्यवस्था के माध्यम से इसका समाधान सुनिश्चित करे।

# विनोद जाखड़ बने एनएसयूआई राष्ट्रीय अध्यक्ष

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** कांग्रेस के छात्र संगठन नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया एनएसयूआई का नया राष्ट्रीय अध्यक्ष राजस्थान के युवा नेता विनोद जाखड़ को नियुक्त किया गया है। इस संबंध में आदेश कांग्रेस के संगठन महासचिव के.सी. वेणुगोपाल ने जारी किए। जाखड़ अब तक एनएसयूआई के राजस्थान प्रदेशाध्यक्ष थे और वे पूर्व अध्यक्ष वरुण चौधरी का स्थान लेंगे। जाखड़ की गिनती राजस्थान के उभरते युवा दलित नेताओं में होती



है। वे राजस्थान विश्वविद्यालय छात्रसंघ के अध्यक्ष भी रह चुके हैं। बताया जा रहा है कि एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने हाल ही में संभावित उम्मीदवारों के इंटरव्यू लिए थे, जिनमें राजस्थान से निर्मल चौधरी भी शामिल थे। विनोद जाखड़ पहले भी सुर्खियों में रहे हैं। 30 सितंबर 2025 को राजस्थान विश्वविद्यालय परिसर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शस्त्र पूजन कार्यक्रम के विरोध के दौरान तोड़फोड़ के आरोप में पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार किया था। करीब 17 दिन जेल में रहने के बाद 17 अक्टूबर 2025 को उन्हें जमानत मिली थी। राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार जाखड़ की नियुक्ति कांग्रेस के अंदरूनी सियासी समीकरणों के लिहाज से महत्वपूर्ण मानी जा रही है। उन्हें राजस्थान के वरिष्ठ कांग्रेस नेता सचिन पायलट का समर्थक माना जाता है। ऐसे में इसे पायलट खेमे की राजनीतिक मजबूती के रूप में भी देखा जा रहा है। साथ ही युवा दलित चेहरे को राष्ट्रीय स्तर पर जिम्मेदारी देकर पार्टी अपने पारंपरिक सामाजिक आधार को मजबूत करने का संदेश देना चाहती है।

विनोद जाखड़ के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद अब राजस्थान में एनएसयूआई के नए प्रदेशाध्यक्ष को लेकर हलचल तेज हो गई है। संगठन में कई युवा नेता इस पद के दावेदार बताए जा रहे हैं।

# फिल्म पॉइंट जीरो की सफलता के लिए निर्माता व अभिनेत्री ने लिया बाबा का आशीर्वाद

निसं

**बुगाला ( नवयत्न )।** सैनिकों के साहस और त्याग पर आधारित फिल्म पॉइंट जीरो को मिल रही सराहना के बीच फिल्म के निर्माता ममता जैन, संदीप जैन फिल्म के लेखक एवं निर्देशक लखविंदर सिंह व अभिनेत्री इशिका ने बुगाला स्थित बावलिया बाबा की पैतृक हवेली म्यूजियम में पहुंचकर पूजा–अर्चना की। उन्होंने फिल्म की सफलता पर बाबा के चरणों में मत्था टेककर क्षेत्रवासियों की खुशहाली की कामना की। जनसेवा ट्रस्ट के भंवरसिंह शेखावत व ग्रामीणों ने बाबा का साहित्य व प्रतीक चिन्ह देकर उनका स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि फिल्म सैनिकों के जज्बे और देशभक्ति की भावना को समर्पित है, जिसे दर्शकों का



भरपूर प्यार मिल रहा है। उन्होंने बताया कि फिल्म बनाने का उद्देश्य देश के वीर जवानों के त्याग को समाज के सामने लाना था। निर्माता–निर्देशक ने कहा कि बावलिया बाबा में उनकी गहरी आस्था है और किसी भी शुभ कार्य से पहले वे यहां आशीर्वाद लेने आते हैं।उन्होंने बताया कि फिल्म का प्रदर्शन अप्रेल माह में झुंझुनू सहित अनेक सिनेमाघरों में एक साथ किया जाएगा। पूजा के बाद प्रसाद वितरण किया गया और क्षेत्र के युवाओं ने उनके साथ संवाद भी किया। इस अवसर पर जुगलकिशोर वर्मा, गजेंद्र सिंह, करण सिंह, सत्यवीर सिंह, धर्मवीर सिंह, रवि शर्मा, विजयपाल सिंह, अशोक कुमार सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# टीएलएम प्रतियोगिता आयोजित



जयशंकर जांगिड़

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** राजस्थान शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, उदयपुर तथा स्टरलाइट एडइंडिया फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में राज्य के समस्त जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में सेवा–पूर्व शिक्षकों के लिए शिक्षण–अधिगम सामग्री टीएलएम निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। डाइट प्रभागध्यक्ष प्रमेन्द्र कुल्हार ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य सेवा–पूर्व शिक्षकों में सृजनात्मकता, नवाचार तथा स्थानीय एवं पर्यावरणीय निकायों के प्रभावी उपयोग की क्षमता का विकास करना है, ताकि कक्षा शिक्षण को अधिक सरल, रोचक एवं प्रभावशाली बनाया जा सके। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट झुंझूनू में शिक्षण–अधिगम सामग्री निर्माण प्रतियोगिता में डी.एल.एड. प्रथम वर्ष के 42 सेवा–पूर्व शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। डाइट प्राचार्य सुमित्रा झाझड़िया ने बताया की शिक्षण–अधिगम सामग्री का निर्माण एक प्रभावी शिक्षक की महत्वपूर्ण पहचान है। उन्होंने कहा कि नवीन शिक्षण सामग्री के माध्यम से कठिन विषयों को भी विद्यार्थियों के लिए सरल और व्यवहारिक बनाया जा सकता है। ऐसे आयोजन सेवा–पूर्व शिक्षकों में आत्मविश्वास, संगठनात्मक एवं नेतृत्व क्षमता का विकास करते हैं तथा उन्हें भविष्य में एक दक्ष एवं संवेदनशील शिक्षक बनने के लिए प्रेरित करते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि डाइट स्तर पर इस प्रकार की अकादमी गतिविधियों का आयोजन निरंतर किया जाएगा, जिससे शिक्षक प्रशिक्षण की गुणवत्ता को और उजागर किया जा सके। प्रतिभागियों ने गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान एवं भाषा विषयों से संबंधित विविध शिक्षण सामग्री प्रस्तुत कीं, जिनमें स्थानीय निकायों का सृजनात्मक एवं उपयोगी समावेश देखने को मिला। मूल्यांकन के दौरान शिक्षण सामग्री की अकादमी उपयोगिता, विषय की तैयारी, नवाचार, प्रस्तुतिकरण कौशल तथा उपलब्ध संसाधनों के प्रभावी उपयोग को प्रमुख आधार बनाया गया। टीएलएम प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल में व्याख्याता शशिकांत, श्रीराम, अंजू कस्वा रहे । प्रतियोगिता में छात्राध्यापक सरिता ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान साक्षी तथा तृतीय स्थान अनु कुमारी ने प्राप्त किया। प्रतियोगिता के दौरान डाइट उपप्राचार्य सीमा सूरा, प्रतिभा न्योला, राजबाला ढाका, विधि, सुमन, संगीता, प्रियंका, आकांक्षा, गजेंद्र कुमार और स्टरलाइट एडइंडिया फाउंडेशन से नेहा कुमारी उपस्थित रहीं।

# विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

निसं



**खेतड़ी (नवयत्न)।** खेतड़ी उपखंड के सुनारी गांव में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। इस दौरान परिजनों ने ससुराल पक्ष पर प्रताड़ित कर हत्या करने का आरोप लगाया है। घटना की सूचना पर बबाई पुलिस मौके पर पहुंची। हरड़िया निवासी भोमाराम ने थाने में रिपोर्ट देकर बताया कि उसकी बेटी अनिता 22 का विवाह 26 नवंबर 2024 को सुनारी निवासी राहुल पुत्र हजारीलाल के साथ हुआ था। शादी के कुछ समय बाद ससुराल पक्ष के लोग उसे दहेज के लिए प्रताडि़त करने लगे। जिसको लेकर पूर्व में दो-तीन बार गांव के मुख्य लोगों ने समझाइश भी की गई। इसके बावजूद भी वह लोग उसे परेशान करते रहे। करीब तीन माह पहले अनिता ने बेटी को जन्म दिया तो उसे परेशान अधिक करने लगे। जब उसने परेशान करने की बात अपने घर बताई तो उसका फोन भी तोड़ दिया गया। ससुर हजारीलाल, पति राहुल व सास राधा देवी की प्रताड़ना से आहत होकर देर रात को अनिता ने फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया। परिजनों का आरोप है कि उसे मारकर फांसी पर लटकाया गया है। घटना की सूचना पर बबाई थानाधिकारी राजपाल सिंह मय पुलिस जाब्ते के मौके पर पहुंचे तथा घटनास्थल का मौका मुआयना किया। इसके बाद मृतका के शव को खेतड़ी के राजकीय उप जिला अस्पताल में लाया गया, जहां मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवाया जा रहा है। थानाधिकारी ने बताया कि मृतका के पिता ने राहुल, हजारीलाल व राधा देवी के खिलाफरिपोर्ट दी है। जिस पर मामला दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# सूरजगढ़ क्षेत्र को मिली 4.20 करोड़ की नई सड़कों की सौगात

निसं



**सूरजगढ़ (नवयत्न)।** राज्य सरकार की बजट घोषणा 2026-27 के अंतर्गत सूरजगढ़ विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न मिसिंग लिंक रोड हेतु 4 करोड़ 20 लाख स्वीकृत किये थे इसमे अब 16 किलोमीटर सड़कों तथा सीसी रोडध्नाला निर्माण कार्यों को स्वीकृति प्रदान की गई है। इन विकास कार्यों से ग्रामीण क्षेत्रों की कनेक्टिविटी मजबूत होगी तथा आमजन को आवागमन में बड़ी राहत मिलेगी। यह उपलब्धि सूरजगढ़ विधायक श्रवण कुमार के अथक प्रयासों का परिणाम है। विधायक द्वारा रखी गई मांगों पर सकारात्मक निर्णय लेते हुए सरकार ने विभिन्न गांवों व ढाणियों में सड़क एवं नाला निर्माण कार्यों को मंजूरी दी है।

## स्वीकृत कार्यों का संक्षिप्त विवरण

घसेड़ा से क्याम खानियों की ढाणी नरपाल के घर के पास तक-3 किमी-50 लाख बॉर्डर से चूड़ीणा पं.स. बुहाना-1 किमी सड़क व नाला-50 लाख कीढ़वाणा से बडसरी का बास-2 किमी-50 लाख नावता की हरिजन बस्ती-सीसी रोड व नाला- 0.50 किमी-80 लाख गादली से नरात बॉर्डर तक-2 किमी-50 लाख लोटिया से कालूराम की ढाणी-2 किमी-50 लाख डूमोली खुर्द से दौचाना की ढाणी मेन रोड शहीद की मूर्ति तक-3 किमी-50 लाख नाथ जी कुआं से गोकल द्वार होते हुए टीलाणा जोहड़ तक पं.स. सूरजगढ़-2.5 किमी-40 लाख विधायक श्रवण कुमार ने बताया कि सभी कार्यों की स्वीकृति मिल चुकी है और शीघ्र ही टेंडर प्रक्रिया पूर्ण कर निर्माण कार्य प्रारंभ कराए जाएंगे। उन्होंने कहा कि ये परियोजनाएं क्षेत्र के समग्र विकास में मील का पत्थर साबित होंगी। गौरतलब है कि सूरजगढ़ विधायक श्रवण कुमार ने ये सभी मांगें राज्य की वित्त मंत्री दिया कुमारी के समक्ष रखी थीं तथा बजट पूर्व प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से प्रस्तावित कार्यों की जानकारी आमजन को पहले ही दी जा चुकी थी। अब स्वीकृति जारी होने पर विधायक ने सूरजगढ़ क्षेत्रवासियों की ओर से वित्त मंत्री का आभार व्यक्त किया है।

अतिरिक्त सड़कों की स्वीकृति भी जल्द संभावित। विधायक श्रवण कुमार ने यह भी बताया कि इसके अतिरिक्त 10 करोड़ 62 लाख की लागत से 7 किमी नई सड़कों की स्वीकृति शीघ्र मिलने की संभावना है। डूमोली खुर्द बस स्टैंड से सिहोड़ियों की ढाणी रोजड़ा बॉर्डर तकद्ध-6 किमी डूमोली कलां से दोचाना की ढाणी-1 किमी। इसके साथ ही नगरपालिका सिंघाना में ट्रॉमा सेंटर एवं सूरजगढ़ सामु. स्वास्थ्य केंद्र को 100 बेड क्षमता से क्रमोन्नत किया जाएगा इन सभी विकास कार्यों से ग्रामीण क्षेत्रों में संपर्क व्यवस्था सुदृढ़ होगी, स्थानीय अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी तथा नागरिक सुविधाओं में उल्लेखनीय सुधार होगा।

# गौ सेवार्थ फागोत्सव 1 मार्च को



निसं

**राजलदेसर (नवयत्न)।** कस्बे की श्री राजलदेसर गौशाला में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी 1 मार्च को गौ सेवार्थ फागोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

जिसको लेकर श्री राजलदेसर गौशाला में फोल्डर का विमोचन किया गया। जिसमें कार्यक्रम में मुख्य अतिथि तहसीलदार हरदीप सिंह, थाना प्रभारी सुरेंद्र बारूपाल, भामाशाह मदनलाल बैंद, गौशाला के वरिष्ठ उपाध्यक्ष मंगतमल पाण्डिया, कार्यक्रम संयोजक कैलाश सोनी के सानिध्य में फोल्डर का विमोचन किया गया। जिसमें 1 मार्च को होने वाले फागोत्सव कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय स्तर की कलाकार शहनाज फोगा की शानदार प्रस्तुति रहेगी। इसके अलावा डेरु नृत्य, चंग नृत्य, गीदड़, राजस्थानी घूमर, धरती धोरा री सहित अनेकों बाहर के एवं स्थानीय कलाकारों द्वारा एक से एक बढ़कर कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जाएगी। कार्यक्रम को लेकर थाना प्रभारी सुरेंद्र बारूपाल, तहसीलदार हरदीप सिंह ने कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया एवं गौशाला के मंत्री ललित दाधीच ने आयोजन को लेकर उपस्थित अधिकारियों को जानकारी दी।

साथ ही कार्यक्रम में महिलाओं एवं पुरुषों की अलग-अलग बैठने की व्यवस्था रहेगी। साथ ही बाहर से आने वाले अतिथियों के लिए भी अलग से व्यवस्था रहेगी। कार्यक्रम में टेंट, माइक, एलईडी आदि की भी व्यवस्थाओं को लेकर कार्यकर्ताओं को अलग-अलग जिम्मेदारी दी गई। इस अवसर पर तहसीलदार हरदीप सिंह, थाना प्रभारी सुरेंद्र बारूपाल ने कहा इस भव्य कार्यक्रम को आपस में सभी मिलजुल कर शानदार जो परंपरा चली आ रही है उसको कायम रखते हुए ऐतिहासिक कार्यक्रम आयोजित करे। इस अवसर पर वीरेंद्र लाटा, भुवनेश्वर शर्मा, मुकेश श्रीमाल, रतनलाल बारुपाल, विनोद भाटिया, मांगीलाल प्रजापत सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

# घटिया निर्माण कार्य को लेकर वार्ड के लोगों ने जताया विरोध

निसं



**राजलदेसर (नवयत्न)।** राजलदेसर के भावनदेसर रोड पर लंबे समय से नाली निर्माण गंदे पानी की निकासी नहीं होने के कारण वार्ड के लोगों ने विरोध जताया था। विरोध के बाद नगर पालिका द्वारा 20 लाख रुपए की राशि से अंडरग्राउंड पाइप लाइन डालने का कार्य शुरू किया गया लेकिन कार्य सही ढंग से नहीं होने के कारण एवं पूरी पाइप लाइन नहीं डालने के कारण पूरी सड़क जो की नई सड़क थी उसको तोड़ा गया उसके बाद इस मार्ग से गुजरने वाले राहगीर स्कूल जाने वाले विद्यार्थी एवं आम जन को आने जाने के लिए भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसी को ध्यान में रखते हुए वार्ड के प्रमुख पार्षद प्रतिनिधि मिर्जा राम मेघवाल, मेघवाल महासभा के अध्यक्ष कालूराम तंवर, भीम आर्मी के अध्यक्ष श्रवण बारुपाल, कांग्रेस सेवादल के नगर अध्यक्ष लाभचंद सोनी, पार्षद पवन प्रजापत के नेतृत्व में वार्ड के सैकड़ो लोगों के साथ रास्ता जाम करके विरोध प्रकट किया एवं नगर पालिका के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। साथ ही भारतीय जनता पार्टी एवं कांग्रेस के नेताओं के खिलाफ भी खुले आम भ्रष्टाचार का आरोप लगाया यहां तक की कहा गया कि पता नहीं राजलदेसर में भारतीय जनता पार्टी व कांग्रेस है या नहीं लेकिन कस्बे के अंदर जो हालात हैं वह बहुत खराब है। नगर पालिका के अंदर सत्ता के दलाल सत्ता की दलाली करने में चुके नहीं साथ ही राजस्थान सरकार के पैसों का पूरी तरह से दुरुपयोग किया जा रहा है। जिसको लेकर पूर्व में भी अवगत करवाया गया। इस अवसर पर मेघवाल महासभा के अध्यक्ष कालूराम तंवर ने कहा चुनाव का समय आ रहा है मेघवाल समाज को मीठी रेवड़ियां बांटने के लिए भाजपा एवं कांग्रेस के दलाल समाज के लोगों के सामने सामुदायिक भवन में कमरा बनाना विद्यालय में विकास कार्य करवाना आदि लोभ लुभावने वादे कर रहे हैं लेकिन उन्होंने कहा 5 साल कहां गए थे वह इससे ज्यादा 30 लाख से अधिक का विकास कार्य इन वार्डो में भामाशाह के सहयोग से हुआ है। उन्होंने कहा नगर पालिका चुनाव में नेताओं को वार्ड में घुसने नहीं दिया जाएगा वहीं पार्षद प्रतिनिधि मिर्जा राम मेघवाल ने कहा समय अब भ्रष्टाचार एवं चोरों के खिलाफ लड़ने का आ गया है आने वाले चुनाव में राजलदेसर में ईमानदार नेताओं को चुना जाएगा। कांग्रेस सेवा दल के नगर अध्यक्ष लाभचंद सोनी ने कहा आजादी के बाद दो तरह की लड़ाई लड़ी गई एक तो गोरों के खिलाफ एक अब लड़ी जा रही है राजलदेसर में चोरों के खिलाफ उन्होंने कहा नगर पालिका में 5 करोड़ से अधिक फर्जी बिलों पर साइन करके जिस तरह से पेमेंट उठाया गया है उन लोगों को बख्शा नहीं जाएगा। विरोध प्रदर्शन में कांग्रेस भाजपा के नेताओं के खिलाफ सभी ने जमकर नारेबाजी की एवं भविष्य में बड़ा आंदोलन करने की भी चेतावनी दी। इस मौके पर कन्हैया लाल बारूपाल, पवन प्रजापत, नोरतराम, सांवरमल पड़िहार, परमेश्वर बारूपाल, चंद्राराम, भंवरलाल सुनिया, अमराराम, मनोज, सांवरमल नायक, सोपाल नायक, जगदीश साट्टीया, कमल नायक, गिरधारी मेघवाल, राशिद धोबी ख्यालीराम, धर्माराम, किशोर कामड़, नाथूराम वाल्मीकि रामनिवास भोपा सहित सैकड़ों वार्डवासी मौजूद रहे।

# क्षतिग्रस्त सड़क का निर्माण कार्य शुरू



निसं

**खेतड़ी (नवयत्न)।** खेतड़ी उपखंड के बबाई कस्बे के मुख्य बस स्टैंड की सड़क का शुक्रवार को सार्वजनिक निर्माण विभाग निर्माण कार्य शुरू कर दिया है। यह सड़क पिछले कई महीनों से खराब हालत में थी, जिससे आमजन को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। सड़क क्षतिग्रस्त होने से कई स्थानीय लोगों को और वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था ग्रामीणों के अनुसार सड़क टूटी होने के कारण पिछले काफी समय से काफी दुर्घटना, हो चुकी थी। क्षतिग्रस्त सड़क से दिनभर धूल और मिट्टी उड़ने से लोगों को श्वास संबंधीत समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था। इसके अलावा बारिश के दिनों में सड़क पर हुए गड्ढों में पानी भर जाता था, जिससे दुपहिया वाहन चालक अक्सर गड्ढों में गिरकर चोटिल हो चुके थे। सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने बताया की सड़क निर्माण के लिए स्वीकृति जारी हो चुकी ओर टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद अब कार्य शुरू किया जा चुका है। फिलहाल जेसीबी मशीन की सहायता से पुरानी सड़क को उखाड़ने का कार्य शुरु हो चुका है। सड़क उखाड़ने के पश्चात उस पर रोड़ी मिट्टी और पानी डालकर उसे रोलर की सहायता से जमाया जाएगा। उसके पश्चात उस पर डामर ओर रोड़ी का मिश्रण डाला जाएगा। सड़क पर जहां पर पानी के भराव की समस्या हैए वहाँ पर सीसी सड़क का निर्माण किया जाएगा। सड़क का कार्य शुरू होने पर ग्रामीणों ने एवं वाहन चालकों ने काफी प्रसन्नता जाहिर की है। सड़क का निर्माण कार्य होने से आमजन को हो रही परेशानियों से निजात मिल पाएगी।

# शातिर नकबजन गिरफ्तार, लाखों के जेवर बरामद

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** हरमाड़ा थाना पुलिस ने चोरी की वारदातों में शामिल एक शातिर नकबजन को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से लाखों रुपए के सोने-चांदी के जेवर बरामद किए हैं। आरोपी चोरी के बाद जेवरों को पिघलाकर बेच देता था ताकि पहचान न हो सके। फिलहाल पुलिस आरोपी से पूछताछ करने में जुटी है। पुलिस उपायुक्त पश्चिम हनुमान प्रसाद ने बताया कि हर मारा थाना पुलिस ने चोरी की वारदात करने वाले जितेंद्र सोनी 41 निवासी झुंझुनू हाल निवासी करधनी जयपुर को गिरफ्तार किया है। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपी दिन में कॉलोनियों में रेकी करता था और सुनसान मकानों को निशाना बनाता था। चोरी के बाद जेवर अपने किराए के मकान पर ले जाकर पिघला देता था और बाजार में बेच देता था। पहचान छिपाने के लिए वह कुछ महीनों में किराए का मकान भी बदल देता था। पुलिस के अनुसार आरोपी के खिलाफ पहले भी चोरी से जुड़े कई मामले दर्ज हैं। उससे अन्य वारदातों के बारे में भी पूछताछ की जा रही है। थानाधिकारी उदय सिंह ने बताया कि 26 दिसंबर 2025 को बालाजी विहार, न्यू लोहमंडी रोड निवासी राजभरत सैनी ने घर में चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। परिवार के बाहर होने के दौरान बदमाश घर का ताला तोड़कर अंदर घुस गए और सोने-चांदी के जेवर व नकदी चुरा ले गए। घटना सीसीटीवी कैमरों में भी कैद हुई थी। इस मामले की जांच के लिए पुलिस ने विशेष टीम गठित की। आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए और संदिग्धों से पूछताछ की गई।

मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने आरोपी पकड़ा।

# फिजक्सिवाला के 17 छात्रों ने जेईई मेन 2026 सेशन 1 में 99 प्लस पर्सेंटाइल हासिल किए

निसं



**जयपुर (नवयत्न)।** राजस्थान के जयपुर निवासी तनमय अग्रवाल ने जेईई मेन 2026 सेशन 1 में 99.94 पर्सेंटाइल हासिल की। वे जयपुर में फिजक्सिवाला पीडब्ल्यू के उन 17 छात्रों में शामिल हैं, जिन्होंने इस सेशन में 99 या उससे अधिक पर्सेंटाइल प्राप्त की। शहर के अन्य टॉप परफॉर्मिंग पीडब्ल्यू छात्रों में दिव्यांशु जैन 99.89 पर्सेंटाइल और आदित्य बग्गा 99.87 पर्सेंटाइल भी शामिल हैं।

पीडब्ल्यू के टेक्नोलॉजी-समर्थित विद्यापीठ सेंटर से तैयारी करने वाले तनमय ने फिजक्सि में 99.98, केमिस्ट्री में 99.88 और मैथमेटिक्स में 99.82 पर्सेंटाइल हासिल की। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय पीडब्ल्यू द्वारा उपलब्ध कराए गए संरचित पाठ्यक्रम, आसान पहुंच और फैकल्टी के निरंतर मार्गदर्शन को दिया। फिजक्सिवाला पीडब्ल्यू के विद्यापीठ-ऑफलाइन के सीईओ अंकित गुप्ता ने कहा, हमें तनमय पर गर्व है। इस परीक्षा में उनका शानदार प्रदर्शन उनकी मेहनत और समर्पण का परिणाम है। अब अगला लक्ष्य जेईई एडवांस्ड की तैयारी पर पूरा ध्यान देना है। वहीं, जिन छात्रों के परिणाम उनकी उम्मीदों के अनुसार नहीं आए, उनसे कहना चाहूंगा कि एक परीक्षा का स्कोर आपका भविष्य तय नहीं करता। इस परिणाम को फीडबैक की तरह लें और जेईई मेन 2026 सेशन 2 के लिए और बेहतर तैयारी करें, जो जल्द ही होने वाला है। तनमय अग्रवाल ने कहा, श्जेईई की तैयारी के लिए अनुशासित दिनचर्या और नियमित अभ्यास बेहद जरूरी है। मैंने पढ़ाई के साथ-साथ पर्याप्त आराम पर भी ध्यान दिया, जिससे एकाग्रता बनी रहे और सीखने की क्षमता बेहतर हो। मैं अपने माता-पिता और पीडब्ल्यू विद्यापीठ के शिक्षकों के मार्गदर्शन के लिए आभारी हूं। सेंटर के संरचित रिविजन मॉड्यूल और तुरंत मिलने वाली डाउट-.रिजॉल्यूशन सुविधा ने मेरी तैयारी में अहम भूमिका निभाई। अब जेईई एडवांस्ड की ओर बढ़ते हुए मेरा पूरा फोकस रिविजन और मॉक टेस्ट्स पर रहेगा। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी एनटीए ने जेईई मेन 2026 सेशन 1 के नतीजे 16 फरवरी 2026 को घोषित किए। यह परीक्षा देश-विदेश के 658 केंद्रों पर आयोजित की गई थी। पीडब्ल्यू के छात्रों में जम्मू-कश्मीर से अमितेश्वर सिंह 9.83 पर्सेंटाइल, मेघालय से विष्णु भारद्वाज उपाध्याय 98.96 पर्सेंटाइल और अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह से हेमाक्षी कुमार 98.26 पर्सेंटाइल ने अपने.अपने राज्यों में टॉप स्कोर किया। यह उपलब्धियां देश के अलग-अलग हिस्सों में रहने वाले छात्रों के लिए पीडब्ल्यू द्वारा प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी को सुलभ बनाने के निरंतर प्रयासों का प्रतिबिंब हैं। ऑनलाइन क्लास, ऑफलाइन विद्यापीठ केंद्रों और हाइब्रिड पाठशाला केंद्रों के विकल्प प्रदान करके, पीडब्ल्यू का लक्ष्य मल्टी-फॉर्मेट दृष्टिकोण के माध्यम से दूर.दराज के क्षेत्रों के उम्मीदवारों को सहायता प्रदान करना है।

# राजस्थान कॉलेज की आकांक्षा ने जीते दो गोल्ड मेडल

## अब नेशनल थ्रो प्रतियोगिता में दिखाएंगी दम

निसं



**चिड़ावा (नवयत्न)।** श्रीगंगानगर में 19 और 20 फरवरी को आयोजित राजस्थान स्टेट ओपन थ्रोज प्रतियोगिता में राजस्थान पीजी कॉलेज चिड़ावा की छात्रा आकांक्षा पूनिया ने उल्लेखनीय सफलता हासिल की। राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में विभिन्न जिलों से पहुंचे खिलाड़ियों के बीच कड़े मुकाबले के बावजूद आकांक्षा ने संतुलित तकनीक, मजबूत फिटनेस और आत्मविश्वास के साथ प्रदर्शन करते हुए डिस्कस थ्रो और शॉट पुट दोनों स्पर्धाओं में स्वर्ण पदक जीते। राजस्थान कॉलेज की बीए की छात्रा आकांक्षा ने अपने प्रदर्शन से न केवल चिड़ावा बल्कि प्रदेश का गौरव बढ़ाया है। दो स्वर्ण पदक जीतने के साथ ही उन्होंने नेशनल थ्रोज़ प्रतियोगिता के लिए भी क्वालीफाई कर लिया है। राज्य स्तर की इस प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर आकांक्षा पूनिया का चयन 7 और 8 मार्च को पटियाला में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय थ्रोज प्रतियोगिता के लिए हुआ है।

संस्थान में पहुंचने पर आकांक्षा पूनिया का संस्था चेयरपर्सन नीतिका थालौर के नेतृत्व में माल्यार्पण एवं केक काटकर स्वागत किया गया। निदेशक श्रीराम थालौर ने कहा कि दो स्वर्ण पदक जीतकर आकांक्षा ने कॉलेज और प्रदेश का नाम रोशन किया। संस्था सचिव संजय थालौर, प्रबंध निदेशक गोपीचंद जांगिड़, प्राचार्य डॉ. सुभाष बोला, डॉ. अरविन्द भालोठिया, डॉ. दिनेश गौतम, संगीता शर्मा, अंजना सोमरा, अजीत सिंह महला, कुरडाराम डारा, ओमप्रकाश दनेवा और मनोज गोठवाल सहित शिक्षकों ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# बिखरेगी ब्रज की छटा : गोविंद देवजी मंदिर में होगा भव्य फागोत्सव

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** फाल्गुन माह में हवाओं में भी अबीर-गुलाल की खुशबू घुल जाती है, मंदिरों में राग.रंग के स्वर गूंजते हैं और ठाकुरजी का दरबार फगोत्सव के रंग में डूब जाता है। इसी कड़ी में गोविंदं देवजी मंदिर में इस बार फाल्गुन की अष्टमी, नवमी और दशमी पर पारंपरिक फागोत्सव आयोजित होगा। करीब 500 कलाकार इसमें भाग लेंगे। जानकारी के अनुसार यह केवल होली का उत्सव नहीं, बल्कि विरासत, भक्ति और रंगों की वो परंपरा है, जो सदियों पहले ब्रज से चली और जयपुर की आत्मा में बस गई। जानकारों के अनुसार जब ब्रज से भगवान श्रीकृष्ण के गोविंद देव जी, गोपीनाथ जी सहित विभिन्न विग्रह को जयपुर लाया गया, तब केवल प्रतिमाएं ही नहीं आईं, उनके साथ ब्रज की जीवंत परंपराएं भी यहां आ बसीं। उन्हीं परंपराओं में एक थी फागोत्सव। गौड़ीय संप्रदाय के जिन मंदिरों में कृष्ण के ब्रज स्वरूप का दर्शन होता है, वहां फागोत्सव भी उसी रस और रंग में मनाया जाता है।

## फागोत्सव में दिखेंगे ब्रज के रंग

इस वर्ष 24, 25 और 26 मार्च को फाल्गुन की अष्टमी, नवमी और दशमी पर पारंपरिक फागोत्सव आयोजित होगा। करीब 500 कलाकार इसमें भाग लेंगे। विभिन्न घरानों की कथक की प्रस्तुतियां, लट्ठमार होली, पुष्प होली इन सबके बीच ठाकुरजी के दरबार में राग और रंग का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा। यहां जयपुर के अलावा ब्रज क्षेत्रए दिल्ली, कोलकाता और अहमदाबाद के कलाकार प्रस्तुति देंगे। इस बार फागोत्सव के दौरान नृत्य में अविनाश शर्मा, गुलाबो गिरधारी महाराज, स्वाति गर्ग जैसे कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे, जबकि गायन में जगदीश शर्मा और कुंज बिहारी जैसे दिग्गज कलाकार स्वरों से ठाकुर जी को रिझाएंगे। आयोजन सुबह 11:00 से दोपहर 3:00 तक होंगे। वर्तमान में ठाकुर जी का श्रृंगार गुलाल और अबीर से किया जा रहा है। मंदिर के सेवादार विशेष पोशाक तैयार कर पारम्परिक रंगों के माध्यम से सूती कपड़े पर कृष्ण लीलाओं को उकेर कर रचना झांकी सजाई जा रही हैं। झांकी में श्रीकृष्ण और राधारानी के संग होली खेलने का प्रतीकात्मक दृश्य दर्शा, जा रहे हैं, जो भक्तों को ब्रज की फाग परंपरा का सजीव अनुभव कराता है।

## देवस्थान विभाग मंदिरों में भी होंगे आयोजन

स्टेट पीरियड में फागोत्सव केवल जन-उत्सव नहीं था, बल्कि राजपरिवार की आस्था से भी गहराई से जुड़ा रहा। सवाई जयसिंह के समय से ये उत्सव मनाया जाता रहा, लेकिन सवाई प्रताप सिंह के दौर में इसे चरम वैभव मिला। उन्होंने बताया कि जयपुर के ब्रजनिधि मंदिर का मंडप तो विशेष रूप से फागोत्सव को ध्यान में रखकर बनाया गया था। इसी परंपरा की झलक आनंद कृष्ण बिहारी मंदिर और रामचंद्र जी का मंदिर में भी दिखाई देती है।

इसी परंपरा को जीवित रखते हुए देवस्थान विभाग इन मंदिरों में भी फगोत्सव का आयोजन करेगा।

# फाग के रंग में रंगेंगे स्वामी टेऊराम और लड्डू गोपाल

निसं



**जयपुर (नवयत्न)।** आस्था का पावन केंद्र श्री अमरापुर स्थान में रविवार को प्रेम प्रकाश मंडल के संस्थापक मंगलमूर्ति आचार्य 1008 योगीराज सतगु : स्वामी टेऊँराम महाराज का पावन मासिक जन्मोत्सव चौथ महापर्व श्रद्धा भक्ति भाव से मनाया जाएगा। जिसके अंतर्गत प्रात: काल 6 बजे मंगला दर्शन में भक्तों द्वारा एक पुष्प गुरु चरणों में अर्पित कर मंगल मनोकामना मांगी जाएगी। जिसके तत्पश्चात प्रात: 7 से 9 बजे प्रार्थना, भजन सत्संग, प्रवचन कैसेट का श्रवण होगा । सायकल 4 से 7 बजे तक महिला मंडल द्वारा सामूहिक चालीसा का पाठ, नन्हे नन्हे बच्चों द्वारा कृष्ण भजन पे नाट्य प्रस्तुति, सीकर के बाल कलाकारों द्वारा फाल्गुन महीने के उपलक्ष में चंग की थाप पे संगीतमय भजन, संकीर्तन, संतो द्वारा फुलों की होली का नृत्य प्रस्तुति का भव्य आयोजन किया जाएगा। सदगुरु टेऊँराम मासिक जन्मोत्सव चौथ पर्व पर कार्यक्रम के पश्चात आचार्य श्री के समक्ष 56 व्यंजन थाल अर्पित कर आरती एवं विश्व शांति की मंगल कामना के लिए पल्लव प्रार्थना की जाएगी। संतो ने बताया कि मासिक जन्मोत्सव पर जयपुर सहित विभिन्न स्थानों से श्रद्धालुओं का प्रात: काल से दर्शन होगा । सदगुरु स्वामी टेऊँराम जी महाराज द्वारा रचित वाणी पद भजन होली भजन की प्रस्तुति संतो द्वारा की जाएगी। कार्यक्रम के पश्चात सभी भक्तों को प्रसाद वितरण किया जाएगा।

# आज सजेगा श्याम प्रभु का दरबार

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** श्री श्याम मित्र परिवार सेवा समिति मुरलीपुरा स्कीम का 32वां वार्षिकोत्सव शनिवार, 21 फरवरी को शाम 5:15 बजे मुरलीपुरा स्कीम स्थित आर.के. फर्नीचर परिसर में भक्ति भाव से मनाया जाएगा। समिति अध्यक्ष कैलाश चंद्र जांगिड़ ने बताया कि वार्षिकोत्सव पर श्याम प्रभु का मनमोहक दरबार सजाया जाएगा। फाल्गुनी भजनों की संगीतमय प्रस्तुतियां दी जाएंगी। कार्यक्रम में ढप और चंग की थाप पर भक्तिमय धमाल होगी। पुष्प वर्षा और इत्र वर्षा के बीच भजन गायक अपनी प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर करेंगे और श्याम प्रभु को रिझाएंगे।

## सम्पादकीय

# मुफ्त की महंगी कीमत

यह भारतीय लोकतंत्र की विडंबना ही कही जाएगी कि राजनीतिक दलों ने मुफ्त की योजनाओं को चुनाव जीतने का जरिया ही बना लिया है। मतदाताओं को चंद आर्थिक लाभ व सुविधाएं देकर मुफ्त की रेवड़ियों को सफलता का शॉर्टकट माना जाने लगा है। यही वजह है कि कुछ राज्यों में आसन्न चुनाव से पहले मुफ्त की योजनाओं की संस्कृति के वर्चस्व को देखते हुए देश की शीर्ष अदालत ने तल्ख टिप्पणी की है। जिससे यह मुद्दा एक बार फिर राष्ट्रीय विमर्श में शामिल हो गया है। उल्लेखनीय है कि अगले दो-तीन महीनों में देश के चार प्रमुख राज्यों असम, पश्चिम बंगाल, केरल और तमिलनाडु में चुनाव होने जा रहे हैं। हालांकि, लोकतंत्र की कल्याणकारी अवधारणा के चलते लोकहित में चलायी जाने वाली जनहितकारी योजनाएं शासन का अनिवार्य स्तंभ भी रही हैं। लेकिन लक्षित समर्थन और चुनाव पूर्व दिखायी जाने वाली अतिरेक उदारता के बीच अंतर तेजी से धुंधला होता जा रहा है। देश की शीर्ष अदालत ने इस बाबत चेतावनी दी है कि मुफ्त की योजनाओं का अनियंत्रित विस्तार राज्यों के राजकोषीय अनुशासन को कमजोर कर सकता है। निस्संदेह, इस बारे में कोई दो राय नहीं हो सकती है कि राज्यों का यह प्राथमिक कर्तव्य है कि वे विशेष रूप से कमजोर वर्ग के लोगों की खास तौर से देखभाल करें। हालांकि, जब राजस्व घाटे वाले राज्य मुफ्त की योजनाओं पर बड़ी रकम खर्च करते हैं, तो सरकारी खजाने पर दबाव और अधिक बढ़ जाता है। विडंबना यह है कि जिस धनराशि का इस्तेमाल बुनियादी ढांचे में सुधार, स्वास्थ्य सेवाओं को सक्षम बनाने और शिक्षा की सुविधा को समृद्ध करने के लिये किया जाना चाहिए, वो राशि अल्पकालिक राजनीतिक लाभ के लिये खर्च कर दी जाती है। यह दुर्भाग्यपूर्ण ही है कि राजनेता मुफ्त की बिजली, मुफ्त बस यात्रा और नकद राशि बांटने की होड़ में शामिल हैं। इसमें कोई आश्चर्य नहीं है कि लोकलुभावनवाद के आगे राजकोषीय विवेक कमजोर पड़ रहा है। निस्संदेह, देश के सर्वोच्च न्यायालय ने इस बाबत तार्किक प्रश्न पूछा है कि राज्य मुफ्त की रेवड़ियां बांटने के बजाय रोजगार सृजन और कौशल विकास के लिये बजट प्रस्ताव क्यों नहीं पेश करते? इसमें दो राय नहीं कि रोजगार के नये अवसर पैदा करना जन साधारण के सशक्तीकरण का एक स्थायी रूप है। जो लोगों को स्वावलंबी बनाता है। वहीं दूसरी ओर वोटरों को लुभाने के लिये सत्तारूढ़ राजनीतिक दलों द्वारा लगातार जारी की जा रही मुफ्त की योजनाएं लोगों को अकर्मण्य बना देती हैं। लोग परिश्रम से आर्थिक उपलब्धि हासिल करने के बजाय सरकारी सुविधा पर अधिक निर्भर हो जाते हैं। जरूरत इस बात की है कि कौशल विकास के जरिये लोगों को इस तरह सक्षम बनाया जाए जिससे उन्हें दीर्घकालिक व स्थायी लाभ मिल सकें। निस्संदेह,चुनावी निष्पक्षता के लिये यह आवश्यक हो गया है कि चुनाव से पहले घोषित की गई या लागू की गई लोकलुभावनी नीतियों व योजनाओं की गहन पड़ताल की जाए। विपक्षी दलों द्वारा बिहार सरकार पर आरोप लगाया गया था कि पिछले साल अक्तूबर में आचार संहिता लागू रहने के दौरान मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत महिला लाभार्थियों को 15,600 करोड़ रुपये दिए गए थे। जो कि स्वस्थ लोकतांत्रिक प्रक्रिया के विरुद्ध कदम था। निर्विवाद रूप से सत्तारूढ़ राजनीतिक दलों द्वारा इस तरह की सुनियोजित कोशिश विपक्षी दलों को निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा से वंचित करती है। ऐसे में जरूरी हो जाता है कि भारत के निर्वाचन आयोग की ओर से राजनीतिक दलों द्वारा मतदाताओं को अपरोक्ष रूप से रिश्वत देने के प्रयासों पर पैनी नजर रखी जाए। साथ ही इस दिशा में चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन के रूप में कार्रवाई भी करनी चाहिए। अब चाहे कोई बड़ा राजनीतिक दल इसमें शामिल क्यों न हो। निर्विवाद रूप से चुनाव प्रक्रिया में कोई भी पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाना हमारे जीवंत लोकतंत्र के लिये हानिकारक है।

## विशेष आलेख

# कल्पना नहीं, हकीकत है एआई की भारतीय दौड़

**एआई का मतलब केवल चिप्स निर्माण नहीं है। टेक्नोलॉजी का निर्माण करने के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर की जरूरत होगी, जो अपना समय लेगी। अलबत्ता उसका इस्तेमाल करने वालों और उससे जुड़े इंजीनियरों और डेटा सेंटरों की संख्या हमारी प्रगति को बता रही है। एआई शोधकर्ताओं की संख्या भी तेजी से बढ़ी है। इसकी प्रदर्शनी में उद्योग जगत के लीडरों, स्टार्टअप्स, शैक्षणिक संस्थानों, सरकारी प्रतिनिधियों और युवाओं की जैसी भीड़ आई, उससे अनुमान लगाया जा सकता है कि उत्सुकता का स्तर क्या है। हाल के वर्षों में देश की व्यवस्था में डिजिटाइज़ेशन ने भी इस क्षेत्र में आगे बढ़ने के दरवाज़े खोले हैं।**

भारत का 2023 में सातवें से तीसरे स्थान पर पहुंचना वैश्विक एआई दौड़ में तेज गति को रेखांकित करता है। सरकार का अनुमान है कि भारत में अगले दो वर्षों में 200 अरब डॉलर से ज्यादा का पूंजी निवेश एआई पर ही आएगा। अमेरिका और चीन के भारी पूंजी निवेश को देखते हुए यह प्रगति प्रशंसनीय है।




दिल्ली में गलगोटिया विवि के 'रोबोटिक डॉग' और 'ड्रोन सॉकर एरीना' के कारण हुई फज़ीहत के बाद कुछ लोग पूछ रहे हैं कि आर्टिफीशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में भारत वास्तव में क्या कुछ कर भी पाएगा? हमारे पास उसके लिए पर्याप्त तकनीकी आधार और टेलेंट है भी या नहीं? बहरहाल, इस घटना ने सरकार समर्थित टेक्नोलॉजी प्लेटफॉर्मों पर स्वदेशी नवाचार की गलत व्याख्या की ओर देश का ध्यान आकर्षित किया है। सोशल-मीडिया के लिए ऐसी घटनाएं चटपटे मसाले की तरह होती हैं, कुछ समय तक याद रहती हैं और फिर बिसरा दी जाती हैं। बहरहाल, इस घटना ने हमें इसकी उपयोगिता और अपनी उपलब्धियों पर विचार करने की सलाह दी है।

इसके पहले जनवरी में दावोस सम्मेलन में अंतर्राष्ट्रीय मुद्राकोष की प्रबंध निदेशक क्रिस्टालिना जॉर्जिवा की इस टिप्पणी को लेकर भी विवाद हुआ था कि भारत 'सेकंड-टियर' एआई पॉवर है। राजनीति-शास्त्री आयन ब्रेमर ने भी इस बात का हवाला देते हुए कहा था कि नए उभरते देशों को अमेरिका या चीन के साथ तालमेल बिठाना चाहिए। इन दोनों बातों का तीखा जवाब देते हुए भारत के इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री, अश्विनी वैष्णव ने कहा, भारत एआई देशों की 'साफ पहली कतार' में है।

उन्होंने एआई आर्किटेक्चर की पांच परतों के रूप में वर्णित भारत की प्रगति का विवरण दिया: एप्लिकेशन, मॉडल, चिप, बुनियादी ढांचे और ऊर्जा के सभी पांच स्तरों पर 'भारत अच्छी प्रगति' कर रहा है। उन्होंने स्टैनफर्ड विवि की एक रिपोर्ट का हवाला दिया, जिसमें भारत को एआई प्रवेश और तैयारियों में तीसरे स्थान पर और वैश्विक स्तर पर एआई प्रतिभा में दूसरे स्थान पर रखा गया है। बाद में आईएमएफ की अधिकारी ने इस विवाद को ठंडा करते हुए कहा कि संगठन भारत की एआई प्रगति के लिए भारी प्रशंसा करता है। उन्होंने इस गलतफहमी के लिए मॉडरेटर को दोषी ठहराया।

अंतरिक्ष-विज्ञान, कंप्यूटिंग-सॉफ्टवेयर, बायोटेक्नोलॉजी, सेमी कंडक्टर, एआई और डेटा साइंस जैसी तकनीकों को 'हाईटेक' माना जाता है। इनका इस्तेमाल चिकित्सा (ईएचआर सिस्टम), विनिर्माण (रोबोटिक्स) और अनुसंधान (लैब डायग्नोस्टिक) के अलावा रक्षा-तकनीक और अंतरिक्ष-विज्ञान जैसे क्षेत्रों में प्रमुखता से होता है। स्टैनफर्ड यूनिवर्सिटी की 2025 ग्लोबल एआई वाइब्रेंसी रैंकिंग में भारत को अमेरिका और चीन के बाद तीसरे स्थान पर रखा गया है, जो लंबी छलांग है। नवंबर में जारी रिपोर्ट के अनुसार भारत एक साल में ब्रिटेन, दक्षिण कोरिया, सिंगापुर और जापान को पीछे छोड़ते हुए, चार पायदान ऊपर चढ़ गया है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि नीति और शासन श्रेणी में भारत पांच पायदान फिसला भी है, जिस पर ध्यान देने की ज़रूरत है। भारत का 2023 में सातवें से तीसरे स्थान पर पहुंचना वैश्विक एआई दौड़ में तेज गति को रेखांकित करता है। सरकार का अनुमान है कि भारत में अगले दो वर्षों में 200 अरब डॉलर से ज्यादा का पूंजी निवेश एआई पर ही आएगा। अमेरिका और चीन के भारी पूंजी निवेश को देखते हुए यह प्रगति प्रशंसनीय है। रिपोर्ट इस बात पर प्रकाश डालती है कि दुनिया भर की सरकारें एआई निवेश बढ़ा रही हैं : कनाडा ने 2.4 अरब डॉलर, चीन ने 47.5 अरब डॉलर का सेमीकंडक्टर फंड लॉन्च किया है, फ्रांस ने 109 अरब यूरो का वादा किया है, भारत ने 1.25 अरब डॉलर की घोषणा की है, और सऊदी अरब का प्रोजेक्ट ट्रांसेंडेंस 100 अरब डॉलर के व्यापक प्रयास का प्रतिनिधित्व करता है।

इन देशों के निवेश का कुछ हिस्सा भारत भी आएगा, क्योंकि भारत एआई के बड़े बाज़ार के रूप में विकसित हो रहा है। इसकी एक झलक दिल्ली में हुए एआई शिखर सम्मेलन में देखने को मिली, जिसमें 20 से अधिक राष्ट्राध्यक्ष, 60 मंत्री और 500 वैश्विक एआई लीडर शामिल हुए हैं। ग्लोबल साउथ में यह पहला वैश्विक एआई सम्मेलन है। इनमें फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज़ पेरेज़-कास्टेजोन और श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके के अलावा ओपनएआई के सीईओ सैम अल्टमैन, गूगल डीपमाइंड के सीईओ डेमिस हसाबिस और रिलायंस इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक, मुकेश अंबानी और माइक्रोसॉफ्ट के अध्यक्ष ब्रैड स्मिथ जैसे बड़े औद्योगिक पदाधिकारी शामिल थे। इससे पहले ब्रिटेन, दक्षिण कोरिया और फ्रांस में ऐसे सम्मेलन हो चुके हैं। बेशक भारत के पास अभी एआई की उन्नत विनिर्माण-सामर्थ्य नहीं है, क्योंकि उसके लिए आवश्यक चिप्स का उत्पादन हमारे यहां अभी नहीं हो रहा है, पर देश का सेमीकंडक्टर मिशन बहुत तेजी से गति पकड़ रहा है, जो चिप्स उपलब्ध कराएगा।

इस बात को समझने की ज़रूरत है कि एआई केवल रोबोटिक्स या गेमिंग नहीं है। उसकी भूमिका चिकित्सकीय और वैज्ञानिक अनुसंधान में है, प्रशासनिक कार्यों में है, खेती-किसानी में है। भारत में 90 करोड़ से ज्यादा इंटरनेट उपयोगकर्ता हैं, जो प्रतिदिन औसतन सात घंटे ऑनलाइन बिताते हैं। एनवीडिया, ओपन एआई, एंथ्रॉपिक और गूगल जैसी कंपनियां भारत में पैर जमाने के लिए प्रतिस्पर्धा कर रही हैं। भारत सरकार प्रशासनिक और न्याय-व्यवस्थाओं को तेजी से प्रभावशाली बनाना चाहती है, जिसके लिए 'एआई-गवर्नेंस' के मॉडल सामने आ रहे हैं, वैसे ही जैसे देश ने 'डिजिटल-गवर्नेंस' को सफल बनाया।

भारत में एकसाथ कई भाषाओं में तत्काल अनुवाद करने वाले एआई मॉडल की ज़रूरत महसूस की जा रही थी। बेंगलुरु स्थित सर्वम एआई ने 18 फरवरी को दिल्ली में शिखर सम्मेलन के दौरान, चैटजीपीटी और डीपसीक जैसे अपने स्वयं के बड़े भाषा मॉडल विक्रम का अनावरण करके इस काम को पूरा कर दिखाया है। विदेशी मॉडलों के साथ भारतीय भाषाओं का मेल नहीं बैठ पाता है। टी-20 क्रिकेट विश्व कप के टीवी प्रसारण के दौरान चैटजीपीटी के विज्ञापन स्लॉट के पीछे की व्यावसायिक-योजना पर शायद आपने ध्यान नहीं दिया होगा। कई लोगों की अच्छे स्कूलों तक पहुंच नहीं है, एआई उनकी मदद करेगा। भारत के जुगाड़-विशेषज्ञ बहुत जल्द इनके किफायती और आसान तरीके निकाल लेंगे।

## स्वास्थ्य समाचार

# डेंगू के मरीज अपनी डाइट में जरूर शामिल करें यह चीजें, तेजी से होंगे रिकवर

इस समय डेंगू का बुखार काफी तेजी से फैल रहा है। पिछले कुछ समय से डेंगू के मामलों में देशभर में बड़ी तेजी देखने को मिली है। एडीज मच्छर के काटने से डेंगू का बुखार फैलता है। इस बुखार में मरीज की प्लेटलेट्स काफी तेजी से गिरने लगती हैं। एक स्वस्थ व्यक्ति के शरीर में सामान्यता डेढ़ लाख से चार लाख तक प्लेटलेट्स काउंट होनी चाहिए। क्योंकि डेंगू के बुखार में जब प्लेटलेट्स 50 हजार के नीचे चली जाए तो मरीज की जान पर खतरा बन आता है। इसलिए डेंगू के मरीज को अपनी डाइट का विशेष ख्याल रखना चाहिए। ताकि वह तेजी से रिकवर कर सकते हैं।



## हरी पत्तेदार सब्जियां

बता दें कि डेंगू के बुखार में मरीज काफी ज्यादा कमजोर हो जाता है। इसलिए उन्हें हरी पत्तेदार सब्जियों को अपनी डाइट में जरूर शामिल करना चाहिए। आप हरी सब्जियों के अलावा सब्जियों का सूप, सलाद आदि भी ले सकते हैं।

## पानी

डेंगू के मरीज को ज्यादा से ज्यादा पानी पीना चाहिए। इसलिए शरीर में पानी की कमी नहीं होने देना चाहिए। शरीर को हाइड्रेट रखने के लिए आप फलों का जूस आदि भी ले सकते हैं।

## दलिया

आपको बता दें कि दलिया पोषण से भरपूर होती है। ऐसे में डेंगू के मरीज को पौष्टिक दलिया जरूर दें। इसमें आप हरी सब्जियों को भी डाल सकते हैं।

## खिचड़ी

भारत में खिचड़ी को खूब पसंद किया जाता है। वहीं डॉक्टर भी पेशेंट को खिचड़ी खाने की सलाह देते हैं। ऐसे में डेंगू के मरीज को आप खिचड़ी बनाकर दे सकते हैं।

## बकरी का दूध

डेंगू के बुखार में प्लेटलेट्स काफी ज्यादा घट जाती है। प्लेटलेट्स काउंट बढ़ाने के लिए बकरी का दूध काफी अच्छा माना जाता है। इसलिए मरीज को बकरी के दूध का सेवन करना चाहिए। इससे मरीज जल्दी रिकवर कर सकता है।

## लहसुन

सेहत के लिए लहसुन को बेहद ही फायदेमंद माना जाता है। डेंगू के मरीजों के खाने लहसुन का इस्तेमाल करना चाहिए। इससे संक्रमण से बचने में सहायता मिलती है।

# हाथ-पैर क्यों कांपते हैं? इसके कारण और बचाव के उपाय

आमतौर पर हाथ-पांव कांपने को हम कोई गंभीर समस्या नहीं मानते है। हर व्यक्ति को अपने जीवन में कभी न कभी हाथ-पांव के कांपने की स्थिति का अनुभव जरूर हुआ होगा। ऐसा कभी डर की वजह से होता है, तो कभी साइकोलॉजिकल फैक्टर जिम्मेदार हो सकता है। लेकिन, कभी-कभी हाथ-पांव कांपना किसी बीमारी के चलते भी होता है। इसलिए, अगर लंबे समय तक आपको हाथ-पांव कांपने की समस्या हो, तो नजरंदाज करना सही नहीं है।



## नींद की कमी

अगर कोई व्यक्ति लंबे समय तक पर्याप्त नींद नहीं लेता है, तो उसे कई तरह की परेशानियां हो सकती हैं। अक्सर सिरदर्द, थकान जैसी सामान्य समसयाएं देखने को मिलती हैं। वहीं, अगर कोई बहुत लंबे समय तक अच्छी नींद नहीं ले रहा है, तो एक समय बाद उसके हाथ-पांव कांपने लगते हैं। दरअसल, जब आप अच्छी नींद नहीं लेते हैं, तो इस वजह से न्यूरोलॉजिकल रिफ्लेक्सेस ट्रिगर हो सकती है। इस वजह से कुछ कामकाज करते वक्त हाथ-पांव कांप सकते हैं।

## लो ब्लड प्रेशर होना

शरीर की नसें और मसल्स, ब्लड शुगर की वजह से सही तरह से काम कर पाती हैं। जब किसी वजह से ब्लड शुगर का स्तर गिर जाता है, तो हाथ-पांव में कंपकंपी होने लगती है। ऐसी स्थिति में जरूरी है कि बीपी को कंट्रोल में रखा जाए। इसके लिए, शराब से दूर रहना, स्मोकिंग न करना और डाइट का सही ध्यान रखा जाना चाहिए। अगर इसके बावजूद, हाथ-पांव की कंपकंपी बंद न हो, तो बेहतर है कि डॉक्टर से संपर्क करें।

## ओवरएक्टिव थायराइड का होना

शायद आपको यह जानकर हैरानी हो, ओवरएक्टिव थायराइड की वजह से भी हाथ-पांव कांप सकते हैं। इसका मतलब है कि थायराइड ग्लैंड शरीर को हेल्दी और फिट रखने के लिए काफी मेहनत कर रही है। इसका असर हार्ट पर पड़ता है। ओवरएक्टिव थायराइड में अक्सर लोगों का बिना वजह वजन घटने लगता है और नींद लेने में भी परेशानी आती है। आपका थायराइड ओवरएक्टिव है, यह जानने के लिए ब्लड टेस्ट करवाया जाता है।

## एसेंशियल ट्रेमर

यह एक खतरनाक किस्म की सिचुएशन है। एसेंशियल ट्रेमर होने पर व्यक्ति कप, गिलास या चश्मा जैसी छोटी-छोटी चीजें उठाने में भी समस्या महसूस करता है। सामान उठाते या पकड़ते वक्त मरीज के हाथ कांप सकते हैं। अगर इसका स्तर सीमित रहे, तब तो कोई दिक्कत नहीं है। वहीं, अगर हाथ कांपने की वजह से रोजमर्रा के टास्क पूरे करने में मुश्किलें आने लगें, तो मरीज को बिना देर किए डॉक्टर के पास जाना चाहिए। हालांकि, इस बीमारी का मुख्य कारण क्या है, इसका अब तक पता नहीं चल सका है। विशेषज्ञों का मानना है कि जींस में कुछ बदलाव होने के कारण एसेंशियल ट्रेमर हो सकता है। इस बीमारी से निपटने के लिए डॉक्टर आपको दवाईया या ऑक्यूपेशनल थेरेपी दे सकते हैं। कुछ मामलों में सर्जरी भी की जाती है।

# महिलाओं में कैंसर के जोखिम को कम कर सकते हैं लाइफस्टाइल से जुड़े यह बदलाव

आज के समय में महिलाएं घर और बाहर दोनों जगह के काम करती है। जिस कारण कई बार महिलाओं को तनाव होने के साथ वह शरीर को नजरअंदाज करती रहती है। आज के समय में कैंसर काफी तेजी से फैल रहा है। महिलाएं भी इससे अछूती नहीं है। महिलाओं को कैंसर से बचाव के लिए हेल्दी डाइट, नियमित डॉक्टर से जांच के साथ स्वस्थ जीवनशैली को भी फॉलो करना चाहिए, जिससे कैंसर का रिस्क कम हो सकें। स्तन और गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर दो सबसे आम प्रकार के कैंसर हैं जो महिलाओं को अधिक प्रभावित करते हैं। जीवनशैली में साधारण बदलाव, संतुलित आहार, और तंबाकू और अत्यधिक शराब के सेवन से परहेज, कैंसर के खतरे को काफी कम कर सकते हैं।



**स्वस्थ वजन :** महिलाओं में कैंसर के रिस्क को कम करने के लिए स्वस्थ वजन बनाए रखना बहुत जरूरी होता है। अधिक वजन या मोटापा होने से स्तन, डिम्बग्रंथि और गर्भाशय कैंसर सहित कई प्रकार के कैंसर का खतरा बढ़ जाता है।

**नियमित व्यायाम करें :** महिलाओं को शरीर को हेल्दी और कैंसर से बचाव के लिए नियमित तौर पर व्यायाम करना आवश्यक होता है। नियमित व्यायाम स्तन और पेट के कैंसर के खतरे को कम करने में मदद कर सकता है। व्यायाम में जॉगिंग या अपनी मनपसंद एक्टिविटी को इसमें शामिल कर सकते हैं।

**स्वस्थ आहार का सेवन :** कैंसर से बचाव के लिए डाइट में हेल्दी फूड्स को अवश्य शामिल करें। डाइट में फलों, सब्जियों, साबुत अनाज और कम वसा वाले प्रोटीन से भरपूर फूड्स को शामिल करें। यह फूड्स कैंसर के खतरे को कम करने के साथ शरीर को लंबे समय तक स्वस्थ रखते हैं। डाइट में लाल मांस, शर्करायुक्त खाद्य पदार्थ और परिष्कृत कार्बोहाइड्रेट का सेवन सीमित कम मात्रा में करना चाहिए।

**नियमित जांच करवाएं :** महिलाएं कैंसर से बचाव के लिए नियमित तौर पर शरीर की जांच करवाती रहे। मैमोग्राम और पैप परीक्षण, कैंसर का शीघ्र पता लगाने में मदद कर सकते हैं। 3 से 6 महीने में जाकर डॉक्टर से शरीर की जांच अवश्य कराएं। किसी तरह के लक्षण महसूस होने पर डॉक्टर को अवश्य दिखाएं।

**धूम्रपान छोड़ें :** महिलाएं कैंसर के खतरे को कम करने के लिए धूम्रपान करने से बचें। धूम्रपान ग्रीवा और मूत्राशय के कैंसर के खतरे को बढ़ाता है। धूम्रपान करने से कैंसर सहित कई तरह की बीमारियों का खतरा बढ़ता है। सिगरेट से निकलने वाला धुआं शरीर को कई तरीकों से प्रभावित करता हैं।

## आज का राशिफल

### मेष

नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। मान-सम्मान मिलेगा। नेत्र पीड़ा हो सकती है। अधिकारी वर्ग विशेष सहयोग नहीं करेंगे। ऋण लेना पड़ सकता है। यात्रा आज नहीं करें। परिवार के कार्यों को प्राथमिकता दें। आपकी बुद्धिमता सामाजिक सम्मान दिलाएगी।

### वृष

भ्रम की स्थिति बन सकती है। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। कानूनी अड़चन दूर होगी। भौतिक सुख-सुविधाओं में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य संबंधी समस्या हल हो सकेगी। व्यापार-व्यवसाय अच्छा चलेगा। अपनी वस्तुएँ संभालकर रखें। रुका धन मिलेगा। यात्रा आज नहीं करें।

### मिथुन

फालतू खर्च होगा। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। विवाद को बढ़ावा न दें। चिंता तथा तनाव रहेंगे। व्यावसायिक योजनाओं का क्रियान्वयन नहीं हो पाएगा। परिवार की चिंता रहेगी। अजनबियों पर विश्वास से हानि हो सकती है। आपकी बुद्धिमत्ता सामाजिक सम्मान दिलाएगी।

### कर्क

भूमि व भवन संबंधी योजना बनेगी। रोजगार में वृद्धि होगी। नौकरी में अधिकार बढ़ सकते हैं। अर्थ संबंधी कार्यों में सफलता से हर्ष होगा। सुखद भविष्य का स्वप्न साकार होगा। विचारों से सकारात्मकता बढ़ेगी। दुस्साहस न करें। व्यापार में इच्छित लाभ होगा। परिवार की मदद मिलेगी।

### सिंह

रोजगार में वृद्धि होगी। भेंट व उपहार की प्राप्ति होगी। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। शत्रु सक्रिय रहेंगे। गर्व-अहंकार को दूर करें। राजनीतिक व्यक्तियों से लाभकारी योग बनेंगे। मनोबल बढ़ने से तनाव कम होगा। साझेदारी में नवीन प्रस्ताव प्राप्त हो सकेंगे। आय से व्यय अधिक होंगे।

### कन्या

जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। विवाद को बढ़ावा न दें। मितव्ययिता को ध्यान में रखें। कुटुंबियों से संबंध सुधरेंगे। शत्रुओं से सावधान रहें। व्यापार लाभप्रद रहेगा। खर्चों में कमी करें। परिवार के कार्यों को प्राथमिकता दें।

### तुला

पुराना रोग उभर सकता है। प्रयास सफल रहेंगे। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। रोजगार में वृद्धि होगी। यात्रा का शुभ योग होने के साथ ही कठिन कार्य में भी सफलता मिल सकेगी। रिश्तेदारों से संपति संबंधी विवाद हो सकता है। व्यापार-नौकरी में लाभ होगा। नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा।

### वृश्चिक

धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। कोर्ट व कचहरी के कार्य बनेंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। चोट व रोग से बचें। कार्य-व्यवसाय में लाभ होने की संभावना है। दांपत्य जीवन में अनुकूलता रहेगी। सामाजिक समारोहों में भाग लेंगे। सुकर्मों के लाभकारी परिणाम मिलेंगे। सश्रम किए गए कार्य पूर्ण होंगे।

### धनु

पुराने मित्र व संबंधियों से मुलाकात होगी। शुभ समाचार मिलेंगे। मान बढ़ेगा। प्रसन्नता रहेगी। मन में उत्साह रहेगा, जिससे कार्य की गति बढ़ेगी। आपके कार्यों को समाज में प्रशंसा मिलेगी। भागीदारी में आपके द्वारा लिए गए निर्णयों से लाभ होगा। मान-सम्मान मिलेगा। नेत्र पीड़ा हो सकती है।

### मकर

बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा सफल रहेगी। रोजगार में वृद्धि होगी। जोखिम न लें। अपने व्यसनों पर नियंत्रण रखें। पत्नी के बतलाए रास्ते पर चलने से लाभ की संभावना बनती है। यात्रा से लाभ। वाहन-मशीनरी खरीदी के योग हैं। व्यवसाय में अड़चनें आएंगी।

### कुंभ

स्वादिष्ट भोजन का आनंद मिलेगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। अच्छे लोगों से भेंट होगी जो आपके हितचिंतक रहेंगे। योजनाएं फलीभूत होंगी। नौकरी में पदोन्नाति के योग हैं। आलस्य से बचकर रहें। अधिकारी वर्ग विशेष सहयोग नहीं करेंगे। ऋण लेना पड़ सकता है।

### मीन

कष्ट, भय, चिंता व बेचैनी का माहौल बन सकता है। दु:खद समाचार मिल सकता है, धैर्य रखें। किसी के भरोसे न रहकर अपना कार्य स्वयं करें। महत्वपूर्ण कार्यों में हस्तक्षेप से नुकसान की आशंका है। परिवार में तनाव रहेगा। व्यापार-व्यवसाय मध्यम रहेगा।

## विराट हिन्दू सम्मेलन कल

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष में निर्माण नगर क्षेत्र के सकल हिंदू समाज की ओर से पार्श्वनाथ बस्ती 22 फरवरी को विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। राष्ट्रीय चेतना, सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक जागरण के उद्देश्य से आयोजित सम्मेलन के अंतर्गत अपराह्न तीन बजे शिव हनुमान मंदिर से कलश यात्रा निकाली जाएगी। गाजेबाजे के साथ कलश यात्रा श्री सोमेश्वर महादेव मंदिर होते हुए आयोजन स्थल विष्णु मैरिज गार्डन पहुंचेगी। यात्रा में क्षेत्र की महिलाएं, युवा एवं श्रद्धालु पारंपरिक वेशभूषा में भाग लेकर धार्मिक एवं सांस्कृतिक एकता का संदेश देंगे। कार्यक्रम में हिन्दू संस्कृति से जुड़ी विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, प्रेरक उद्बोधन एवं सामाजिक विषयों पर मार्गदर्शन दिया जाएगा। इसके साथ ही हिन्दू संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन में योगदान देने वाले परिवारों, पर्यावरण, शिक्षा एवं चिकित्सा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले व्यक्तियों तथा उत्कृष्ट प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाएगा।

## बिजली लाइन पर झुलसने से कार्मिक की मौत

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजधानी के जयपुर के भांकरोटा क्षेत्र में शुक्रवार को एक दर्दनाक विद्युत हादसे में बिजली विभाग के हेल्पर की मौत हो गई। हादसा भांकरोटा स्थित 132 केवी जीएसएस के पास हुआ, जहां 33 केवी लाइन पर काम करते समय करंट लगने से कार्मिक बुरी तरह झुलस गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बिजली विभाग का हेल्पर विद्यानंद झा लाइन पर कार्य कर रहा था। बताया जा रहा है कि जिस लाइन पर शटडाउन लिया गया थाए उसके बजाय वह गलती से चालू लाइन पर चढ़ गया। करंट लगते ही वह करीब दस मिनट तक लाइन पर ही झूलता रहा, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना मिलते ही विभागीय कर्मचारी और स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और गंभीर रूप से झुलसे कार्मिक को तुरंत अस्पताल भेजा गया। उसे सवाई मानसिंह अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद क्षेत्र में कुछ समय के लिए बिजली आपूर्ति भी बाधित रही। विभागीय अधिकारियों के अनुसार सुरक्षा प्रक्रिया के दौरान हुई चूक के कारण यह दुर्घटना हुई। फिलहाल बिजली आपूर्ति को धीरे-धीरे बहाल किया जा रहा है और मामले की जांच की जा रही है।

## रोजाना होती है निशान की पूजा अर्चना

निसं



**सूरजगढ़ ( नवयत्न )।** कस्बे के श्याम दरबार मंदिर में श्रद्धालुओं द्वारा भगत हजारीलाल इंदोरिया के सानिध्य में स्थापित श्याम निशान की हर रोज पुजा अर्चना की जाती है। भगत हजारी लाल ने बताया कि फाल्गुन मास की एकम को मंदिर परिसर में पुरे विधि विधान से निशान को स्थापित किया गया जिसकी श्रद्धालुओं द्वारा पुजा अर्चना की जाती है। पंचमीं तिथि को निशान के साथ पदयात्रा रवाना होगी जो दशमीं को खाटूधाम पहुंचेगी जहां पर श्रद्धालुओं द्वारा निशान की पुजा अर्चना की जाएगी। दो दिन के विश्राम के बाद द्वादशी को निशान खाटू मंदिर के शिखर पर अर्पित किया जाएगा।

## सौ किलो प्लास्टिक जब्त कर लगाया 4 हजार का जुर्माना



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** नगरपरिषद आयुक्त के निर्देशों पर शहर में प्लास्टिक की थैलियां जप्त की गई हैं। नगर परिषद की टीम ने पांच जगहों पर कार्यवाही की और करीब 1 क्विंटल प्लास्टिक की थैलियां जप्त की हैं। स्वच्छ भारत अभियान प्रभारी भूपेंद्र सिंह ने बताया कि करीब सौ किलो प्लास्टिक जप्त कर 4 हजार रूपये के चालान भी किए गए हैं। यह प्लास्टिक जब्ती राजस्व निरीक्षक मुन्नालाल मीणा और सफाई निरीक्षक ओमप्रकाश स्वामी की गिनरानी में गई। नगर परिषद द्वारा कार्यवाही करने वाली टीम में एएसआई जगदीश, हेड कांस्टेबल सहीराम, फायरमैंन प्रमोद विश्नोई, जमादार नथमल, अनिल, रणजीत और वाहन चालक सूरजभान आदि शामिल रहे।

## नवं दम्पती कल गोविंद देवजी मंदिर में करेंगे देहली वंदन

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** पिछले छह माह में परिणय सूत्र में बंधे नव दंपत्तियों के सुखी दाम्पत्य जीवन की कामना के साथ कल रविवार 22 मार्च को आराध्य देव गोविंद देवजी मंदिर में महंत अंजन कुमार गोस्वामी के सान्निध्य में सुबह नौ बजे से देहली वंदन-निःशुल्क पंच कुंडीय का आयोजन किया जाएगा। मंदिर के सेवाधिकारी मानस गोस्वामी ने बताया कि इस आयोजन में कोई भी नव दंपत्ति शामिल हो सकते हैं। इसके लिए कोई शुल्क नहीं हैं और न ही कोई सामग्री लाने की आवश्यक्ता है। सुबह नौ बजे तक यज्ञशाला में प्रवेश करने वाले जोड़ों को पहले आओ पहले पाओ के आधार पर प्रवेश दिया जाएगा।

मां मंगला गौरी के सोडशोपचार पूजन के बाद गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। यज्ञ में विशिष्ट हवन सामग्री से आहुतियां प्रदान की जाएंगी। यज्ञ के बाद नव दंपत्ति ठाकुर श्री राधा गोविंद देवजी मंदिर के गर्भ गृह की देहली पर ढोक देकर सुख-सौभाग्य की कामना करेंगे। गोविंद देवजी मंदिर प्रबंधन की ओर से सभी जोड़ो को ठाकुरजी का चित्र, दुपट्टा और गायत्री परिवा की ओर से गृहस्थ जीवन से जुड़ी पुस्तकों का सेट प्रदान किया जाएगा। नए जोड़ों के अलावा अन्य श्रद्धालु भी हवन में शामिल होकर आहुतियां प्रदान कर सकेंगे। यज्ञ 9 से दोहपर 12 बजे तक चलेगा।

# राजा परीक्षित का प्रसंग सुन भाव विभोर हुए श्रोता

निसं

**राजलदेसर ( नवयत्न )।** कस्बे में महेंदीपुर बालाजी मंदिर में बालाजी के भक्तों के सहयोग से चल रही श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ के दूसरे दिन शुक्रवार को श्रद्धालुओं ने भागवत कथा का रसपान किया। कथावाचक दण्डी स्वामी शिवेन्द्राश्रम महाराज ने कहा कि ठाकुर जी की कृपा है, जिससे सभी भक्तगण कथा श्रवण कर पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिन्हें गोविंद देते हैं, उन्हें उतना ही



मिलता है जितनी उनकी पात्रता होती है। कथा में उन्होंने यह भी बताया कि यदि कोई श्रोता कुछ पाने, कुछ सीखने की भावना से आता है, तो यह कथा उसे बहुत कुछ देती है। उन्होंने कहा कि मनुष्य जीवन संसारिक भोग के लिए नहीं, बल्कि कृष्णभक्ति के लिए मिला है। आज का मानव भक्ति की जगह विषय-वस्तु के भोग में डूबा हुआ है, जबकि हमारा उद्देश्य जीवन में भगवान श्रीकृष्ण की प्राप्ति होना चाहिए। उन्होंने बताया कि यदि हम यह संकल्प ले लें कि हमें अपने जीवन में प्रभु को ही पाना है, तो फिर उससे बढ़कर कोई सुख, संपत्ति या सम्पदा नहीं हो सकती। कथावाचक ने कहा कि भागवत कथा के समय स्वयं भगवान श्रीकृष्ण कथा स्थल पर उपस्थित होते हैं। यह कथा जाति या मजहब नहीं देखती, बल्कि जो कोई भी इसकी शरण में आता है, उसका कल्याण करती है। यह कथा मनवांछित फल देने के साथ-साथ मोक्ष तक की यात्रा कराती है। कथा के यजमान विष्णु पारीक व मांगीलाल प्रजापत सपत्नीक रहे। पुजारी राजूराम, वीरेंद्र लाटा, चोरूलाल फोगला, सुरेश फोगला, सहित अनेकों बालाजी के भक्त मौजूद थे।

## कांवटियों के खुर्रे की 60 वीं पदयात्रा कल

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** कांवटियों का खुर्रा रामगंज स्थित श्री श्याम प्राचीन मंदिर से महंत पंण्लोकेश मिश्रा के सानिध्य में श्री श्याम सत्संग मंडल संस्था की 60 वीं पदयात्रा 22 फरवरी को सुबह 11.15 बजे बैंडबाजा, लवाजमे के साथ खाटू धाम के लिए प्रस्थान करेगी। इससे पूर्व 21 फरवरी को रात्रि आठ बजे निशान पूजन आचार्य पंण्गिरधर शर्मा के आचार्यत्व मे किया जाएगा। इसके बाद भजनामृत सत्संग होगा। संस्था के अध्यक्ष अशोक मिश्रा और कुंजबिहारी आभास वालों ने बताया कि पदयात्रा में हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे। रामगंज से चांदपोल तक केवल पदयात्री ही नजर आएंगे। चांदी के रथ में श्याम प्रभु को विराजमान कर चंवर डुलाते हुए ले जाया जाएगा। झोटवाड़ा रोड, चौमूं पुलिया, भवानी निकेतन, ढहर के बालाजी होते हुए पदयात्रा सीकर रोड पर आएगी। रात्रि विश्राम हरमाड़ा में होगा। चौमूं, गोविंदगढ़ , रींगस होते हुए पदयात्रा 26 फरवरी को खाटूधाम पहुंचेगी। 27 फरवरी को फाग महोत्सव, छप्पन भोग, चंग-धमाल का आयोजन जयपुर वालों की धर्मशाला में होगा।

### चौगान स्टेडियम में किया निशान पूजन

श्री श्याम सत्संग मण्डल समिति ट्रस्ट, जयपुर के तत्वावधान में खाटूश्याम जी की पदयात्रा शनिवार को चौगान स्टेडियम से जयकारों के साथ रवाना होगी। शुक्रवार शाम को चौगान स्टेडियम स्थित सत्संग भवन में निशान पूजन किया गया। शनिवार को सुबह 9 बजे चौगान स्टेडियम से आरती के साथ पदयात्रा प्रारंभ होगी। सैंकड़ों की संख्या में श्रद्धालु पदयात्रा में शामिल होंगे।

पदयात्रा के दौरान 22 फरवरी को सीकर रोड टोल प्लाजा के आगे रात्रि जागरण होगा।

## विश्व सामाजिक न्याय दिवस पर दी कानूनी जानकारी

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चूरू व तालुका विधिक सेवा समिति सुजानगढ़ के निर्देशानुसार विश्व सामाजिक न्याय दिवस को लेकर आमजन के साथ उत्साहपूर्वक मनाते हुए पी एल वी विजय पाल श्योराण द्वारा विधिक जागरूकता के लिए लोगों को कानूनी जानकारी दी गई। सांड चौक में राशन दुकान के आगे आये नागरिकों को सामाजिक न्याय के बारे में जानकारी देते हुए विश्व मानव समाज के अभिन्न अंग के रूप में दुनिया और देश के व्यापक हित में हर भूमिका निभाने की अपील की।




धन लक्ष्मी कॉम्प्लेक्स, घंटा घर के पास जन उपयोगी सेवाओं की बहाली हेतु जिला स्तरीय स्थाई लोक अदालत के लाभ लेने हेतु प्रदेश व्यापी-न्याय आपके द्वार अभियान की जानकारी दी। पी एल वी ने बताया कि वायु सड़क, जल द्वारा यात्रियों या माल के परिवहन के लिए परिवहन सेवाएं, डाक, टेलीग्राफया टेलीफोन सेवाए किसी भी स्थापना द्वारा जनता को शक्ति, रोशनी या पानी की आपूर्ति, लोक स्वच्छता या स्वास्थ्य रक्षा की प्रणालियां आदि सार्वजनिक समस्या का समाधान अगर जिम्मेदार विभाग समाधान नहीं कर रहा है, तो स्थाई लोक अदालत पी एल के द्वारा उसका समाधान करवाने की व्यवस्था है।

### पांच आरोपियों को न्यायालय ने भेजा जेल

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** चोरी के आरोप में गिरफ्तार किए गए तीन युवकों को न्यायालय ने जेल भेजे जाने के आदेश दिए हैं। कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार रब्बानी, शादिल, मोहम्मद सद्दाम को जेल भेजा गया है। सीआई बैगाराम मीणा ने बताया कि पुलिस लगातार चोरों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्यवाही कर रही है। इसी प्रकार हमले के आरोपी उमर उर्फ राजा दमामी निवासी नया बाजार, व्यापारियों की मस्जिद के पीछे सुजानगढ़ को भी जेल भेज दिया गया है।

## डाक जीवन बीमा के अभिकर्ता व क्षेत्र अधिकारी के 25 को साक्षात्कार

हर्ष सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** भारतीय डाक विभाग के अधीक्षक डाकघर, झुंझुनू मंडल द्वारा डाक जीवन बीमा और ग्रामीण डाक जीवन बीमा के लिए अभिकर्ता तथा क्षेत्र अधिकारी के चयन हेतु 25 फरवर को सुबह 10 बजे साक्षात्कार आयोजित किया जाएगा। डाकघर अधीक्षक धर्मपाल सिंह ढाका ने बताया कि अभिकर्ता पद के लिए अभ्यर्थी का न्यूनतम 10वीं उत्तीर्ण होना और आयु 18 वर्ष या उससे अधिक होना आवश्यक है। क्षेत्र अधिकारी पद के लिए किसी भी विभाग से सेवानिवृत्त या भारमुक्त कर्मचारी आवेदन कर सकते हैं, जिसमें डाक विभाग के भारमुक्त ग्रामीण डाक सेवक भी शामिल हैं। इस पद के लिए अधिकतम आयु सीमा निर्धारित नहीं है। इच्छुक अभ्यर्थियों को शैक्षणिक प्रमाण पत्रों की मूल अंकतालिका, तीन पासपोर्ट आकार के फोटो सहित अधीक्षक डाकघर कार्यालय, रोड नम्बर-1 स्थित कार्यालय में उपस्थित होना होगा। चयनित अभ्यर्थियों को तीन दिवस के भीतर 5000 रुपये का राष्ट्रीय बचत प्रमाण पत्र तथा अन्य दस्तावेज जमा कराने होंगे। चयनित अभ्यर्थियों को नियमानुसार प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी।

साक्षात्कार में शामिल होने के लिए अभ्यर्थियों को स्वयं के खर्च पर उपस्थित होना होगा।

## तप कल्याणक सम्पन्न

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** श्री दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र पदमपुरा में चल रहे श्री मज्जिनेन्द्र पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महामहोत्सव के अंतर्गत शुक्रवार को तप कल्याणक की विभिन्न धार्मिक क्रियाएं श्रद्धा और भक्ति के साथ सम्पन्न हुई। कार्यक्रम में वात्सल्य वारिधि पंचम पट्टाचार्य वर्धमानसागर महाराज, गणिनी आर्यिका सरस्वती माताजी तथा गणिनी आर्यिका स्वस्तिभूषण माताजी ससंघ के सानिध्य में बड़ी संख्या में जैन श्रद्धालु उपस्थित रहे। प्रतिष्ठाचार्य पं. हंसमुख जैन धरियावद के निर्देशन में प्रातः नित्य महाभिषेक, शांतिधारा और जिनार्चना हुई। अन्नप्राशन विधि, बाल क्रीड़ा तथा धर्मसभा के आयोजन ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। धर्मसभा में आचार्य वर्धमानसागर महाराज ने संयम, पुण्य और भावों की शुद्धि को जीवन की वास्तविक समृद्धि बताया।

इस अवसर पर समाज के प्रमुख जनों ने चित्र अनावरण, दीप प्रज्वलन तथा पाद प्रक्षालन कर जिनवाणी भेंट की। दोपहर में महाराजा नाभिराय का दरबार, तीर्थंकर युवराज के विवाह, राज्याभिषेक और चक्रवर्ती दिग्विजय जुलूस के दृश्य प्रस्तुत किए गए। नीलांजना के नृत्य के दौरान मूर्छित होने की घटना से महाराजा ऋषभदेव को वैराग्य उत्पन्न होने का प्रसंग दिखाया गया, जिसके बाद दीक्षा संस्कार की झांकी ने श्रद्धालुओं को भाव-



विभोर कर दिया। सायंकाल महाआरती के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम में दिगंबर जैन महिला समिति जौहरी बाजार की सदस्याओं ने राहुल जैन के निर्देशन में नाटिका श्वज्रबाहु का वैराग्य की प्रभावशाली प्रस्तुति दी। नाटिका में एक हास्य प्रसंग से उत्पन्न वैराग्य की कथा को कलाकारों ने जीवंत रूप में प्रस्तुत किया, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। महोत्सव समिति के संयोजक राजकुमार कोठ्यारी के अनुसार पंचकल्याणक महोत्सव में प्रतिदिन विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

## ऑनलाइन ठगी से बचने के लिए राजस्थान पुलिस की एडवाइजरी

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** ऑनलाइन निवेश और ट्रेडिंग के नाम पर बढ़ रही साइबर ठगी को देखते हुए राजस्थान पुलिस की साइबर शाखा ने निवेशकों के लिए विशेष एडवाइजरी जारी की है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि किसी भी प्रकार का निवेश या भुगतान करने से पहले संबंधित यूपीआई आईडीए क्यूआर कोड या बैंक खाता संख्या की सेबी जांच के माध्यम से पुष्टि अवश्य करें। उपमहानिरीक्षक पुलिस विकास शर्मा ने बताया कि साइबर अपराधी फर्जी निवेश योजनाओं के जरिए लोगों को लालच देकर ठगी कर रहे हैं। निवेशकों की सुरक्षा के लिए भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड ने एक सत्यापन सुविधा उपलब्ध कराई है, जिससे यह पता लगाया जा सकता है कि भुगतान के लिए दिया गया यूपीआई पहचान नंबर या बैंक खाता सेबी में पंजीकृत मध्यस्थ से जुड़ा है या नहीं।

### ऐसे करें सेबी जांच

सबसे पहले सेबी साथी मोबाइल ऐप डाउनलोड करें या सेबी की आधिकारिक वेबसाइट पर जाएं। इसके बाद मुख्य पृष्ठ पर दिए गए सेबी जांच विकल्प पर क्लिक करें। यहां संबंधित व्यक्ति या संस्था का क्यूआर कोड अपलोड करें या उसकी यूपीआई आईडी अथवा बैंक खाता संख्या दर्ज करें।

### परिणाम को ऐसे समझें

यदि परिणाम में श्यूपीआई आईडी मान्य है दिखाई देता है, तो इसका अर्थ है कि यह आईडी सेबी में पंजीकृत मध्यस्थ से जुड़ी है और लेनदेन अपेक्षाकृत सुरक्षित है। यदि श्यूपीआई आईडी अमान्य है दिखे तो ऐसी स्थिति में भुगतान नहीं करना चाहिए।

### निवेशकों के लिए जरूरी सावधानियां

पुलिस ने सलाह दी है कि केवल सेबी-पंजीकृत ब्रोकर या निवेश सलाहकार के माध्यम से ही निवेश करें। सोशल मीडिया या मैसेजिंग ऐप पर मिलने वाले जल्दी पैसा दोगुना करने के प्रलोभनों से सावधान रहें और किसी व्यक्तिगत खाते में निवेश की राशि जमा न करें।

### साइबर ठगी होने पर यहां करें शिकायत

यदि कोई व्यक्ति साइबर धोखाधड़ी का शिकार हो जाए तो तुरंत हेल्पलाइन नंबर 1930 पर सूचना दें। इसके अलावा साइबर हेल्प डेस्क नंबर 9256001930 और 9257510100, ऑनलाइन पोर्टल या नजदीकी पुलिस थाना अथवा साइबर पुलिस थाना में शिकायत दर्ज कराई जा सकती है।

## गौहत्यारे को बचाने का भाजपा का सरकारी षड्यंत्र नहीं होगा कामयाब : खाचरियावास

**जयपुर ( नवयत्न )।** गाय के बछड़े की हत्या के मामले को लेकर पूर्व मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने राज्य सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि मामले में भाजपा से जुड़े लोगों को बचाने की कोशिश की जा रही है, लेकिन यह प्रयास सफल नहीं होगा। खाचरियावास ने दावा किया कि आरोपी सत्यनारायण शर्मा ने वीडियो में खुद स्वीकार किया है कि बछड़े को हिंगोनिया गौशाला भेजा गया था और बाद में उसकी गर्दन काटकर लाने की बात सामने आई। उन्होंने आरोप लगाया कि इस पूरे मामले में स्थानीय विधायक गोपाल शर्मा ने हस्तक्षेप कर आरोपी को थाने से छुड़वाया। उन्होंने कहा कि यदि किसी डॉक्टर द्वारा दबाव में गलत मेडिकल रिपोर्ट दी जाती है तो उनके खिलाफ भी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही उन्होंने चेतावनी दी कि मामले को दबाने का प्रयास हुआ तो अदालत का दरवाजा खटखटाया जाएगा। खाचरियावास



ने कहा कि गौहत्या जैसे गंभीर विषय पर राजनीति नहीं होनी चाहिए और दोषियों को कड़ी सजा मिलनी चाहिए। उन्होंने बताया कि इस मुद्दे को लेकर प्रदेशभर में गोरक्षा आंदोलन चलाया जाएगा, विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में यात्राएं निकाली जाएंगी तथा राजभवन और विधानसभा का घेराव भी किया जाएगा। उन्होंने राज्य की भारतीय जनता पार्टी सरकार से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफसख्त कार्रवाई की मांग की।

## मां के 100 वें जन्मदिन वाटर कूलर लगाया

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** निकटवर्ती दिवराला गांव में नाथूलाल एवं रघुनाथ सैनी ने दिवराला-करीरी सड़क-मार्ग पर स्थित अपने मकान के सामने मुख्य मार्ग पर वाटर-कूलर लगाकर एवं सवामणी कार्यक्रम आयोजित कर अपनी शतायु माता प्रभाती देवी का 100 वां जन्मदिन सेलेब्रेट किया। कार्यक्रम में



परिवारजनों, नाते-रिश्तेदारों, जान-पहचान वालों एवं ग्रामीणों ने शिरकत की। क्षेत्र के समाजसेवी बलराम यादव ने भी कार्यक्रम में भाग लिया।

## बाबा श्याम के लक्खी मेले में स्थानीय संघ के स्काउट देंगे सेवा

**पलसाना ( नवयत्न )।** बाबा श्याम का वार्षिक लक्खी मेला 21 से 28 फरवरी तक भरेगा। स्थानीय संघ पलसाना के सचिव एवं शिविर संचालक पवन कुमार शर्मा ने बताया कि राज्य स्तरीय समाज सेवा शिविर में राज्य के विभिन्न जिलों के स्काउट रोवर सेवा देंगे। शनिवार से खाटूश्यामजी के अध्यक्ष एडवोकेट जनार्दन शर्मा के निर्देशन में खाटूश्यामजी और पलसाना के स्काउट गाइड रोवर रेंजर सेवा शिविर का शुभारंभ करेंगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार बाबा श्याम के लक्खी मेले में राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड जिला मुख्यालय के तत्वावधान में स्काउट गाइड्स 8 दिन तक बाबा श्याम के भक्तों की सेवा के लिए तत्पर रहेंगे। श्याम भक्तों के लिए सेवा शिविर की शुरुआत रींगस से की गई है। जहां रींगस क्षेत्र के स्काउट गाइड सरगोठ बस स्टैंड, गणपति धाम, भेरूजी मंदिर, श्यामजी मंदिर, सिटी बस स्टैंड, रींगस रेलवे स्टेशन, रींगस खाटू मोड़ चौराहा, बांदीकुई वाली धर्मशाला, लांपुवा बस स्टैंड, संतोषपुरा एवं चोमू पुरोहितान में रींगस के स्काउट गाइड के द्वारा सेवा कार्य को अंजाम दिया जाएगा। स्काउट गाइड स्थानीय संघ पलसाना एवं खाटूश्यामजी का सेवा शिविर 21 फरवरी से बाकी शेष स्थानीय संघ सीकर, लक्ष्मणगढ़, फतेहपुर, धोद, नीमकाथाना, दांतारामगढ़, खंडेला, श्रीमाधोपुर, रींगस, खुड़, शिवसिंहपुरा, थोई, पाटन, अजीतगढ़, रानोली के स्काउट व रोवर 24 फरवरी से चार पारियों में लगातार 24 घंटे श्याम भक्तों के बीच में सेवा कार्य को अंजाम देंगे।

खाटूश्यामजी तोरण द्वार से लामिया रोड, जिक जैक, मोदी ग्राउंड, लखदातार ग्राउंड, श्याम चौक, श्याम कुंड, मंदिर परिसर, मंदिर के सामने एवं मेला परिक्षेत्र में अपने ड्यूटी पॉइंट पर सेवा का मोर्चा संभालेंगे। इसके साथ ही स्काउट गाइड द्वारा मेला परिसर में प्रसाद वितरण, मंदिर दर्शन, जल सेवा, श्याम कुंड स्नान, खोया पाया, प्राथमिक सहायता, कतारें बनवाना, दिव्यांग सहायता, भीड़ नियंत्रण, आपदा प्रबंधन, स्वच्छता, जन जागृति, वृद्ध जनसेवा, सड़क सुरक्षा सहित विभिन्न सेवा कार्यों को बाबा श्याम के जयकारे के साथ करते रहेंगे।

## सात वर्षीय अहमद रजा ने रखा रोजा

निसं



**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** सामाजिक कार्यकर्ता मो. इकबाल मौलानी के पोते अहमद रजा मौलानी ने सात साल की उम्र में पहले जुम्मे पर अपने जीवन का पहले रोजा रखा। अपने परिजनों द्वारा रोजा रखने से प्रेरित होने वाला अहमद रजा मौलानी 5 वक्त नमाज पढता है तथा दीनी तालीम हासिल कर रहा है। पहला रोजा रखने पर सभी परिवार जनों ने अहमद रजा का इस्तकबाल किया तथा सभी ने मिल कर मुल्क की खुशहाली एवं भाईचारे तथा प्रगति की दुआ की।

# सुपर-8 टीमों के खिलाफ भारत का टी-20 प्रदर्शन

## वेस्टइंडीज वर्ल्ड कप में भारी पड़ा, साउथ अफ्रीका को पिछला फाइनल हराया

टी-20 वर्ल्ड कप में ग्रुप स्टेज के बाद 8 टीमें सेकेंड राउंड में पहुंच चुकी हैं। यहां 4-4 टीमों को 2 ग्रुप में बांटा गया। टीम इंडिया को साउथ अफ्रीका, वेस्टइंडीज और जिम्बाब्वे के ग्रुप में रखा है। विंडीज को छोड़कर बाकी दोनों टीमों के खिलाफ भारत का वर्ल्ड कप रिकॉर्ड अच्छा है।

ICC MEN'S T20 WORLD CUP INDIA & SRI LANKA 2026

### साउथ अफ्रीका के खिलाफ प्रदर्शन



**टी-20 वर्ल्ड कप**

मैच 7 | जीत 5 | हार 2

**टी-20 क्रिकेट**

मैच 35 | जीत 21
हार 13 | बेनतीजा 1

**1 जुलाई 2024 से**

मैच 8 | जीत 6 | हार 2

### जिम्बाब्वे के खिलाफ प्रदर्शन



**टी-20 वर्ल्ड कप**

मैच 1 | जीत 1 | हार 0

**टी-20 क्रिकेट**

मैच 13 | जीत 10
हार 3 | बेनतीजा 0

**1 जुलाई 2024 से**

मैच 5 | जीत 4 | हार 1

### वेस्टइंडीज के खिलाफ प्रदर्शन



**टी-20 वर्ल्ड कप**

मैच 4 | जीत 1 | हार 3

**टी-20 क्रिकेट**

मैच 30 | जीत 19
हार 10 | बेनतीजा 1

*पिछले वर्ल्ड कप के बाद से भारत ने वेस्टइंडीज के खिलाफ कोई टी-20 नहीं खेला।

### टी-20 वर्ल्ड कप 2026

## भारत के टॉप-3 बैटर्स



**ईशान किशन**
मैच 4 | रन 176
बेस्ट 77
स्ट्राइक रेट 202.29



**सूर्यकुमार यादव**
मैच 4 | रन 162
बेस्ट 84*
स्ट्राइक रेट 136.13



**शिवम दुबे**
मैच 4 | रन 116
बेस्ट 66
स्ट्राइक रेट 178.46

## सुपर-8 स्टेज की तीनों टीमों के खिलाफ भारत का प्रदर्शन...

### 1. साउथ अफ्रीका को पिछला फाइनल हराया

सुपर-8 स्टेज में टीम इंडिया का पहला मैच 22 फरवरी को साउथ अफ्रीका से होना है। नरेंद्र मोदी स्टेडियम में मुकाबला शाम 7 बजे से खेला जाएगा। पिछले टी-20 वर्ल्ड कप के बाद से दोनों टीमों ने 8 टी-20 खेले, 6 में भारत और महज 2 में साउथ अफ्रीका को जीत मिली।

टी-20 वर्ल्ड कप इतिहास में दोनों टीमें 7 बार भिड़ीं, 5 में भारत और 2 में ही साउथ अफ्रीका जीत सका। टीम इंडिया ने 2014 के सेमीफाइनल और 2024 के फाइनल में प्रोटियाज टीम को ही हराया था। ओवरऑल टी-20 में भी भारत ने साउथ अफ्रीका को 60% मैच हराए हैं।

### 2. जिम्बाब्वे ने चैंपियन बनने के बाद हराया

टीम इंडिया का दूसरा मैच 26 फरवरी को जिम्बाब्वे से होना है। चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम में मुकाबला शाम 7 बजे से ही शुरू होगा। 29 जून 2024 को टी-20 वर्ल्ड चैंपियन बनने के बाद टीम इंडिया जिम्बाब्वे दौरे पर ही गई। जहां होम टीम ने पहले ही मुकाबले में भारत को 102 रन पर समेटकर 13 रन से मुकाबला जीत लिया। हालांकि, सीरीज 4-1 से भारत के नाम रही।

टी-20 वर्ल्ड कप में दोनों टीमें इकलौती बार 2022 में भिड़ी थीं। मेलबर्न में पहले बैटिंग करते हुए भारत ने सूर्यकुमार यादव और केएल राहुल की फिफ्टी के सहारे 186 रन बना दिए। जवाब में जिम्बाब्वे 115 रन ही बना सका। ओवरऑल दोनों टीमों के बीच 13 टी-20 हुए, महज 3 में जिम्बाब्वे को जीत मिल सकी।

### 3. वेस्टइंडीज 2016 का सेमीफाइनल हरा चुका

टीम इंडिया का आखिरी सुपर-8 मैच 1 मार्च को वेस्टइंडीज के खिलाफ होगा। कोलकाता के ईडन गार्डन्स स्टेडियम में यह मुकाबला भी शाम 7 बजे से खेला जाएगा। पिछले वर्ल्ड कप के बाद से दोनों टीमें एक बार भी नहीं भिड़ीं, दोनों टीमें 2024 के आईसीसी टूर्नामेंट में भी आमने-सामने नहीं हो सकी थीं। भारत ने वेस्टइंडीज को ओवरऑल 63% टी-20 मैच हराए हैं।

टी-20 वर्ल्ड कप में वेस्टइंडीज का पलड़ा ही भारी रहा। आईसीसी टूर्नामेंट में दोनों टीमें 2009 में पहली बार भिड़ी थीं, तब लॉर्ड्स में भारत 7 विकेट से हार गया। 2010 में भी विंडीज 14 रन से जीता। भारत को इकलौती जीत 2014 में मिली, तब टीम 7 विकेट से जीती थी। दोनों टीमें 2016 में मुंबई के मैदान पर सेमीफाइनल में भी आमने-सामने हुईं। भारत ने विराट कोहली के 89 रन की मदद से 192 रन बनाए, विंडीज ने 2 गेंदें बाकी रहते हुए 7 विकेट से मुकाबला जीता और भारत को बाहर कर दिया।

### सभी टेबल टॉपर भारत के ग्रुप में

सुपर-8 से पहले ग्रुप स्टेज में 20 टीमों को 5-5 के 4 ग्रुप में बांटा गया। भारत ग्रुप-ए में सभी मैच जीतकर टॉप पर रहा। टीम इंडिया के सुपर-8 ग्रुप में शामिल जिम्बाब्वे ग्रुप-बी, वेस्टइंडीज ग्रुप-सी और साउथ अफ्रीका ग्रुप-डी में सभी मैच जीतकर नंबर-1 पर रहा। यानी टीम इंडिया के ग्रुप-1 में सभी अजेय टीमें हैं। दूसरी ओर ग्रुप-2 में शामिल श्रीलंका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और पाकिस्तान को ग्रुप स्टेज में 1-1 हार जरूर मिली।

### ईशान भारत के टॉप रन स्कोरर

इस टी-20 वर्ल्ड कप में ईशान किशन ने भारत के लिए सबसे ज्यादा 176 रन बनाए हैं। वे पाकिस्तान के खिलाफ 77 रन बनाकर प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड भी जीत चुके हैं। उनके बाद सूर्यकुमार यादव ने 162 रन बनाए हैं, जिन्होंने अमेरिका के खिलाफ मुकाबले में 84 रन की मैच विनिंग पारी खेली थी।

### चक्रवर्ती टीम इंडिया के टॉप विकेट टेकर

टूर्नामेंट में मिस्ट्री स्पिनर वरुण चक्रवर्ती ने भारत के लिए सबसे ज्यादा 9 विकेट लिए हैं। उन्होंने महज 5.16 की इकोनॉमी से रन खर्च किए, वे आईसीसी की टी-20 बॉलर्स रैंकिंग में नंबर-1 गेंदबाज भी हैं। उनके बाद अक्षर पटेल ने 6 और हार्दिक पंड्या ने 5 विकेट लिए हैं।

# भारत-पाक मैच ने तोड़े डिजिटल व्यूअरशिप रिकॉर्ड

## जियोहॉटस्टार पर 16.3 करोड़ यूजर्स ने देखा



भारत-पाकिस्तान के हाई-वोल्टेज मुकाबले ने व्यूअरशिप के सभी पुराने रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। डिजिटल प्लेटफॉर्म पर इस मैच को 16.3 करोड़ यूजर्स ने देखा। यह टी-20 फॉर्मेट में किसी भी आईसीसी इवेंट के लिए एक मैच की सबसे ज्यादा रीच है। यह मैच 15 फरवरी को कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में खेला गया था। इस मैच को 20 बिलियन मिनट देखा गया है। इसने डिजिटल प्लेटफॉर्म पर 2024 ञ20 वर्ल्ड कप फाइनल मैच को भी पीछे छोड़ दिया है। यह फाइनल मैच भारत और साउथ अफ्रीका के बीच खेला गया था।

### 20 अरब मिनट का वॉच टाइम रिकॉर्ड

मोबाइल पर यह मैच लीग स्टेज का सबसे ज्यादा देखा गया मुकाबला बना। सभी प्लेटफॉर्म मिलाकर कुल 20 अरब मिनट का वॉच टाइम रिकॉर्ड हुआ, जो पिछले संस्करण की तुलना में 42% ज्यादा है। 2024 के भारत-पाकिस्तान मैच की तुलना में भी डिजिटल रीच में 56% की बढ़ोतरी दर्ज की गई।

जियोहॉटस्टार के स्पोर्ट्स सेल्स हेड अनूप गोविंदन ने कहा कि यह रिकॉर्ड दर्शकों के जबरदस्त जुड़ाव को दिखाता है। वहीं कंटेंट हेड सिद्धार्थ शर्मा ने इसे देश के टी-20 वर्ल्ड कप के लिए जुनून का सबूत बताया।

भारत ने जीत के साथ टी20 वर्ल्ड कप में पाकिस्तान के खिलाफ अपना रिकॉर्ड 8-1 कर लिया है। वहीं, भारत अब सुपर-8 में पहुंच चुका है और 21 फरवरी से शुरू हो रहे अगले चरण में खिताब बचाने की चुनौती के साथ उतरेगा।

### सुपर-8 में 12 मैच होंगे, 3 दिन डबल हेडर

सुपर-8 स्टेज में 4-4 टीमों के 2 ग्रुप बनेंगे। हर टीम अपने ग्रुप में एक-दूसरे के खिलाफ 3-3 मैच खेलेगी। यानी एक ग्रुप में 6 मैच होंगे। इस तरह दोनों ग्रुप मिलाकर 12 मुकाबले खेले जाएंगे। दोनों ग्रुप की 2-2 टॉप टीमें अगले राउंड में एंट्री करेंगी। सुपर-8 स्टेज में 22 और 26 फरवरी के साथ 1 मार्च को 2-2 मैच खेले जाएंगे। 20 से 28 फरवरी तक बाकी दिन 1-1 मैच ही होगा।

4 मार्च को पहला सेमीफाइनल होगा, वहीं 5 मार्च को वानखेड़े स्टेडियम में दूसरा सेमीफाइनल खेला जाएगा। इन्हें जीतने वाली टीम 8 मार्च को फाइनल में भिड़ेगी। अगर पाकिस्तान ने नॉकआउट राउंड में एंट्री की तो उसके सभी मैच कोलंबो में होंगे।

# पीसीबी बोला- शादाब दिग्गज पाक खिलाड़ियों पर कमेंट न करें

## क्रिकेटर ने कहा था- सीनियर कभी वर्ल्डकप में भारत को हरा नहीं पाए, हमने हराया



पाकिस्तान क्रिकेट टीम के स्टार ऑलराउंडर शादाब खान को अपने बयान के कारण पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड की नाराजगी का सामना करना पड़ा है। शादाब ने कहा था कि पाकिस्तान के सीनियर प्लेयर कभी वर्ल्डकप में भारत को हरा नहीं पाए, लेकिन हमनें हराया है।

शादाब का इशारा 2021 टी-20 वर्ल्ड कप में पाकिस्तान की भारत पर जीत को लेकर था। अब पीसीबी ने पूर्व खिलाड़ियों की आलोचना पर दिए शादाब के बयान को अनुचित माना है। बोर्ड ने शादाब को अपनी भाषा पर नियंत्रण रखने की सलाह दी है।

यह पूरा मामला 18 फरवरी को नामीबिया के खिलाफ मैच के बाद हुई पाकिस्तान की प्रेस कॉन्फ्रेंस से शुरू हुआ, जहां शादाब ने पूर्व क्रिकेटरों पर बयान दिया था। इस मैच में पाकिस्तान ने नामीबिया से जीत हासिल की थी। वहीं, इससे पिछले मैच में पाकिस्तान को भारत से 61 रन से हार था।

शादाब ने कहा था- जो हमने किया, वो दिग्गज भी नहीं कर सके नामीबिया के खिलाफ 36 रन बनाने और 3 विकेट लेने के बाद शादाब खान ने पूर्व खिलाड़ियों पर निशाना साधा था। उन्होंने कहा, आलोचना क्रिकेट के इतिहास का हिस्सा है। पूर्व क्रिकेटर्स की अपनी राय है। वे दिग्गज थे, लेकिन हमने जो किया, वे नहीं कर सके। हमने वर्ल्ड कप में भारत को हराया है।

पीसीबी ने टीम मैनेजर के जरिए मैसेज भेजा न्यूज एजेंसी आईएएनएस के मुताबिक पीसीबी ने टीम मैनेजर नवीद चीमा के जरिए शादाब से नाराजगी जाहिर की है। चीमा ने शादाब को फोन कर बताया कि प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने अपनी सीमाएं लांघी हैं।

शादाब को याद दिलाया गया कि उनके ससुर सकलैन मुश्ताक समेत सभी पूर्व खिलाड़ी पाकिस्तान के दिग्गज हैं और वे सम्मान के हकदार हैं। बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि खिलाड़ियों को ऐसी भाषा के इस्तेमाल से बचना चाहिए।

मैनेजमेंट की अन्य खिलाड़ियों को भी चेतावनी पीसीबी ने सिर्फ शादाब ही नहीं, बल्कि पूरी टीम को नसीहत दी है। टीम मैनेजर को निर्देश दिए गए हैं कि वे सभी खिलाड़ियों को समझाएं कि वे अपनी टिप्पणियों को सिर्फ मैच तक ही सीमित रखें।

अगर कोई खिलाड़ी दोबारा मर्यादा लांघता है तो बोर्ड उस पर कड़ी कार्रवाई कर सकता है। पूर्व क्रिकेटर कामरान अकमल ने भी शादाब के बयान को गैरजरूरी बताया और कहा कि दिग्गजों के खिलाफ बोलते समय सावधानी बरतनी चाहिए।

मीडिया से बातचीत पर टीम मैनेजमेंट सख्त पाकिस्तान टीम मैनेजमेंट फिलहाल मीडिया इंटरैक्शन को लेकर काफी सतर्क है। भारत के साथ हुए अहम मैच से दो दिन पहले तक मैनेजमेंट ने किसी भी खिलाड़ी को मीडिया के सामने नहीं भेजा था।

नामीबिया के खिलाफ मैच से पहले जब उस्मान तारिक से भारत के खिलाफ उनकी गेंदबाजी को लेकर सवाल पूछा गया तो मीडिया मैनेजर नईम गिलानी ने उन्हें जवाब देने से रोक दिया। उन्होंने तर्क दिया कि हेड कोच माइक हेसन इस पर पहले ही सफाई दे चुके हैं।

### पाकिस्तान ने 2021 में पहली बार वर्ल्ड कप में हराया था

पाकिस्तान ने 2021 टी-20 वर्ल्ड कप में पहली बार भारत को 10 विकेट से हराया था। 2021 टी-20 वर्ल्ड कप में पाकिस्तान ने भारत को 10 विकेट से हराया था। पहले टॉस जीत कर पाकिस्तान ने फील्डिंग करने का फैसला किया था। टीम इंडिया ने 7 विकेट खोकर 151 रन बनाए थे। इस मैच में शाहीन शाह अफरीदी ने 3, हसन अली ने 2, शादाब खान ने 1 और हारिश रउफ ने 1 विकेट लिए थे। वहीं, 152 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी पाकिस्तान ने बिना विकेट खोए 17.5 ओवर में ही टारगेट को हासिल कर लिया था।

# भारतीय विमेंस टीम 17 रन से दूसरा टी-20 हारी

## ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 7 रन के अंदर 6 विकेट गंवाए; सीरीज 1-1 से बराबरी पर



ऑस्ट्रेलिया ने इंडिया विमेंस को 17 रन से दूसरा टी-20 हरा दिया। गुरुवार को कैनबरा में खेले गए मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने 163 रन बनाए। जवाब में टीम इंडिया 9 विकेट खोकर 144 रन ही बना सकी।

ऑस्ट्रेलिया के लिए जॉर्जिया वॉल ने सबसे ज्यादा 88 रन बनाए। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। वॉल ने मूनी के साथ मिलकर पहले विकेट लिए 128 रन जोड़े और ऑस्ट्रेलिया की जीत की नींव रखी।

भारत ने टॉस जीतकर ऑस्ट्रेलिया को पहले बल्लेबाजी के लिए बुलाया। ऑस्ट्रेलिया को दोनों ओपनर्स जॉर्जिया वॉल और बेथ मूनी ने अच्छी शुरुआत दिलाई। दोनों ने शतकीय साझेदारी करते हुए पहले विकेट के लिए 128 रन जोड़े।

15वें ओवर में ऑस्ट्रेलिया ने बिना विकेट खोए 128 रन बना लिए थे। ऐसा लग रहा था कि ऑस्ट्रेलिया 180 या 190 के स्कोर तक पहुंच सकती है, लेकिन इसके बाद भारतीय गेंदबाजों ने वापसी करते हुए ऑस्ट्रेलिया को 5 विकेट पर 163 रन के स्कोर पर रोक दिया।

ऑस्ट्रेलिया से वॉल ने 57 गेंदो पर 88 रन बनाए, जिसमें 11 चौके और एक छक्का शामिल रहा। वहीं मूनी ने 39 गेंदों पर 46 रन बनाए। भारत के लिए अरुंधति रेड्डी ने सबसे ज्यादा 2 विकेट लिए। जबकि रेणुका ठाकुर को 1 विकेट मिला। ऑस्ट्रेलिया की दो बैटर्स रन-आउट हुईं।

भारतीय पारी अच्छी शुरुआत के बाद पटरी से उतरी 164 रन के टारगेट का पीछा करते हुए भारत ने तेज शुरुआत की। दोनों ओपनर्स शेफाली वर्मा और स्मृति मंधाना ने पावरप्ले में बिना विकेट खोए 54 रन बना दिए। भारत ने 7वें ओवर में 57 रन पर शेफाली का विकेट गंवाया और 10वें ओवर तक स्कोर 71 रन पर 3 विकेट हो गया।

कप्तान हरमनप्रीत कौर और ऋचा घोष ने फिर चौथे विकेट के लिए 55 रन की पार्टनरशिप की, लेकिन इस पार्टनरशिप के टूटते ही भारत ने अगले 7 रन के अंदर 6 विकेट गंवा दिए।

हरमन ने 36 रन बनाए भारत के लिए कप्तान हरमनप्रीत ने सबसे ज्यादा 36 रन की पारी खेली। वहीं स्मृति ने 31 और शेफाली ने 29 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया के लिए एश्ले गार्डनर ने सबसे ज्यादा 3 विकेट लिए। उनके अलावा किम गार्थ, एनाबेल सदरलैंड और सोफी मोलेन्यू ने 2-2 विकेट लिए।

भारत ने पहला टी-20 जीता, वहीं ऑस्ट्रेलिया के नाम दूसरा टी-20 रहा। सीरीज का तीसरा और डिसाइडर मुकाबला 21 फरवरी को एडिलेड स्टेडियम में खेला जाएगा।

# नवाचारों से बदल रहा शैक्षिक परिदृश्य, समग्र प्रयासों से भविष्य के लिए तैयार हो भावी पीढ़ी : कृष्ण कुणाल

निसं



**चूरू (नवयत्न)।** स्कूल शिक्षा, भाषा, पुस्तकालय विभाग एवं पंचायती राज प्रारम्भिक शिक्षा विभाग शासन सचिव तथा जिला प्रभारी सचिव कृष्ण कुणाल ने शुक्रवार को जिला मुख्यालय पर डाइट का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं और जिले में शिक्षा नवाचारों की समीक्षा करते हुए समुचित निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर कृष्ण कुणाल ने कहा कि नवाचारों के माध्यम से शैक्षिक परिदृश्य में सकारात्मक बदलाव आ रहा है। शिक्षा अधिकारियों के समग्र व समन्वित प्रयासों से भावी पीढ़ी भविष्य के लिए तैयार हो। विद्यालयों में विद्यार्थियों को कोडिंग, एआई और तकनीक आधारित शिक्षण को बढ़ावा दिया जाए। उन्होंने कहा कि अध्यापक बच्चों के अभिभावक की भूमिका भी निभाते हैं, इसलिए कक्षा-कक्ष में बच्चों के सीखने के स्तर का अध्ययन कर उनकी समस्याओं का समाधान करें। शिक्षा में पिछड़ने वाले बच्चों की हैंड होल्डिंग करें और उन्हें प्रोत्साहित करें। उन्होंने कहा कि लर्निंग आउटकम्स सुधारना हमारी जिम्मेदारी है। शिक्षक शिक्षा में तकनीक, रचनात्मकता और मूल्य आधारित दृष्टिकोण को संतुलित रूप से अपनाते हुए भावी पीढ़ी को आत्मनिर्भर व सक्षम बनाकर वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करें। प्रभारी सचिव कुणाल ने कहा कि शिक्षा में डिजीटल समावेशन को प्राथमिकता दी जाए। शिक्षकों को सतत प्रशिक्षण के माध्यम से नवीन शिक्षण पद्धतियों से जोड़ा जाए। समग्र प्रयासों से ही विद्यार्थियों में रचनात्मकता, तार्किक क्षमता और समस्या समाधान कौशल विकसित किए जा सकते हैं।

शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता, गुणवत्ता और परिणामोन्मुखी दृष्टिकोण अपनाना आवश्यक है। उन्होंने जिले में आरआरआर सेंटर के लिए बनाई गई वेबसाइट व अटल टिंकरिंक लैब हेतु वेबसाइट व पाठ्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि इसे विस्तृत रूप से तैयार कर प्रदेश में लागू करने के प्रयास किए जाएंगे। प्रभारी सचिव ने शिक्षा अधिकारियों से कहा कि संबलन को प्रभावी बनाएं एवं वर्कबुक की शिक्षकों द्वारा प्रभावी जांच सुनिश्चित करवाएं। साथ ही सम्बलन में कम-से-कम दस वर्कबुक मूल्यांकन अवश्य करें। नए सत्र से पूर्व प्रवेश योग्य छात्रों का सर्वे कर आंगनबाड़ी के समस्त छात्र.छात्राओं का प्रवेश सुनिश्चित करें। इस अवसर पर कोड चूरू कार्यक्रम के बच्चों द्वारा बनाई गई अटल टिंकरिंग लैब, आरआरआर सेंटर, डिजिटल सखी, लाइब्रेरी मैनेजमेंट, आशा सहयोगिनी व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के कार्यों, सालासर बालाजी धार्मिक स्थल आदि वेबसाइट का प्रजेंटेशन दिया गया। प्रभारी सचिव ने कहा कि विद्यालयों में बच्चों को कोडिंग, एआई व तकनीक के उपयोग के बारे में प्रोत्साहित किया जाए। उन्होंने जिले में चल रहे कोड चूरू, पुस्तक संवाद, प्रगति लैबए एस्ट्रोनॉमी लैब, डिजीटल सखी प्रशिक्षण, माइंड स्पार्क ईआई सहित शिक्षा नवाचारों की समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इससे पूर्व डाइट परिसर के निरीक्षण के दौरान उन्होंने पुस्तकालय, कक्षा-कक्ष, स्टाफ रूम, सभी प्रभागों का अवलोकन किया तथा कक्षा में अध्ययन कर रहे डीएलएड के विद्यार्थियों से संवाद करते हुए शैक्षिक गतिविधियों की चर्चा की। जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने जिले में नवाचारों के क्रियान्वयन, मॉनीटरिंग व प्रगति की जानकारी दी और सतत रूप से आगे बढ़ने हेतु आश्वस्त किया। उन्होंने बताया कि जिले में खेलों को बढ़ावा देने की दिशा में एक पंचायत-एक खेल नवाचार के माध्यम से सतत प्रयास किए जा रहे हैं। इसी के साथ बच्चों को तकनीकी रूप से सक्षम बनाने के लिए प्रगति लैब को केजीबीवी में भी प्रारंभ करने के प्रयास किए जा रहे हैं। सीडीईओ संतोष महर्षि ने शैक्षिक गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिले में कोड चूरू कार्यक्रम में बच्चे कोडिंग व तकनीकी क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। जिले में बेहतर प्रदर्शन करने वाले 19 बच्चों को प्रोत्साहित करने हेतु लैपटॉप प्रदान किए गए हैं। इसी के साथ 11 स्कूलों में प्रगति लैब के माध्यम से बच्चों को तकनीकी प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उप निदेशक व डाइट प्राचार्य गोविंद सिंह राठौड़ ने डाइट में व्यवस्थाओं की जानकारी दी तथा नियमित रूप से आयोजित की जाने वाली शिक्षक प्रशिक्षण गतिविधियों से अवगत करवाया। इस दौरान एडीपीसी सरिता आत्रेय, डीईओ प्रारंभिक ओमप्रकाश प्रजापत, साक्षरता अधिकारी राजेन्द्र गहलोत, रामूराम बुंदेला, भंवरलाल गुर्जर, भंवर लाल डूडी, नरेंद्र उपाध्याय, सुनील कुमार शर्मा, कुसुम शेखावत, जनार्दन गहलोत, दिनेश कुलहरी, विजयलक्ष्मी शेखावत, उमा सारस्वत, कपिल देव, एफआई, से यतेश, मयंक शर्मा, नरपत सिंह सहित अन्य मौजूद रहे। प्रेजेंटेशन कंप्यूटर अनुदेशक गौरव कुमार शर्मा ने दिया तथा संचालन मुकुल भाटी ने किया।

# नारी चौपाल आयोजित

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर (नवयत्न)।** महिला अधिकारिता विभाग द्वारा धोद ब्लॉक स्तर पर नारी चौपाल का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य ग्राम पंचायत स्तर पर महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरूक करना तथा उन्हें विभागीय योजनाओं से लाभान्वित करना रहा। कार्यक्रम के दौरान पर्यवेक्षक सुनीता चौधरी ने उपस्थित ग्रामसाथिन बहनों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने ग्राम पंचायत क्षेत्रों में नियमित रूप से नारी चौपाल का आयोजन सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि नारी चौपाल महिलाओं को जागरूक करने, उनकी समस्याओं को समझने तथा उनके समाधान के लिए एक सशक्त मंच है। इसके माध्यम से महिलाओं एवं बालिकाओं को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देकर उन्हें आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाया जा सकता है। इस अवसर पर जिला स्तर जेंडर स्पेशलिस्ट प्रकाश चंद ने महिला अधिकारिता विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं सेवाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि नारी चौपाल के माध्यम से मुख्यमंत्री नारी शक्ति उद्यम प्रोत्साहन योजना, बेटी बचाओं, बेटी पढ़ाओं योजना, महिला हेल्पलाइन 181, वन स्टॉप सेंटर तथा पन्नाधाय सुरक्षा एवं सम्मान योजना सहित अन्य योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाना आवश्यक हैए ताकि जरूरतमंद महिलाएं एवं बालिकाएं इन सेवाओं का लाभ प्राप्त कर सकें। उन्होंने ग्रामसाथिनों को निर्देशित किया कि नारी चौपाल के दौरान महिलाओं की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए उन्हें उचित मार्गदर्शन प्रदान किया जाए तथा आवश्यकतानुसार संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित कर समाधान सुनिश्चित किया जाए।

कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामसाथिन बहनों ने अपने-अपने ग्राम पंचायत क्षेत्रों में नियमित रूप से नारी चौपाल आयोजित कर महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरूक करने तथा विभागीय योजनाओं का लाभ दिलाने हेतु सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया।

## कार्यालय ग्राम पंचायत गिरधरपुरा शाहपुरा
## पं.स. नवलगढ़, जिला झुन्झुनूं

क्रमांक :- 24 | दिनांक :- 19.02.2026

कार्यालय विकास अधिकारी पंचायत समिति नवलगढ़ के अधीनस्थ ग्राम पंचायत गिरधरपुरा शाहपुरा के ग्राम गिरधरपुरा खारडी के खसरा नं. 503 में सिंगल फेस ट्यूबवैल मय विद्युत कनेक्शन निर्माण करने हेतु राजस्थान पंचायतीराज नियम 1996 के नियमों के तहत नियम 181 में ग्राम पंचायत स्तर पर इच्छुक संवेदकों/निविदादाताओं से जी.एस.टी. पंजीकृत एवं सक्षम श्रेणी में पंचायतीराज विभाग, राजकीय विभाग एवं राजकीय उपक्रम में पंजिकृत फर्मों/संवेदकों से निर्माण कार्य करने हेतु ई निविदाएँ आमन्त्रित की जाती है।जिनकी अनुमानित लागत 04.80 लाख रूपये है के लिए दर अनुबंध करने हेतु निम्नानुसार निविदाऐं आमंत्रित की जाती है।

| निविदा सूचना संख्या | NIB CODE | UBN CODE |
|---|---|---|
| 03/2025-26 | ZJU2526A077601332 | ZJU2526WSOB |

निविदा प्रपत्र कार्यालय ग्राम पंचायत गिरधरपुरा शाहपुरा से व्यक्तिश: अथवा http://sppp.rajasthan.gov.in पोर्टल से डाउनलोड किया जा सकता है।

**प्रशासक**
ग्राम पंचायत गिरधरपुरा शाहपुरा
पं.स. नवलगढ़ (झुंझुनू)

**ग्राम विकास अधिकारी**
ग्राम पंचायत गिरधरपुरा शाहपुरा
पं.स. नवलगढ़ (झुंझुनू)

# पंचायत आम चुनाव 2026 के लिए भवन एवं खेल मैदान अधिग्रहित

**सीकर (नवयत्न)।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने आदेश जारी कर पंचायत आम चुनाव 2026 के मध्यनजर लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 के तहत विभिन्न भवनों एवं खेल मैदानों को तत्काल प्रभाव से आवश्यक सुविधाओं सहित अधिग्रहित किया है। आदेशानुसार नोडल अधिकारी, सामान्य व्यवस्था एवं प्रशिक्षण प्रकोष्ठ, पंचायत आम चुनाव 2026 को निर्देशित किया गया है कि अधिग्रहित भवनों एवं खेल मैदानों में चुनाव संबंधी आवश्यक व्यवस्थाएं समयबद्ध रूप से सुनिश्चित की जाएं। आदेशानुसार श्री कल्याण राजकीय कन्या महाविद्यालय, सिल्वर जुबली रोड़ सीकर, खेल मैदान नं. 1 श्री कल्याण राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सिल्वर जुबली रोड़ सीकर, खेल मैदान नं. 2 श्री कल्याण राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सिल्वर जुबली रोड़ सीकरए सभागार जिला परिषद सीकर, पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय सीकर परिसर को पंचायत आम चुनाव 2026 की व्यवस्थाओं के लिए अधिग्रहित किया गया है।

# चुनाव से पहले शस्त्र जमा कराने के आदेश, उल्लंघन पर होगी कार्रवाई

बाबूलाल शर्मा

**झुंझुनू (नवयत्न)।** आगामी नगरपालिका एवं पंचायतीराज संस्थाओं के चुनावों को शांतिपूर्ण, स्वतंत्र एवं निष्पक्ष रूप से सम्पन्न कराने के लिए जिला कलेक्टर एवं मजिस्ट्रेट डॉ अरुण गर्ग ने आदेश जारी कर जिले के सभी शस्त्र अनुज्ञापत्रधारियों को अपने शस्त्र तत्काल प्रभाव से संबंधित पुलिस थानों में जमा कराने के निर्देश दिए हैं। जिला मजिस्ट्रेट ने बताया कि चुनाव के दौरान जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के सभी मतदाता, विशेषकर कमजोर वर्ग के मतदाता, बिना भय व दबाव के अपने संवैधानिक मताधिकार का प्रयोग कर सकें, इसके लिए यह आदेश जारी किया गया है। साथ ही किसी भी प्रकार की हिंसात्मक गतिविधि, तनाव अथवा टकराव की आशंका को देखते हुए कानून-व्यवस्था बनाए रखना प्रशासन की प्राथमिकता है। जारी आदेश के अनुसार सीमा सुरक्षा बल, अर्द्ध सैनिक बल, सैनिक बल, सशस्त्र पुलिस, सिविल डिफेन्स, होमगार्ड तथा बैंक सुरक्षा गार्ड पर यह आदेश लागू नहीं होगा। इसके अतिरिक्त कानून-व्यवस्था संबंधी कार्यों में अधिकृत केंद्रीय एवं राज्य सरकारी कर्मचारी तथा राइफल एसोसिएशन के सदस्य व प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले खिलाड़ी भी आदेश से मुक्त रहेंगे। जिले के सभी थानाधिकारियों को शस्त्र जमा कराने की प्रक्रिया सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। आदेश की अवहेलना करने वाले अनुज्ञापत्रधारियों के विरुद्ध आर्म्स एक्ट, 1959 के तहत वैधानिक कार्रवाई की जाएगी, जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी संबंधित व्यक्ति की होगी।

## कार्यालय ग्राम पंचायत झाझड़
## पं.स. नवलगढ़, जिला झुन्झुनूं

क्रमांक : ग्रा.प./लेखा/निविदा/2025-26/42-43 | दिनांक :- 20.02.2026

**ई-निविदा सूचना 04/2025-26**

कार्यालय विकास अधिकारी पंचायत समिति नवलगढ़ के अधीनस्थ ग्राम पंचायत झाझड़ में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य हेतु राजस्थान पंचायतीराज नियम 1996 के नियमों के तहत नियम 181 में ग्राम पंचायत स्तर पर इच्छुक संवेदकों/निविदादाताओं से जी.एस.टी. पंजीकृत एवं सक्षम श्रेणी में पंचायतीराज विभाग, राजकीय विभाग एवं राजकीय उपक्रम में पंजिकृत फर्मों/संवेदकों से निर्माण कार्य करने हेतु ई निविदाएँ आमन्त्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| निविदा आवेदन डाउनलोड करने की तिथि व समय | 19-02-2026, प्रात: 10:00 बजे से 02-03-2026, सांय 6:00 बजे तक। |
| निविदा ऑन लाईन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि व समय | 02-03-2026 सायं 6:00 बजे तक। |
| दस्तावेज भौतिक रूप से जमा कराने की तिथि व समय | 03-03-2026 दोपहर 12:00 बजे तक। |
| आनलाईन निविदा खोलने की तिथि व समय | 03-03-2026 दोपहर 02:00 बजे। |

| ई-निविदा संख्या | NIB CODE | UBN CODE | TENDER ID | |
|---|---|---|---|---|
| 4 | ZJU2526A0778 | ZJU2526WSOB 01334 | 2026_PRD_ 540676_1 | |

निविदा प्रपत्र कार्यालय ग्राम पंचायत झाझड़ से व्यक्तिश: अथवा http://sppp.rajasthan.gov.in पोर्टल एवं http://eproc.rajasthan.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है।

**प्रशासक**
ग्राम पंचायत झाझड़
पं.स. नवलगढ़ (झुंझुनू)

**ग्राम विकास अधिकारी**
ग्राम पंचायत झाझड़
पं.स. नवलगढ़ (झुंझुनू)


## आम सूचना

Au small finance bank शाखा सरदारशहर द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती देवकी देवी पत्नी रामचंद्र जोशी निवासी सरदारशहर जिला चूरू अपनी व्यवसायिक जायदाद दुकान नंबर 11, तादादी 180 वर्ग फिट वाके वार्ड नम्बर 13, तहसील सरदारशहर जिला चूरू जो की जरिये विक्रय पत्र डीड दिनांकित 17.03.2023 को तेजकरण पुत्र रिद्धकरण व गिरिश पुत्र राजकरण जम्मर व योगेश पुत्र निर्मल कुमार जम्मर व शुभकरण पुत्र रिद्धकरण जम्मर व हरीश पुत्र राजकरण जम्मर स्वयं व जरिये GPA मंजू देवी पत्नी राजकरण जम्मर, सुषमा इत्यादि से खरीद शुदा है। उक्त जायदाद को प्रार्थि Au small finance bank शाखा सरदारशहर में रहन रख कर वित्तीय सहायता प्राप्त करना चाहती है।

अत: सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त सम्पति संबंधित किसी बैंक वित्तीय संस्थान या किसी व्यक्ति विशेष को कोई उजर आपत्ति या उक्त संपत्ति के स्वामित्व संबंधित कोई वाद विवाद हो तो अगले 07 दिवस में Au small finance bank शाखा सरदारशहर के ब्रांच मैनेजर अथवा ब्रांच अधिवक्ता भरत व्यास एडवोकेट को लिखित में सूचना दें बाद गुजरे मियाद दी गई आपत्ति अमान्य समझी जाएगी।

**भरत व्यास एडवोकेट मो. 78774 80007, 78774 70007**


# गांवों में पहुंची किसान सभा की टीम

निसं



**रतनगढ़ (नवयत्न)।** रतनगढ़ क्षेत्र में अखिल भारतीय किसान सभा ने 25 फरवरी को आयोजित उपखंड कार्यालय पर आयोजित महापंचायत को लेकर तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी कड़ी मे अखिल भारतीय किसान सभा के प्रतिनिधियों ने क्षेत्र के विभिन्न गांवों में किसान संपर्क अभियान चलाकर किसानों को महापंचायत में भागीदारी के लिए प्रेरित किया जा रहा है। जनसंपर्क यात्रा का नेतृत्व ब्लॉक अध्यक्ष कॉमरेड भादर भामू के साथ सचिव गोपीचंद खीचड़, बिरजूराम, कालूराम नाई, विजयपाल कड़वासरा, श्रवण मेघवाल, जाबिर खान और रामकिशन भामू भी शामिल रहे। टीम ने किसानों से संवाद करते हुए उनकी समस्याएं सुनीं और उन्हें एकजुट होकर अपनी मांगों के लिए आगे आने का आह्वान किया। यह संपर्क यात्रा सुबह बंडवा से शुरू हुई और दिनभर अलग-अलग चरणों में बीनादेसर, बलरामपुरा, सिकराली, हामुसर, पाबूसर, हंसासर, गोलसर, नौसरिया, चांपावासी, गोपालपुरिया, बरजांगसर, जैतासर और भानुदा सहित कई गांवों तक पहुंची।

## कार्यालय ग्राम पंचायत नाहरसिंघानी
## पं.स. नवलगढ़, जिला झुन्झुनूं

क्रमांक : ग्रा.प./लेखा/निविदा/2025-26/253-254 | दिनांक :- 16.02.2026

**ई-निविदा सूचना 03/2025-26**

कार्यालय विकास अधिकारी पंचायत समिति नवलगढ़ के अधीनस्थ ग्राम पंचायत नाहरसिंघानी में मनफुल मेघवाल के पास चैम्बर से सार्वजनिक तालाब की ओर एनपी 3 पाईप लाईन कार्य हेतु राजस्थान पंचायतीराज नियम 1996 के नियमों के तहत नियम 181 में ग्राम पंचायत स्तर पर इच्छुक संवेदकों/निविदादाताओं से जी.एस.टी. पंजीकृत एवं सक्षम श्रेणी में पंचायतीराज विभाग, राजकीय विभाग एवं राजकीय उपक्रम में पंजिकृत फर्मों/संवेदकों से निर्माण कार्य करने हेतु ई निविदाएँ आमन्त्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| निविदा आवेदन डाउनलोड करने की तिथि व समय | 17-02-2026, प्रात: 10:00 बजे से 26-02-2026, सांय 6:00 बजे तक। |
| निविदा ऑन लाईन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि व समय | 26-02-2026 सायं 6:00 बजे तक। |
| दस्तावेज भौतिक रूप से जमा कराने की तिथि व समय | 27-02-2026 दोपहर 12:00 बजे तक। |
| आनलाईन निविदा खोलने की तिथि व समय | 27-02-2026 दोपहर 02:00 बजे। |

| ई-निविदा संख्या | कार्य का नाम | अनुमानित राशि लाखों में | NIB CODE | UBN CODE | TENDER ID |
|---|---|---|---|---|---|
| 3 | ग्राम पंचायत नाहरसिंघानी में मनफुल मेघवाल के पास चैम्बर से सार्वजनिक तालाब की ओर एनपी 3 पाईप लाईन कार्य | 7.50 | ZJU2526A0755 | ZJU2526WSOB 01298 | 2026_PRD_ 540020_1 |

निविदा प्रपत्र कार्यालय ग्राम पंचायत नाहरसिंघानी से व्यक्तिश: अथवा http://sppp.rajasthan.gov.in पोर्टल एवं http://eproc.rajasthan.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है।

**प्रशासक**
ग्राम पंचायत नाहरसिंघानी
पं.स. नवलगढ़ (झुंझुनू)

**ग्राम विकास अधिकारी**
ग्राम पंचायत नाहरसिंघानी
पं.स. नवलगढ़ (झुंझुनू)


## सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आनन्द रिंगसिया पुत्र ओमप्रकाश रिंगसिया जाती महाजन निवासी बावलिया मार्केट झुंझुनू तहसील व जिला झुंझुनू में अपनी द्वितिय मंजील दुकान क्षेत्रफल 68.44 वर्ग गज जो बावलिया मार्केट में नेहरू बाजार व दिनदयाल चौक के पास कस्बा झुंझुनू जिला झुंझुनू में स्थित है उक्त दुकान मेरे मुवकिल द्वारा दिनांक 09-05-2018 को रजनीकान्त बावलिया पुत्र बनवारी लाल जाती ब्राहम्ण निवासी नेहरू मार्केट झुंझुनू से क्रय की थी उक्त विक्रय पत्र उप पंजियक झुंझुनू के यहां रजिस्ट्रेशन पृष्ठाकंन पुस्तक संख्या 1 जिल्द संख्या 584, के पृष्ठ संख्या 26 की क्रम संख्या 201803228101661 पर पंजीबद्ध किया गया था, उक्त दुकान पर आनन्द रिंगसिया पुत्र ओमप्रकाश रिंगसिया जाती महाजन निवासी बावलिया मार्केट झुंझुनू तहसील व जिला झुंझुनू किसी वित्तिय संस्था से लोन ले या गिरवी रखे, तो उक्त प्लाट पर लोन लेने या स्वामित्य संबंधी किसी को कोई आपत्तीएतराज हो तो मुझे सात दिवस में सूचना देवें अन्यथा बाद मियाद किसी भी प्रकार के एतराज/उज्र पर विचार नहीं किया जावेगा। **प्रकाश कुलहरी एडवोकेट, मो. 9413434882**


# डिग्गी में डूबने से युवक की मौत

**रतनगढ़ (नवयत्न)।** रतनगढ़ तहसील के ग्राम गोपालपुरिया में गत दिवस डिग्गी से पानी निकालते समय पैर फिसलने से 34 वर्षीय युवक की मौत हो गई। घटना को लेकर मृतक के छोटे भाई ने पुलिस थाने में मर्ग दर्ज करवाई है। पुलिस ने बताया कि गोपालपुरिया निवासी 29 वर्षीय छोटूराम बेनीवाल ने रिपोर्ट की उसका बड़ा भाई महेंद्र भतीजे लीलाधर के साथ खेत गया हुआ थाशाम को लीलाधर घर पर आकर महेंद्र के डूबने की बात बताईए जिस पर परिजन मौके पर पहुंचे तथा महेंद्र को जिला अस्पताल लेकर आए, जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## कार्यालय उप वन संरक्षक सीकर (राजस्थान)

(सांवली रोड, सीकर-332001; Ph. No. 01572-274094; email: dcf.sikar.forest@rajasthan.gov.in. dcfsikar@gmail.com)

क्रमांक : एफ ( ) भण्डार/उवसंसी/2025-26/2756 | दिनांक : 16/2/26

**निविदा आमंत्रण सूचना**

राजकीय निर्माण विभागों में सिविल कार्य हेतु सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों/ फर्मों को सूचित किया जाता है कि इस वन मण्डल के अधीनस्थ वन क्षेत्र में निम्नानुसार कार्य करवाया जाना है। जिसके लिए शीलबन्द लिफाफों में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 13.02.2026 प्रात: 9:30 बजे से दिनांक 23.02.2026 दोपहर 11:00 बजे तक कार्यालय उप वन संरक्षक, सीकर से क्रय किये जा सकते है, समस्त दस्तावेज दिनांक 23.02.2026 को दोपहर 1:00 बजे कार्यालय में जमा करवाने होंगे। प्राप्त निविदाएँ उसी दिन सायं 3:00 बजे उपस्थित निविदा दाताओं के समक्ष खोली जायेगी।

| क्र.सं. | निविदा संख्या | नाम कार्य | स्थान का नाम जहां कार्य करवाया जाना | अनुमानित लागत राशि (लाखों में) | धरोहर राशि | निविदा शुल्क (रूपये में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 120/2025-26 | Construction of Interlocking Kharanja | बुद्धगिरी सिटी नेचर पार्क, फतेहपुर, रेंज फतेहपुर | 3.56 | 7150/- | 500/- |
| | UBN:-FOR2526WSOB05604 | | | | | |

निविदा से संबंधित समस्त विवरण वेबसाइट sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है। निविदा के विस्तृत नियम शर्ते एवं माल/सेवा से संबंधित मात्रा/संख्या एवं विशिष्टयां आदि निविदा प्रपत्र में अंकित है।

उप वन संरक्षक,
सीकर

DIPR/C/3605/2026


## गुमशुदा की तलाश



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक व्यक्ति जिसका नाम रामलाल मीणा पुत्र बन्नराम मीणा, पता-सील की बाडा खण्डेला जिला सीकर राजस्थान, लिंग-पुरूष, उम्र -50 वर्ष जो दिल्ली पुलिस में कार्यरत थे दिनांक 01/01/2001 को लापता हो गए। इस संबंध में खण्डेला पुलिस थाने में उनकी गुमशुदगी बाबत रिपोर्ट दर्ज करवाई है। अगर किसी को इनके बारे में जानकारी मिले तो निम्नलिखित पते पर सूचित करें। सील की बाडा, खण्डेला, जिला सीकर, राजस्थान

*दिनेश कुमार मीणा, मो. 8949888748*

# आस्था, अनुशासन और आधुनिक प्रबंधन का अद्भुत संगम बनेगा खाटूश्यामजी का फाल्गुनी मेला

# राजस्थान पुलिस ने तैयार किया सुरक्षा और सुविधा का अभूतपूर्व खाका

सुरेन्द्र शर्मा



**सीकर ( नवयत्न )।** जिले में स्थित विश्वविख्यात तीर्थ खाटूश्यामजी मंदिर में 21 से 28 फरवरी तक आयोजित होने वाला फाल्गुनी मेला इस वर्ष आस्था, अनुशासन और आधुनिक प्रबंधन का अद्भुत संगम बनने जा रहा है। लगभग 35 लाख श्रद्धालुओं के आगमन के अनुमान के बीच पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा के निर्देशानुसार राजस्थान पुलिस, जिला प्रशासन और श्री श्याम मंदिर कमेटी, खाटूश्याम धाम ने आपसी समन्वय से सुरक्षा, यातायात, दर्शन व्यवस्था और भीड़ प्रबंधन को लेकर व्यापक तैयारियां की हैं ताकि हर भक्त सुरक्षितए सहज और श्रद्धामय अनुभव के साथ बाबा के दरबार तक पहुंच सके। इस वर्ष की रणनीतियों में तकनीकी नवाचार और श्रद्धालुओं के प्रबंधन पर विशेष जोर दिया गया है।

### रींगस से खाटू तक समर्पित पैदल कॉरिडोर

पदयात्रियों की परंपरा को सम्मान देते हुए रींगस से खाटू तक 17 किलोमीटर लंबा विशेष पैदल कॉरिडोर तैयार किया गया है। यह पैदल मार्ग पूरी तरह वाहनों से मुक्त रहेगा और अनधिकृत प्रवेश पर सख्त रोक रहेगी। पूरे रास्ते में पेयजल, प्रकाश, शौचालय और विश्राम की सुविधाएं उपलब्ध होगी जबकि पुलिस बल की सतत निगरानी से सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी। यह कॉरिडोर न केवल भीड़ के सुव्यवस्थित प्रवाह को बनाए रखेगा बल्कि पदयात्रा को अधिक सुरक्षित और सुगम बनाएगा।

### सुरक्षा कवच : 22 सेक्टर, 350 सब-सेक्टर और हाईटेक निगरानी

एडीजी लॉ एंड ऑर्डर वीके सिंह ने बताया कि मेले में श्रद्धालुओं की सुरक्षा की दृष्टि से राजस्थान पुलिस ने पूरे क्षेत्र को 22 मुख्य सेक्टर और 350 सब-सेक्टर में विभाजित किया गया है वहीं 5 हजार से अधिक पुलिस अधिकारियों व जवानों को तैनात किया गया है। प्रमुख बिंदुओं पर अतिरिक्त पुलिस जाब्ता, अस्थायी चौकियां और बैरिकेडिंग की व्यवस्था की गई है। पूरे मेला परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं और केंद्रीकृत कंट्रोल रूम से रीयल-टाइम मॉनिटरिंग की जाएगी। उन्होंने बताया कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए राजस्थान पुलिस के सोशल मीडिया यथा इंस्टाग्राम, फेसबुक व एक्स पर मेले से संबंधित समस्त प्रकार की सूचनाओं को प्रसारित किया जाएगा।

### 44 एलईडी स्क्रीन और क्यूआर कोड से मिलेगी सहायता

सीकर एसपी प्रवीण नायक नूनावत ने बताया कि मंदिर परिसर और प्रमुख प्रवेश द्वारों पर 44 डिजिटल एलईडी स्क्रीन स्थापित की गई हैं, जिन पर दर्शन की अनुमानित प्रतीक्षा अवधि, पार्किंग उपलब्धता, सुरक्षा निर्देश, आपातकालीन नंबर, आरती समय और मौसम अलर्ट प्रदर्शित होंगे। गुमशुदा व्यक्तियों और सामान की जानकारी भी लाइव प्रसारित की जाएगी। इसके साथ ही क्यू कोड आधारित मार्गदर्शन प्रणाली श्रद्धालुओं को आसान नेविगेशन में मदद करेगी।

### 12 पुलिस सहायता बूथ बनेंगे मददगार

पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार मेला परिसर में 12 स्थानों पर पुलिस सहायता बूथ स्थापित किए गए हैं जो कि आपस में लेंडलाइन फोन और वायरलेस सुविधायुक्त रहेंगे। यहां पर श्रद्धालुओं को किसी भी तरह समस्या होने पर त्वरित सहायता मिलेगी। यहां पर किसी के परिजन अथवा सामान के खोने या पाने की स्थिति में भी सूचना दी जा सकेगी। यहां नियुक्त कार्मिक श्रद्धालुओं की जरूरत के अनुसार सूचना संप्रेषण में मदद करेंगे।

### रथ यात्रा पर विशेष मूवमेंट प्लान

मंदिर कमेटी द्वारा 27 फरवरी को सुबह साढ़े 10 बजे एकादशी के पावन अवसर पर भव्य रथ यात्रा निकाली जाएगी, जो मंदिर से प्रारंभ होकर प्रमुख मार्गों से होते हुए पुन: मंदिर पहुंचेगी। संकीर्ण और संवेदनशील स्थानों पर विशेष बैरिकेडिंग, मजिस्ट्रेट तैनाती और अतिरिक्त पुलिस बल की व्यवस्था की गई है। भीड़ नियंत्रण के लिए पूर्व निर्धारित डायवर्जन योजना लागू रहेगी ताकि श्रद्धा और सुरक्षा का संतुलन बना रहे।

### 25 हजार से अधिक वाहनों के लिए रंग-कोडेड नि:शुल्क पार्किंग

धाम पर प्रतिदिन पहुंचने वाले करीब 25 हजार से अधिक वाहनों की पार्किंग के लिए चार बड़े नि:शुल्क पार्किंग स्थल विकसित किए गए हैं, जिन्हें रंग-कोडेड जोन में विभाजित किया गया है। इसके तहत बावन बीघा पार्किंग को पीले रंग में, सांवलपुरा पार्किंग को हरा, लामिया रोड पार्किंग को नीला और दांतारामगढ़ पार्किंग को गुलाबी रंग कोड दिया गया है और इनके क्यूआर कोड तैयार कर प्रसारित किए जा रहे हैं ताकि बाहर से आने वाले श्रद्धालु आसानी से अपने वाहन यहां पार्क कर सकें। इसके साथ ही इन चारो पार्किंग के उपर इन्हीं के कोड रंगों वाले बड़े बैलून लगाए जा रहे हैं ताकि दूर से ही श्रद्धालु इनकी दिशा को जान सकें।

### 25 रुपये में ई-रिक्शा पहुंचाएंगे बाबा के द्वार

पार्किंग से दर्शन स्थल तक आने-जाने के लिए 2000 ई-रिक्शा पास जारी किए गए हैं, जो मात्र 25 रुपये में श्रद्धालुओं को निर्धारित डाइवर्जन स्थल तक पहुंचाएंगे। इससे श्रद्धालुओं को बाबा के दर्शन के लिए ज्यादा पैदल चलना नहीं पड़ेगा वहीं इससे अनावश्यक जाम और अव्यवस्थित आवागमन पर भी नियंत्रण रहेगा। हर पार्किंग स्थल के लिए पार्किंग स्थलों की कोडिंग वाले रंगों के पास दिए गए हैं ताकि श्रद्धालुओं को संबंधित पार्किंग वाले ई-रिक्शा पहचानने में आसानी हो।

### हेल्पलाइन नंबरों पर मिलेगी त्वरित पुलिस सहायता

पुलिस उपाधीक्षक आनंद राव ने बताया कि श्रद्धालुओं की त्वरित पुलिस सुविधा मुहैया करवाने के लिए पुलिस हेल्पलाइन नंबर 112 के साथ ही एक मोबाइल नंबर 9667600788 भी उपलब्ध कराया गया है। मेले से संबंधित किसी भी प्रकार की पुलिस सहायता प्राप्त करने के लिए कोई भी व्यक्ति इन दोनों में से किसी भी नंबर पर संपर्क कर सकता है। उन्होंने बताया कि 24 घंटे सक्रिय रहने वाले हेल्पलाइन नंबरों का व्यापक प्रचार किया गया है।

### डीजीपी के निर्देश पर नशामुक्ति और साइबर जागरूकता अभियान

राजस्थान के पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा ने निर्देश दिए हैं कि मेले के तीनों होल्डिंग एरिया में श्रद्धालुओं को समय-समय पर नशामुक्ति की शपथ दिलाई जाए। साथ ही साइबर अपराधों के प्रति जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश भी दिए गए हैं। उन्होंने यह भी कहा है कि कानून व्यवस्था में लगे पुलिसकर्मियों की सुविधाओं का खयाल रखा जाए और उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों को समय-समय पर पुरस्कृत किया जाए।

### अतिरिक्त जिगजैग मार्ग, फुट ब्रिज और होल्डिंग एरिया

श्रद्धालुओं के दबाव को कम करने के लिए मांगीलाल धर्मशाला से रूलानिया ढाणी होते हुए अतिरिक्त जिगजैग मार्ग बनाया गया है, जो लखदातार ग्राउंड से प्रवेश दिलाएगा। प्रमुख स्थलों पर फुट ब्रिज तैयार किए गए हैं। अत्यधिक श्रद्धालुओं की स्थिति में रींगस-खाटू रोड पर 40 बीघा के न्यू होल्डिंग एरिया में ब्लॉक बनाकर श्रद्धालुओं को सुरक्षित रूप से रोका जाएगा।

### सड़क, रेल और हवाई मार्ग से सुगम पहुंच

देशभर से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए पहुंच व्यवस्था स्पष्ट और सुलभ रखी गई है। निकटतम हवाई अड्डा जयपुर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा है, जो लगभग 80 किलोमीटर दूर स्थित है। रेल मार्ग से रींगस जंक्शन महज 17 किलोमीटर और सीकर जंक्शन लगभग 40 किलोमीटर की दूरी पर है। जयपुर और सीकर से नियमित बस सेवाएं संचालित होंगी। साथ ही राजस्थान पुलिस के सोशल मीडिया यथा इंस्टाग्राम, फेसबुक, एक्स इत्यादि पर रीयल-टाइम ट्रैफिक अपडेट की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी, जिससे यात्री अपनी यात्रा को बेहतर ढंग से नियोजित कर सकेंगे।

### प्रवेश व निकास के अलग-अलग मार्ग

मेले में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए वाहनों के प्रवेश और निकास के अलग.अलग मार्ग निर्धारित किए गए हैं।

**जयपुर-रींगस मार्ग** – छोटे वाहन शाहपुरा कट से मुख्य पार्किंग जाएंगे। रोडवेज और रुट की बसें हनुमान वाटिका चौमू बाईपास से बस स्टैंड पहुंचेंगी। निकास हनुमानपुरा तिराहा होते हुए मण्ढा तिराहा पर होगा।

**सीकर-पलसाना मार्ग**– वाहन सांवलपुरा पुलिया से किसान गौशाला पार्किंग पहुंचेंगे। इनका निकास अलोदा-गोवटी रोड की तरफसे होगा।

**नो व्हीकल जोन**– खाटूश्यामजी कस्बा और रींगस रोड को पूर्णत: नो व्हीकल जोन घोषित किया गया है ताकि पैदल यात्रियों को परेशानी न हो।

### डीजीपी की श्रद्धालुओं से अपील

पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा ने खाटूश्यामजी मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए श्रद्धालुओं से अनुरोध किया है कि वे निर्धारित मार्गों और पार्किंग जोन का पालन करें, अनुशासन बनाए रखें और राजस्थान पुलिस का सहयोग करें। उन्होंने कहा है कि राजस्थान पुलिस का प्रयास होगा कि आपका अनुभव अच्छा रहे व यात्रा यादगार बनें।

# विधायक ने विधानसभा में उठाए युवाओं के मामले

निसं



**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** विधानसभा में बजट सत्र के दौरान उद्योग, युवा मामले और खेलकूद की अनुदान मांगों पर विस्तार से चर्चा करते हुए विधायक मनोज मेघवाल ने सुजानगढ़ में खेल स्टेडियम का निर्माण तुरंत चालू करने की मांग रखी। इसी प्रकार सुजानगढ़ में रिको एरिया का विस्तार करने, रंगाई छपाई तथा तिरपाल मंडी के लिए पृथक औद्योगिक क्षेत्र बनाने सहित क्षेत्र की विभिन्न मांगों को रखा। विधानसभा में खेल स्टेडियम की बात रखते हुए विधायक मनोज मेघवाल ने कहा कि 4 साल पहले सुजानगढ़ के लिए स्टेडियम स्वीकृत हुआ था, जिसके लिए दानदाताओं ने जमीन भी उपलब्ध कराई। लेकिन खेल विभाग ने जमीन कम होने की बात कहकर शहर के बाहर जमीन चिह्नित कीए जिसका अलॉटमेंट 2 साल पहले हो चुका है। इसके बावजूद पीडब्ल्यूडी के पास बजट होने पर भी निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ है। उन्होने शहर के बीच स्थित एन.के. लोहिया स्टेडियम और नया बास स्टेडियम की दशा सुधारने तथा उनके विकास के लिए बजट उपलब्ध कराने की मांग की। मेघवाल ने भारत और विशेषकर राजस्थान की खेलों में पिछड़ती स्थिति पर चिंता जताई। उन्होंने हरियाणा का उदाहरण देते हुए कहा कि राजस्थान को इंफ्रास्ट्रक्चर और खिलाडियों के प्रोत्साहन पर ध्यान देना होगा। उन्होंने खेलो इंडिया के गिरते स्तर और उसमें खिलाडियों की कम भागीदारी पर सवाल उठाए और कॉलेजों व यूनिवर्सिटीज में खेल का माहौल बनाने पर जोर दिया। विधायक मनोज मेघवाल ने औद्योगिक विकास के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि मजबूत उद्योग से टैक्स बढ़ेगा, विकास कार्य होंगे और रोजगार की समस्या हल होगी, जिससे अपराध में भी कमी आएगी। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार बाहरी उद्योगों को बुला रही है लेकिन स्थानीय उद्योगों की अनदेखी हो रही है। उन्होंने कहा कि राजस्थान में बिजली महंगी होने के कारण हाई एनर्जी कंजप्शन वाले उद्योग पलायन कर रहे हैं। उन्होंने पड़ोसी राज्यों के मुकाबले बिजली दरें कम करने की मांग की।

विधायक ने कहा कि सुजानगढ़ में एशिया की सबसे बड़ी तिरपाल इंडस्ट्री है, जिसके लिए उन्होंने एक समर्पित रीको एरिया घोषित करने की मांग की। उन्होने शहर के बीच स्थित रंगाई छपाई की यूनिटों प्रशासन और जनता को होने वाली परेशानी का उल्लेख करते हुए इसके लिए भी अलग रीको ब्लॉक की आवश्यकता जताई। उन्होंने सस्ती जमीन लेकर उसे ऊंचे दामों पर बेचने के मुनाफाखोरी के खेल को रोकने के लिए ऑक्शन पॉलिसी पर विचार करने का सुझाव दिया। उन्होंने युवाओं और उद्योगों को ध्यान में रखकर नीतियां बनाने का आग्रह किया ताकि प्रदेश आर्थिक रूप से मजबूत हो सके।

# 10 दिवसीय नि:शुल्क क्षारसूत्र अतरंग शल्य चिकित्सा शिविर का समापन

**चूरू ( नवयत्न )।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा के निर्देशन में राष्ट्रीय आयुष मिशन व आयुर्वेद विभाग के तत्वावधान में आयोजित किए जा रहे 10 दिवसीय नि:शुल्क क्षारसूत्र अतरंग ल्य चिकित्सा शिविर का शुक्रवार को समापन हुआ। शिविर प्रभारी डॉ मनीराम शर्मा ने बताया कि शिविर में आयुर्वेद पद्धति से पाइल्स, फिस्टुला, फिशर के मरीजों की क्षारसूत्र से शल्य चिकित्सा से लगभग 105 रोगियों ने लाभ उठाया। शिविर के सह संयोजक डॉ ओमप्रकाश चोयल ने बताया कि समापन समारोह के मुख्य अतिथि अतिरिक्त निदेशक बीकानेर के डॉ राधेश्याम शकरवाल थे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ राधेश्याम ने बताया कि इस 10 दिवसीय शिविर का जिलेवासियों ने भरपूर लाभ उठाया। उपनिदेशक डॉ सत्यवीर सहारण ने शिविर को सफलतापूर्वक संचालन करने पर अधिकारियों-कर्मचारियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर अतिथियों ने शिविर में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कार्मिकों को प्रशस्ति-पत्र व प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। इस दौरान डॉ रामकृष्ण शर्मा, डॉ मनीष शर्मा, डॉ पंकज पोटलिया, डॉ हरवीर सिंह सांगवा, डॉ सरोज, डॉ अजय कौशिक, डॉ शक्ति आसेरी, ओमप्रकाश सैनी, प्रीति, स्वाती, मक्खन लालए सुरेंद्र, पवन कुमार आदि मौजूद रहे।

# चिकित्सा सेवाओं को अधिक बेहतर बनाने के लिए हो तकनीकी का उपयोग : सुराणा

निसं

**चूरू ( नवयत्न )।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने शुक्रवार को जिला परिषद सभागार में जिला ग्रामीण स्वास्थ्य समिति की बैठक में चिकित्सा अधिकारियों से चिकित्सा व स्वास्थ्य सेवाओं के उन्नयन को लेकर चर्चा की और विस्तृत निर्देश दिए। जिला कलक्टर सुराणा ने ?कहा कि चिकित्सा अधिकारी राष्ट्रीय कार्यक्रमों की प्रभावी मॉनिटरिंग करें तथा सेवाओं की गुणवत्ता में सतत सुधार से आमजन तक स्वास्थ्य सुविधाओं की बेहतर पहुंच सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि एनपी-एनसीडी स्क्रीनिंग और उपचार कवरेज बढ़ाएं। प्रत्येक स्वास्थ्य केंद्र पर नियमित एनसीडी स्क्रीनिंग सुनिश्चित की जाए। इसी के साथ डेटा एंट्री और फॉलोअप प्रणाली को मजबूत किया जाए। सभी चिकित्सा संस्थानों में इमरजेंसी उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। जिला व उप जिला अस्पताल सहित सीएचसीए पीएचसी में ओपीडी व आईपीडी सेवाओं को सुदृढ़ करें। सुराणा ने कहा कि चिकित्सा क्षेत्र में सेवाओं को अधिक त्वरित व बेहतर बनाने के? लिए एआई व तकनीकी का उपयोग लिया जाए। तकनीकी के उपयोग से नए अपडेट की जानकारी रखें। सभी चिकित्सा अधिकारियों से कहा कि विभागीय कार्यों व गतिविधियों के बारे में स्पष्टता रखें तथा विभाग के पोर्टल पर स्पष्ट, सटीक व सही डेटा एंट्री सुनिश्चित करें। उन्होंने पोषण और मातृ-शिशु स्वास्थ्य पर विशेष बल देते हुए कहा कि कुपोषण मुक्ति, एनीमिया नियंत्रण तथा गर्भवती महिलाओं और बच्चों के नियमित स्वास्थ्य परीक्षण को प्राथमिकता दी जाए। हाई-रिस्क गर्भवती महिलाओं की विशेष निगरानी की जाए तथा लॉकृ बर्थ केस का विश्लेषणात्मक अध्ययन किया जाए। उन्होंने कहा कि नियमित रूप से चिकित्सा कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया जाए।

एनसीडी स्क्रीनिंग, ओरल, सर्वाइकल व ब्रेस्ट कैंसर की नियमित स्क्रीनिंग की जाए और सभी ब्लॉक में अपेक्षित प्रगति लाएं। इसी के साथ चिकित्सा संस्थानों में दवा उपलब्धताए नियमित जांच साफ-सफाई, चिकित्सकीय परामर्श, इंटीग्रेटेड एंबुलेंस सेवा सहित आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करें । सुराणा ने कहा कि संपर्क पोर्टल पर आने वाली शिकायत का चिकित्सा अधिकारी व बीसीएमओ स्तर पर तत्काल समाधान कर शिकायतकर्ता को पूर्ण संतुष्ट करने का प्रयास करें। उन्होंने संपर्क पोर्टल पर चिकित्सा विभाग से संबंधित लंबित प्रकरणों में समुचित कार्यवाही कर करने की बात कही। उन्होंने कहा कि लाडो प्रोत्साहन योजना में प्रत्येक पात्र को लाभान्विति किया जाए।




चिकित्साकर्मी प्रदेश सरकार की मंशानुरूप प्रत्येक पात्र को जोड़ते हुए योजना की धरातल पर क्रियान्विति सुनिश्चित करें।

जिला कलक्टर ने सभी जिला व उप जिला अस्पतालों, सीएचसी व पीएचसी में मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना के आंकड़ों की समीक्षा की तथा ओपीडी के अनुपात में मां योजना में टीआईडी जनरेट करने, संस्थागत प्रसवों की जानकारी लेते हुए संस्थागत प्रसव बढ़ाने तथा टीकाकरण गतिविधियों का एनालिसिस करने, जेएसवाई व लाडो प्रोत्साहन योजना के बारे में आमजन को अधिकाधिक जागरूक कर लाभान्वित करने व योजना अंतर्गत नियमित भुगतान करने, चिकित्सा संस्थानों पर साफसफाई रखने, परिवार कल्याण, मातृ व शिशु स्वास्थ्य, संस्थागत प्रसव, जननी सुरक्षा योजना, एम्बुलेंस सेवाओं, टीकाकरण सहित बिन्दुओं पर चर्चा की। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मनोज शर्मा ने योजनाओं की प्रगति की जानकारी दी। इस दौरान एसीएमएचओ डॉ अहसान गौरी, जिला क्षय रोग नियंत्रण अधिकारी डॉ वेदप्रकाश, उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ प्रवीण झुरिया, आरसीएचओ डॉ शशांक चौधरी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक आशीष खण्डेलवाल, संग्राम सिंह, बीसीएमओ डॉ मनीष तिवाड़ी, डॉ मनोज झाझड़िया, डॉ भुपेन्द्र मेघवाल, पीएमओ रतनगढ़ सुरेन्द्र कुमार, डीपीसी प्रेमशंकर शर्मा, जिला पीसीपीएनडीटी समन्वयक राजकुमार बैरवा सहित अन्य चिकित्सा अधिकारी व बीपीओ मौजूद रहे।

# जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित

संजय सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** होली व धूलंडी के पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने के उद्देश्य से जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक शुक्रवार को जिला कलेक्टर डॉ अरुण गर्ग की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों सहित शांति समिति के सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में जिला कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि नवलगढ़ में निकलने वाले गैर जुलूस को समय पर शुरू और संपन्न कराया जाए ताकि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो। उन्होंने कहा कि शांति एवं कानून व्यवस्था प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है इसलिए किसी भी अवांछनीय घटना को रोकने के लिए सभी तैयारियां पूरी की जाएं। जिला कलेक्टर ने जलदाय विभाग के अधिकारियों को होली व धूलंडी पर निर्बाध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही विद्युत विभाग को जुलूस के मार्ग में आ रहे ढीले तारों की मरम्मत करने के लिए कहा गया, जिससे किसी प्रकार की दुर्घटना न हो। जिला कलेक्टर ने नगर पालिका के अधिकारियों को गैर जुलूस मार्ग पर बैरिकेडिंग करने, निराश्रित गोवंश को गौशाला में भिजवाने, शहर के प्रमुख मार्गों की स्ट्रीट लाइट्स को दुरुस्त करने के निर्देश दिए ।



### असामाजिक तत्वों पर रहेगी पैनी नजर

पुलिस अधीक्षक बृजेश ज्योति उपाध्याय ने बैठक में कहा कि त्योहार को सामाजिक समरसता, आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ मनाया जाए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी समुदाय को परेशानी हो तो तुरंत प्रशासन को सूचित करें। उन्होंने कहा कि असामाजिक तत्वों और माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वालों पर पुलिस की कड़ी नजर रहेगी। संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस जाब्ता तैनात किया जाएगा तथा नवलगढ़ के गैर जुलूस की निगरानी सीसीटीवी व ड्रोन कैमरों से की जाएगी। उन्होंने कहा कि हुड़दंग, जबरन रंग डालने, शराब पीकर उत्पात मचाने, तेज रफ्तार वाहन चलाने तथा वालों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### ये रहे मौजूद

बैठक में जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी कैलाश चंद्र यादव, एडिशनल एसपी फूलचंद, झुंझुनू एसडीएम कौशल्या बिश्नोई, नवलगढ़ एसडीएम कुलदीप सिंह शेखावत, सीओ नवलगढ़ महावीर सिंह, सीओ सिटी गोपाल सिंह ढाका, नगर परिषद आयुक्त देवीलाल बोचल्या, झुंझुनूं तहसीलदार महेंद्र सिंह मूंड, नवलगढ़ तहसीलदार सीताराम कुमावत, पीडब्ल्यूडी के अधीक्षण अभियंता सतीश चंद्र गुप्ता, विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता एम के टीबड़ा, पीएचईडी अधीक्षण अभियंता राजपाल सिंह, सीएमएचओ डॉ छोटेलाल, पीएमओ डॉ जितेंद्र कुमार, नवलगढ़ अस्पताल प्रभारी डॉ अजीत सिंह, एपीआरओ विकास चाहर सहित पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी तथा शांति समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

# एक दिवसीय दिव्यांग गतिविधि महोत्सव आयोजित

निसं

**चूरू ( नवयत्न )।** युवा मामले एवं खेल विभाग के निर्देशानुसार जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा के निर्देशन में शुक्रवार विश्व सामाजिक न्याय दिवस को जिला खेल स्टेडियम में एक दिवसीय दिव्यांग गतिविधि महोत्सव एक दिवसीय समावेषी मनोरंजक गतिविधि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक नगेन्द्र सिंह राठौड़ ने बताया कि दिव्यांग व्यक्तियों को खेल और गतिविधियों के वातावरण से सहज और सकारात्मक रूप से परिचित कराने के उद्देश्य से गैर-प्रतिस्पर्धी, मनोरंजक और सहभागिता आधारित कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान पूर्व उप जिला प्रमुख महेन्द्र न्यौल, अभिषेक चोटिया, सुरेश सारस्वत, जिला खेल अधिकारी सीताराम प्रजापत, मधुर स्पेशल शिक्षण प्र?शिक्षण संस्था सचिव अंजू नेहरा ने दिव्यांग बच्चों के लिए राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार द्वारा दिव्यांग विद्यार्थियों को खेल के माध्यम से सकारात्मक वातावरण उपलब्ध करवाने के प्रयास को अभूतपूर्व बताया। उन्होंने बताया कि इस एक दिवसीय दिव्यांग गतिविधि महोत्सव में उपस्थित दिव्यांग विद्यार्थियों ने कैरम, चेस, लुडो, पजल्स, रिंग टॉस, बेडमिण्टन, चम्मच रेस, गिलास पिरामिड इत्यादि विविध खेलों में भाग लिया। गतिविधियां पूर्णतया दिव्यांग बच्चों के मनोरंजन एवं उन्हें सकारात्मक वातावरण उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से बिना रैंकिंग, बिना हार-जीत की थीम पर आयोजित की गई।

इस दौरान परिवीक्षा एवं कारागृह कल्याण अधिकारी दिनेश कुमार, निजी सहायक पंकज स्वामी, सहायक प्रशासनिक अधिकारी लाखन सिंह, वरिष्ठ सहायक मनीष जाखड़, सूचना सहायक नरेन्द्र झोरड़, छात्रावास अधीक्षक नरेश कुमार, कनिष्ठ सहायक पवन थालौड़ सहित दिव्यांग विद्यार्थी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। संचालन अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी रामिनवास भुंवाल ने किया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक सपना शर्मा के लिए उदय प्रिंटर्स 43-ए, माली कॉलोनी, चांदपोल के बाहर जयपुर में मुद्रित व प्लॉट नं. 88, तहसील के पीछे दांतारामगढ़, सीकर ( राज. ) से प्रकाशित संपादक सपना शर्मा
मो. 9783931239 मुख्य कार्यालय-जी-4, मान नगर, नगर परिषद के सामने, झुंझुनू, 01592-297190